आज का मौसम
33.0° अधिकतम तापमान
21.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.51
सूर्यास्त 06.36

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष दशमी 01:17 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2083

रविवार, 12 अप्रैल 2026, वर्ष 7, अंक 137, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये



■ भाजपा यूसीसी लागू करेगी, बंगाल में बंगालियों को अल्पसंख्यक नहीं बनने देगी : मोदी - 12



■ डीजल पर 55.5 और एटीएफ पर 42 रुपये प्रति लीटर निर्यात शुल्क - 12



■ भारत-अमेरिका परमाणु ऊर्जा और एलपीजी निर्यात में सहयोग बढ़ाएंगे - 13





■ आयुष शेट्टी बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप के फाइनल में - 14

## थारू समाज के मुकदमे होंगे वापस

# मिट्टी में मिलेगा माफिया : योगी

### मुख्यमंत्री ने लखीमपुर खीरी में दो बड़ी जनसभाओं में कई अहम घोषणाएं कीं

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखीमपुर खीरी में राजनीतिक विरोधियों पर तीखा हमला बोलते हुए बड़ा एलान किया कि थारू समाज के लोगों पर दर्ज सभी मुकदमे वापस लिए जाएंगे। योगी ने फिर चेताया कि माफिया बनने का प्रयास करने वाले मिट्टी में मिलने की तैयारी भी कर लें। सरकार किसी माफिया को पनपने, गरीबों का हक छीनने व नौजवानों की नौकरी पर डकैती नहीं डालने देगी।

मुख्यमंत्री ने शनिवार को चंदन चौकी (पलिया) में आयोजित कार्यक्रम में नदियों द्वारा भूमि क्षरण से प्रभावित पूर्वी उत्तर प्रदेश के 2350 परिवारों व थारू जनजाति के 4356 परिवारों को भौमिक अधिकार पट्टों का आवंटन और पलिया, श्रीनगर, निघासन व गोला गोकर्णनाथ विधानसभा क्षेत्रों की 817 करोड़ रुपये की 314 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने के बाद बोल रहे थे। मुख्यमंत्री योगी कहा कि हर जिले में माफिया पालने वाली पेशेवर अपराधियों की सरकार महाराणा प्रताप व महाराणा सांगा के वंशजों पर अत्याचार और झूठे मुकदमे दर्ज करती थी। संघर्ष करने वाले थारू समाज के जिन लोगों पर सपा सरकार ने मुकदमे दर्ज किए थे, हमारी सरकार उन सारे मुकदमों को वापस लेगी। अब कोई अत्याचार नहीं कर पाएगा, क्योंकि डबल इंजन सरकार साथ खड़ी है और आपके संघर्ष को सम्मान दे रही है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि पिछली सरकारों में माफिया पोषित व्यवस्था थी, जहां निर्दोषों को प्रताड़ित किया गया और परिवारवाद को बढ़ावा मिला।



पलिया के चंदनचौकी में परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करते सीएम योगी। साथ में मौजूद प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल, विधायक रोमी साहनी व अन्य।

#### गांव में एक भी मियां नहीं, फिर भी नाम मियांपुर अब रविंद्र नाथ ठाकुर के नाम से जाना जाएगा

सीएम योगी ने कहा कि पापी पाकिस्तान ने पहले भारत का विभाजन किया, फिर पाकिस्तान भी टुकड़े हुए। पाकिस्तान अभी और टुकड़ों में बंटने वाला है। पाकिस्तान के पाप की सजा वहां रह रहे हिंदू, सिख, बौद्ध, पारसी लोगों को मिली है। क्योंकि वहां किसी और जाति के लिए कोई जगह नहीं है। कहा कि कांग्रेस का पाप देखा। आपका अधिकार लिया और वोट लेते रहे। आपकी पहचान छिपाने के लिए गांव का नाम भी मियांपुर रख दिया। एक भी मियां, नाम मियांपुर। अब ये मियांपुर नाम नहीं रहेगा। गांव का नाम रविंद्र नगर होगा। गुरुदेव रविंद्र नाथ ठाकुर के नाम पर यह गांव जाना जाएगा।

#### मुख्यमंत्री ने कहा- लखीमपुर खीरी का वास्तविक नाम था लक्ष्मीपुर

सीएम ने कहा कि लखीमपुर खीरी का वास्तविक नाम लक्ष्मीपुर था। पिछली सरकारों ने हर जिले में माफिया-गुंडे पैदा किए, लेकिन नया उप्र दंगा, माफिया, कर्फ्यू मुक्त है। यहां की पहचान अब दुधवा नेशनल पार्क, पलिया एयरपोर्ट, चंदन चौकी, बाबा गोला गोकर्णनाथ, श्रीनगर में स्थापित मेडिकल कॉलेज से है। अब वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया नहीं, बल्कि वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज है। अब एक जिला, एक व्यंजन की भी ब्रांडिंग कर इसे वैश्विक मान्यता दिलाएंगे। यहां कुछ ऐसा करके दिखाइए कि यहां का व्यंजन पूरे देश में महके।

# वार्ता से शांति की तलाश

### इस्लामाबाद में दो घंटे तक चली पहले दौर की बैठक | ईरान ने कहा- लेबनान पर हमले तुरंत बंद किए जाएं

- दूसरे दौर की वार्ता आज, अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस ईरानी संसद के अध्यक्ष गालिबफ हैं मुख्य वार्ताकार
- लेबनान और इजराइल के बीच मंगलवार से प्रत्यक्ष वार्ता शुरू होगी : लेबनानी राष्ट्रपति

इस्लामाबाद, एजेंसी

इस्लामाबाद में ईरान-अमेरिका के बीच जारी संघर्षविराम वार्ता का पहला राउंड दो घंटे तक चला। इस दौरान ईरान ने लेबनान पर तुरंत इजराइली हमले रोकने की मांग की है। इस बैठक में एक्सपर्ट्स ने सुरक्षा, राजनीति, सेना, अर्थव्यवस्था और कानून से जुड़े मुद्दों पर बात की। अमेरिका की तरफ से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, जबकि ईरान की तरफ से संसद स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने नेतृत्व किया। दोनों देशों के बीच अब दूसरे दौर की वार्ता रविवार को होगी।

47 साल पहले यानी 1979 में ईरान की इस्लामिक क्रांति के बाद ये पहली बार था जब दोनों देश के नेताओं ने इतने बड़े स्तर पर आमने-सामने बातचीत की। इससे पहले ईरान ने कहा था कि अगर इस्लामाबाद में चल रही बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंची, तो सिर्फ इजराइल को दोष नहीं दिया जा सकता। इजराइल और अमेरिका के फैसले जुड़े हैं, इसलिए वार्ता फेल होने पर जिम्मेदारी अमेरिका पर भी होगी।

इस वार्ता का उद्देश्य पश्चिम एशिया में जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए एक स्थायी शांति समझौते पर पहुंचना है। इस युद्ध ने वैश्विक स्तर पर ऊर्जा आपूर्ति को पंगु बना दिया है और व्यापक पैमाने पर आर्थिक व्यवधान पैदा किए हैं। पाकिस्तान की मध्यस्थता में यह शांति वार्ता ईरान और अमेरिका द्वारा दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा किए जाने के चार दिन बाद हो रही है। हालांकि, लेबनान पर इजराइल के बड़े पैमाने पर हमलों में 300 से अधिक लोग मारे गये हैं। तेहरान ने दावा किया कि हमले ने युद्धविराम समझौते की शर्तों का उल्लंघन किया है, वहीं अमेरिका ने कहा कि लेबनान इस समझौते का हिस्सा नहीं था। शनिवार तड़के इस्लामाबाद पहुंचने के बाद गालिबफ ने कहा, हमारे मन में सद्भावना तो है, लेकिन अमेरिकियों पर हमें भरोसा नहीं है। अगर अमेरिकी पक्ष वास्तविक समझौते के लिए तैयार है, तो वह तेहरान की तत्परता देखेगा। ईरान ने वार्ता के लिए 10 सूत्री योजना रखी है। व्हाइट हाउस ने पुष्टि की है कि अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और अन्य अमेरिकी अधिकारियों ने इस्लामाबाद में ईरान के डेलिगेशन से आमने-सामने मुलाकात की है। वहीं, लेबनानी राष्ट्रपति जोसेफ औन ने कहा है कि उनके देश की इजराइल के साथ प्रत्यक्ष वार्ता मंगलवार से शुरू होगी।





**इस्लामाबाद :** शांति वार्ता के दौरान प्रधानमंत्री शहबाज ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बगेर गालिबफ से बात करते हुए। **दांए :** पाकिस्तान पहुंचे अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस।

#### अमेरिका ने होर्मुज को खोलना शुरू किया : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि ईरान की सेना तबाह हो चुकी है और अमेरिका होर्मुज को खोलना शुरू कर रहा है। हम अब चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, फ्रांस, जर्मनी और कई अन्य देशों समेत दुनियाभर के देशों के हित में होर्मुज को खोलने की प्रक्रिया शुरू कर रहे हैं। हैरानी की बात है कि उनमें यह काम खुद करने का साहस नहीं है।





इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, दिल्ली की धरती पर उतरी अयोध्या व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

### ब्रीफ न्यूज

#### अब डिजिटल माध्यम से ही होगा टोल संग्रह

**नई दिल्ली।** देशभर के राष्ट्रीय राजमार्ग टोल प्लाजा पर शनिवार से सभी शुल्क भुगतान विशेष रूप से फास्टैग या यूपीआई जैसे डिजिटल माध्यमों से ही लिए जा रहे हैं। यह कदम टोल संग्रह में दक्षता और पारदर्शिता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बयान में कहा गया कि तमिलनाडु, केरल, असम और पश्चिम बंगाल के साथ ही केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में यह बदलाव अभी लागू नहीं किया गया है।

## चलती कार बनी आग का गोला, कम्युनिटी हेल्थ अफसर की पत्नी जिंदा जलीं

संवाददाता, उसहैत (बदायूं)

**अमृत विचार :** चलती कार अचानक आग का गोला बनने से उसमें सवार कम्युनिटी हेल्थ अफसर की पत्नी जिंदा जल गईं जबकि वह भी गंभीर रूप से झुलस गए। महिला का तीन दिन पहले लखीमपुर में पित्ताशय में पथरी का ऑपरेशन हुआ था। पत्नी को अस्पताल से छुट्टी कराकर वह दोनों कार से घर लौट रहे थे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पति को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं।

थाना उसहैत क्षेत्र के वार्ड छह निवासी अर्पित भारद्वाज विकास क्षेत्र कादरचौक में कम्युनिटी हेल्थ अफसर हैं। तीन दिन पहले उनकी पत्नी प्रिया (25) का जिला लखीमपुर के पलिया स्थित अस्पताल में पित्ताशय की थैली में पथरी का ऑपरेशन हुआ था। वह दोनों शुक्रवार को कार से वापस घर लौट रहे थे। ऑपरेशन की वजह से प्रिया बैठ नहीं पा रहीं थी तो वह कार की पीछे की सीट पर लेट गईं। अर्पित कार चला रहे थे। रात दो बजे उसहैत क्षेत्र के गांव रौता के पास चलती कार के इंजन में आग लग गई। इसी दौरान कार के दरवाजे लॉक हो गए। अर्पित तो किसी तरह कार से बाहर आ गए, लेकिन प्रिया नहीं निकल पाईं। अर्पित ने उन्हें बाहर निकालने का प्रयास किया लेकिन आग की वजह से असफल रहे। प्रिया की जिंदा जलकर मौत हो गई। सूचना पर थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह और ग्रामीण पहुंचे। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक प्रिया पूरी तरह से जल चुकी थीं। अर्पित गंभीर रूप से झुलसे थे। थाना प्रभारी ने बताया कि जांच में शॉर्ट सर्किट या अन्य खराबी से हादसा होने की आशंका है।।



- लखीमपुर से लौटते समय उसहैत क्षेत्र के गांव रौते में कार में लगी आग से पति भी झुलसा

#### संघर्ष विराम के बीच जग विक्रम ने पार किया होर्मुज

**नई दिल्ली।** अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह के अस्थायी संघर्ष विराम के बाद 'जग विक्रम' नामक भारतीय ध्वज वाले एलपीजी जहाज ने होर्मुज पार कर लिया है। अस्थायी संघर्ष विराम की घोषणा के बाद इस मार्ग से गुजरने वाला यह पहला भारतीय जहाज है। जहाज शुक्रवार रात से शनिवार सुबह के बीच इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग से गुजरा और शनिवार दोपहर को पूर्व की ओर बढ़ते हुए, जलडमरूमध्य के पूर्व में ओमान की खाड़ी में स्थित था।

#### मिर्जापुर में अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या

**मिर्जापुर।** मिर्जापुर के कटरा क्षेत्र शनिवार को मॉर्निंग वॉक पर निकले एक अधिवक्ता की बाइक सवार बदमाश ने दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। हत्या का कारण चुनावी रंजिश बताया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अर्पणा कौशिक ने बताया कि विंध्याचल थाना क्षेत्र के देवरी गांव निवासी राजीव उर्फ रिंकू सिंह ग्राम प्रधान पति थे। उनकी पत्नी वर्तमान में ग्राम प्रधान हैं। शनिवार सुबह सात बजे दो हमलावरों ने रिंकू सिंह को नजदीक से गोली मार दी।

**आर्टेमिस-2' मिशन** | 50 वर्षों बाद चंद्रमा तक पहली मानव उड़ान, अब चांद पर उतरने की तैयारी में नासा

## चंद्रमा का चक्कर लगाकर लौटे चार एस्ट्रोनॉट


वाशिंगटन, एजेंसी

तालियों की गड़गड़ाहट और उत्साह के बीच नासा के 'आर्टेमिस-2' मिशन के चार अंतरिक्ष यात्री ऐतिहासिक चंद्र यात्रा पूरी करने के बाद प्रशांत महासागर में सुरक्षित उतर गए। यह 50 वर्षों से अधिक समय बाद चंद्रमा तक पहली मानव उड़ान है।

नासा के भारतीय मूल के सहायक प्रशासक अमित क्षत्रिय ने सैन डिएगो तट के पास शुक्रवार को (पूर्वी समयानुसार 8:07 बजे) पृथ्वी पर वापसी के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, चंद्रमा तक जाने का रास्ता खुल गया है, लेकिन आगे का काम पीछे किए गए काम से कहीं अधिक बड़ा है। इस मिशन में शामिल कमांडर रीड वाइसमैन, पायलट विक्टर ग्लोवर, क्रिस्टीना कोच और कनाडा के जेरेमी हैनसेन ने दिसंबर 1972 में हुए अपोलो 17 मिशन के बाद पहली बार चंद्रमा की यात्रा की। उड़ान निदेशक रिक हेनफ्लिंग ने कहा कि आर्टेमिस-2 के अंतरिक्ष यात्री खुश और स्वस्थ हैं तथा ह्यूस्टन लौटने के लिए तैयार हैं। आर्टेमिस-2 पहला मानवयुक्त मिशन था जिसमें नासा के अंतरिक्ष प्रक्षेपण प्रणाली रॉकेट और ओरियन क्रू मॉड्यूल का उपयोग किया गया, जिससे यह साबित हुआ कि एजेंसी का उपकरण यात्रियों को पृथ्वी की कक्षा से बाहर भेजकर सुरक्षित वापस ला सकता है।

(संबंधित देश दुनिया पर)





अंतरिक्ष यात्री विक्टर ग्लोवर और क्रिस्टीना कोच सैन डिएगो एवं नासा का ओरियन अंतरिक्ष यान।

#### सूर्यग्रहण का अवलोकन

यह चारों अंतरिक्ष यात्रियों के लिए शानदार यात्रा रही, जिसमें चंद्रमा के उस हिस्से को भी देखा गया जिसे पहले कभी मानव ने नहीं देखा था। इसके साथ ही पूर्ण सूर्यग्रहण का भी अवलोकन किया गया। प्रशांत महासागर में उतरने के बाद ओरियन कैप्सूल खुलते ही टीम ने राहत की सांस ली। जैसे ही कैप्सूल खुला, उनकी टीम ने राहत की सांस ली।



## न्यूज ब्रीफ

### परामर्श केंद्र में एक दंपती का समझौता

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पुलिस लाइन में परिवार परामर्श केंद्र में 20 पत्रावलियों पर सुनवाई की गई। दंपती को सकुशल विदा किया गया। सदर बाजार क्षेत्र के एक दंपती का विवाह करीब ढाई साल पूर्व हुआ था। पारिवारिक विवाद होने से महिला एक माह से मायके में रह रही थी। आरोप था कि पति शराब पीकर गाली-गलौज व छोटी-छोटी बातों में मारपीट करते है। दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया, जहां उनकी वार्ता करा समझाया गया। दोनों पक्ष एक साथ रहने को तैयार हो गए। इस मौके पर प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी मधु यादव, महिला मुख्य आरक्षी चंद्रकांता, सिपाही मोनिका कुमारी, बबीता, साकेत कुमार आदि मौजूद रहे।

### साइबर हेल्प डेस्क ने वापस कराए 10 हजार रुपये

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि मोहल्ला मोहम्मद जई निवासी जसविंदर सिंह ने 19 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि स्टॉक मार्केट में निवेश करने के नाम पर एक व्यक्ति ने 10 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए गए थे। साइबर हेल्पडेस्क टीम ने डिटेल प्राप्त करके गहनता से जांच की। शिकायत कर्ता के रुपये वापस कराए।

### उपचुनाव के लिए 6 नामांकन पत्रों की बिक्री

**तिलहर, अमृत विचार :** मीरानपुर कटरा नगर पंचायत में होने वाले उपचुनाव के लिए प्रत्याशियों ने दावेदारी के तहत नामांकन पत्र खरीदना शुरू कर दिया है। शनिवार को संभावित प्रत्याशियों की ओर से 6 नामांकन पत्र खरीदे गए। इससे पहले शुक्रवार को 4 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई थी। आरओ उपजिलाधिकारी न्यायिक जीत सिंह राय ने जानकारी देते हुए बताया कि गतिविधियां तेज हो गई हैं।

### बहन के विवाद में समझाने गए युवक पर हमला

**तिलहर, अमृत विचार :** मोहल्ला मौजमपुर निवासी जुनैद की पत्नी नाजमा की ओर से नौ अप्रैल को दर्ज मुकदमे में बताया गया कि उसका भाई मकदूम पुत्र महमूद 26 मार्च की सुबह करीब सात बजे उसकी ससुराल में घरेलू विवाद के चलते समझाने आया था। आरोप है कि इसी दौरान पति जुनैद और उसके भाई जहांगीर ने मकदूम पर बांका से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने आरोपी जुनैद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# जल्द पूरा करवाएं स्वचालित सीढ़ियों और फुट ओवरब्रिज कार्य

## डीआरएम ने रेलवे स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्यों की धीमी गति पर जताया रोष

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


स्टेशन पर निर्माण कार्यों का निरीक्षण करतीं डीआरएम विनीता श्रीवास्तव।

**अमृत विचार :** मुरादाबाद मंडल के डीआरएम विनीता श्रीवास्तव ने रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत योजना के तहत हो रहे कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वचालित सीढ़ियों और फुट ओवरब्रिज का कार्य शीघ्र पूरा किया जाए।

मुरादाबाद मंडल की डीआरएम विनीता श्रीवास्तव शनिवार की शाम साढ़े पांच बजे अधिकारियों की टीम के साथ निरीक्षण यान से पहुंचीं। उन्होंने अमृत भारत योजना के तहत हो रहे निर्माण कार्य स्वचालित सीढ़ियां, फुट ओवरब्रिज, सर्कुलेटिंग एरिया का सौंदर्यीकरण, प्लेटफार्म एक पर हो रहे निर्माण कार्य को देखा। उन्होंने निर्माण कार्य में धीमी गति पर रोष जताते हुए कहा कि कार्य में तेजी लाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि स्वचालित सीढ़ियां तथा फुट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य पूरा किया जाए। सर्कुलेटिंग एरिया के कार्य में तेजी लाकर पूर्वोत्तर रेलवे स्टेशन तक रोड को जोड़ा जाए। कहा कि निर्माणाधीन पार्सल घर और शौचालय का कार्य शीघ्र पूरा कराया जाए। पार्सल घर को शीघ्र शिफ्ट किया जाए। पुराना डाकघर और पुराना जीआरपी भवन को तोड़े जाने पर यहां पर हो जो कार्य होना है उसे कराएं।

- **गुणवत्तापरक सामग्री लगाने और सर्कुलेटिंग कार्य में तेजी लाने के निर्देश**

निरीक्षण के दौरान डीआरएम बोलीं गुणवत्ता के आधार पर कार्य होना चाहिए। लापरवाही बरतने वाले अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाए। स्टेशन पर सफाई व्यवस्था देखी। निरीक्षण के बाद डीआरएम मुरादाबाद चली गईं। निरीक्षण के समय मंडल के अधिकारी के अलावा स्थानीय अधिकारी मौजूद थे।

### सेकेंड इंट्री के सामने अतिक्रमण

डीआरएम विनीता श्रीवास्तव मालगोदाम रोड पर सेकेंड इंट्री की तरफ पहुंचीं तो उन्हें अतिक्रमण मिला, जिसे हटाने के निर्देश दिए और रोड को चौड़ा करने को कहा। जिन लोगों ने रेलवे की जमीन पर दुकानें आगे बढ़ा ली है, उसे शीघ्र हटाया जाए। बोलीं, दोबारा अतिक्रमण मिला तो कार्रवाई की जाएगी।

### जीएम कर सकते है निरीक्षण

रेलवे के जीएम राकेश कुमार पांडेय सोमवार को रेलवे स्टेशन, मालगोदाम रोड और रेलवे कॉलोनी का निरीक्षण कर सकते है। जीएम अमृत भारत योजना के तहत हो रहे कार्यों को देखेंगे। इसी को लेकर डीआरएम पहुंची थी। जीएम के निरीक्षण को लेकर तैयारी चल रही है।

## मुफ्त स्वास्थ्य शिविर में 250 मरीजों की जांच 100 को चश्मे वितरित

**तिलहर, अमृत विचार:** संकल्प जन सेवा संस्था की ओर से महर्षि दयानंद शिक्षा सदन में शनिवार को निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया, जिसका आरंभ विधायक सलोना कुशवाहा ने किया। शिविर में आंख, हृदय सहित अन्य स्वास्थ्य जांच की गई और बड़ी संख्या में लोगों ने लाभ उठाया।

डॉ. आलोक अग्रवाल ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि शारीरिक के साथ मानसिक स्वास्थ्य भी जरूरी है। शिविर में 250 मरीजों की जांच की गई, जिनमें से 100 मरीजों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। विधायक सलोना कुशवाहा ने संस्था के प्रयास की सराहना की। इस दौरान अध्यक्ष प्रीति गुप्ता, कोषाध्यक्ष ऋचा गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि, दासी राम, ज्योति गुप्ता, लोकेश आर्य, अर्चना गुप्ता, रीता रानी गुप्ता, जयप्रकाश गुप्ता, माया देवी, लक्ष्मी कश्यप सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# अकीदत से मनाया पंज पीरान का सालाना उर्स


हजरत पंज पीरान की मजार पर चादरपोशी करते अकीदतमंद। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **कुल शरीफ में की गई देश की खुशहाली की दुआ, जायरीनों ने की मजार पर चादरपोशी**

**अमृत विचार:** हजरत पंज पीरान-ए-उज्जाम अलैह रहमत-ओ-रिज़वान का तीन दिवसीय सालाना उर्स शनिवार को खुशहाली व तरक्की की दुआ के साथ संपन्न हो गया।

मोहल्ला गदियाना जलाल नगर स्थित दरगाह पर सुबह 10 बजे कुल शरीफ का आगाज तिलावत-ए-कुरआन से हुआ। मौलाना यूनुस रजा खां ने कहा कि अल्लाह तआला ने अपने नेक, स्वालेह और इबादत गुजार बंदों को विलायत के मर्तबे पर फायज किया। अल्लाह के वलियों की बारगाह में अदब-ओ-एहतराम से हाजिरी देना चाहिए। उन्होंने नमाज की पाबंदी करने पर भी जोर दिया। इस दौरान हाफिज सुलेमान रज़ा, हाफिज मोहम्मद जीशान रजा, मौलाना अनीस रज़ा, शान अजहरी ने नात व मनकबत पेश की। इसके बाद कुरआन की आयात पढ़कर साहिबे उर्स को ईसाले सवाब करते हुए मौलाना यूनुस रजा खां ने कौम व मिल्लत की तरक्की की दुआ की। महफिल ए समा में कव्वाल सलीम मुरली कव्वाल ने सूफियाना कलाम सुनाकर जायरीन को झूमने पर मजबूर कर दिया। जायरीन ने मजार पर चादरपोशी व गुलपोशी कर लोगों में लंगर बांटा गया। इस मौके पर हाफिज अनीस अहमद, हाजी वसीम खां, साजिद खां, इम्तियाज, कमाल खां, सूफी जक्कू मियां, वसीम निजामी, आमिर शाह वारसी, मोहम्मद नईम, सज्जाद खां, आमिर आदि समेत बड़ी संख्या में जायरीन मौजूद रहे।

# प्राइवेट स्कूलों की मनमानी को लेकर संघ का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **खिरनीबाग चौराहे पर पुतला दहन, सख्त कार्रवाई की मांग**
- **मनमानी फीस और किताबों की खरीद में शोषण का आरोप**

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय गो रक्षक संघ ने शहर में प्राइवेट स्कूलों की मनमानी के विरोध में खिरनीबाग चौराहे पर प्रदर्शन कर पुतला दहन किया। संगठन के पदाधिकारियों ने प्राइवेट स्कूल संचालकों पर अभिभावकों के शोषण का आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। उनका कहना है कि मनमानी फीस वसूली के साथ अभिभावकों को तय दुकानों से ही किताबें और कोर्स खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है, जिससे आम और गरीब परिवार प्रभावित हो रहे हैं।

पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि कम कीमत वाली किताबों को कई गुना ज्यादा कीमत पर बेचा जा रहा है और इसमें किताब छापने वाले भी शामिल हैं, जो मनमानी दर तय करते हैं। संगठन का कहना है कि इस मामले में संबंधित अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिससे यह गड़बड़ी लगातार बढ़ रही है।

संघ ने मांग की कि मनमानी करने वाले स्कूलों और किताब बेचने वालों के खिलाफ तत्काल रिपोर्ट दर्ज कर जांच कराई जाए। पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि प्राइवेट स्कूल, पुस्तक छापने और बेचने वाले मिलकर सांठगांठ कर रहे हैं और कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। विरोध करने पर मारपीट तक की स्थिति बन जाती है। संगठन ने ऐसे मामलों में शामिल सभी लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर रासुका और गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करने की मांग दोहराई।

## कार से दबाकर हत्या का प्रयास घायल रेफर

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** रोजा क्षेत्र के मोहल्ला लोदीपुर निवासी पुष्पा देवी ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि उसके देवर राजाराम रेस्टोरेंट के पास बनी दुकानों के आस-पास रहते और चौकीदारी करते है। अविवाहित होने के कारण घर पर कम रहते है। गुरुवार की दोपहर 11 बजे जानकारी हुई कि राजाराम का शराब की दुकान के सामने लघुशंका करने पर विवाद हो गया था। शराब दुकान मालिक के भतीजे अंश जायसवाल ने जानबूझकर राजाराम पर कार चढ़ाने का प्रयास किया जिससे वह घायल हो गए। आरोपी कार लेकर भाग गया। डॉक्टर ने राजाराम को लखनऊ रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी अंश जायसवाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# कोई भी चिकित्सा पैथी 'सिम्पैथी' बिना अधूरी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


डॉ. रवि मोहन को सम्मानित करते डॉ. विजय जौहरी।


हैनीमैन जयंती समारोह में उपस्थित डॉक्टर। ● अमृत विचार

- **विश्व होम्योपैथिक दिवस के रूप में मनाई गई डॉ. सैमुअल हैनीमैन की जयंती**
- **प्रख्यात होम्योपैथ डॉ. रवि मोहन को रेडक्रॉस सोसायटी ने किया सम्मानित**

**अमृत विचार :** बिसरात रोड स्थित प्रताप एन्क्लेव के एक होटल में शुक्रवार देर रात होम्योपैथिक के जनक डॉ. सैमुअल हैनीमैन की जयंती विश्व होम्योपैथिक दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम का आरंभ हैनीमैन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस दौरान उनका जीवन परिचय देते हुए डॉक्टरों ने विचार प्रकट किए।

होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के सम्मान में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव डॉ. विजय जौहरी ने जनपद में मानवता के साथ समर्पण सेवा एवं सहयोग के साथ चिकित्साभ्यास कर रहे होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. रवि मोहन को रेडक्रॉस का मेडल पहना व राम नामी पटका पहनाकर प्रतीक चिन्ह देते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। डॉ. विजय जौहरी ने कहा कि डॉ. रवि मोहन को विश्व होम्योपैथिक दिवस पर उनकी उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा, समर्पण एवं समाज के प्रति योगदान के लिए इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी की ओर से सम्मानित किया गया है। इन्होंने अपने ज्ञान, सेवा भावना और निष्ठा के माध्यम से समाज में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने एवं रोगियों की सेवा में अतुलनीय योगदान दिया है, जो अत्यंत सराहनीय एवं प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि बाबा विनोबा भावे के अनुसार कोई भी चिकित्सा पैथी सिम्पैथी के बिना अधूरी है।

पूर्व में डॉ. बीएन रस्तोगी ने सभी डॉक्टरों का स्वागत किया। संचालन डॉ. मणिका चौधरी व डॉ. गौरव कौशल ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में डॉ. एसपी कौशल, डॉ. बीएन रस्तोगी, डॉ. संगीता मोहन, डॉ. गौरव कौशल, डॉ. आंचल, डॉ. शम्मी सचदेवा, डॉ. हरीश सचदेवा, डॉ. राखी चटर्जी, डॉ. शुभ्रा श्रीवास्तव, डॉ. रमित कौर, डॉ. अनूप श्रीवास्तव, डॉ. मनीषा, डॉ. गुरूप्रीत, डॉ. मालू थिंड बंडा, डॉ. शिवम रस्तोगी, डॉ. संध्या सक्सेना, डॉ. एसी वर्मा, डॉ. महेन्द्र अग्रवाल, डॉ. महेन्द्र शुक्ला, डॉ. एसके मिश्रा, डॉ. प्रणव चौधरी आदि उपस्थित रहे। अंत में डॉ.संगीता मोहन ने सभी का आभार प्रकट किया।

# समाज सुधारक थे ज्योतिबा राव फुले

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


गोष्ठी को संबोधित करते मुख्य अतिथि जीएसटी उपायुक्त प्रवेश तोमर।

- **पंचशील सोशल वेलफेयर सोसाइटी की ओर से द अशोका लाइब्रेरी में जयंती दिवस पर गोष्ठी आयोजित**

**अमृत विचार :** पंचशील सोशल वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में अशोक विहार कॉलोनी स्थित द अशोका लाइब्रेरी में सत्यशोधक समाज के संस्थापक महात्मा ज्योतिबा राव फुले की 199 वीं जयंती पर गोष्ठी आयोजित की गई। जिसका आरंभ चित्र पर पुष्पांजलि के साथ हुआ।

मुख्य अतिथि जीएसटी उपायुक्त प्रवेश तोमर ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा राव फुले क्रांतिकारी समाज सुधारक थे। उनका संपूर्ण जीवन समाज के लिए समर्पित रहा। विशिष्ट अतिथि गन्ना किसान संस्थान के सहायक निदेशक प्रवीण कुमार कपिल ने कहा कि वह किसानों के अधिकारों के लिए संघर्ष करते रहे।

मुख्य वक्ता जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह ने कहा कि फुले की प्रसिद्ध पुस्तक गुलामगिरी है, जो समाज की तत्कालीन परिस्थितियों को दर्शाते हुए समाज सुधार का मार्ग प्रशस्त करती है।

राजकीय पॉलिटेक्निक के प्राचार्य राजन सिंह ने कहा कि बाबा साहेब ने उनके विचारों को आगे बढ़ाया।

गोष्ठी में लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास करने वाले सौरभ दीप को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। लाइब्रेरी के प्रबंध संचालक प्रियांशु उपासक, ज्वाला प्रसाद, बुधपाल सिंह, अनिल कुमार, शिक्षक मातादीन वर्मा, राजीव कुमार वर्मा, अखिलेश गौरव, मुंशी लाल गौतम, नरेश चंद्र वर्मा, सोनपाल सिंह, चंद्रकांत भारती, विनोद सम्राट, दिव्यांशु उपासक आदि मौजूद रहे।

अध्यक्षता राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसौना खलीलपुर के प्रधानाचार्य अनिल कुमार व संचालन पंचशील सोशल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष राम सिंह ने किया।

# मदरसे के मेधावी पुरस्कृत



मेधावी छात्रों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** मदरसा इस्लामिया रहमत-ए-आलम जमुनिया में शनिवार को वार्षिक परीक्षाफल व पुरस्कार वितरित किए गए। मुख्य अतिथि इमाम आमीन खां व पूर्व प्रधान मोहम्मद उमर खां ने मेधावी छात्र-छात्राओं को परीक्षाफल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में खतीजा, नूर आयशा, यासमीन, उमान, सुफियान, तबरेज, सुबहान, फरहान खान, मेहविश, मोहम्मद कैस, अदनान आदि को प्रथम आने पर पुरस्कार दिए गए। प्रिंसिपल रहमत जहां, नेहा खानम, फरहान, शन्नो बेगम, शहनाज बानो, नाजिर अली, अजीज खान, इंजमामुल खान, खालिद खान, वकील खान, शकील खान आदि ने बच्चों की हौसला अफजाई की। मदरसा संचालक मोहम्मद रिजवान ने आभार व्यक्त किया।

# निपुण लक्ष्य पर जोर, 40 शिक्षक सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


शिक्षकों को सम्मानित करते बीईओ सुरेंद्र कुमार मौर्य व ग्राम प्रधान महेश चंद्र।

- **ददरौल के प्राथमिक विद्यालय शहबाजनगर में शिक्षा चौपाल का आयोजन**

**अमृत विचार :** विकासखंड ददरौल के अंतर्गत न्याय पंचायत घुसगवां स्थित प्राथमिक विद्यालय शहबाजनगर में शनिवार को शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र कुमार मौर्य ने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और निपुण लक्ष्य को प्राप्त करने पर विशेष जोर दिया।

मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान महेश चंद्र गौतम रहे। विशिष्ट अतिथि एआरपी ओपी राजपूत, पृथ्वी राज, सेवानिवृत्त वरिष्ठ शिक्षक सफी उर रहमान, नरेश चंद्र वर्मा, प्राथमिक शिक्षक संघ के कोषाध्यक्ष रविन्द्र प्रजापति तथा डॉ. आदर्श श्रीवास्तव ने शिक्षा चौपाल कार्यक्रम की सराहना की।

प्रधानाध्यापिका रुक्शी, नोडल शिक्षक संकुल रामनरेश प्रजापति, डॉ. अंबिका श्रीवास्तव, सोनी गुप्ता एवं गौरव सक्सेना सहित अन्य शिक्षकों ने अभिभावकों को योजनाओं की जानकारी दी।

शिक्षा चौपाल में अभिभावकों को शासन द्वारा प्राप्त धनराशि का सदुपयोग व नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही बच्चों को स्कूल भेजने की अपील की। न्याय पंचायत क्षेत्र के 40 उत्कृष्ट शिक्षकों को उनके सराहनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। संचालन अनंत शंकर बाजपेयी ने किया। अंत में प्रधान महेश चंद्र को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। प्रधानाध्यापिका ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन निपुण शपथ, शिक्षकों एवं अभिभावकों के बीच सकारात्मक संवाद के साथ हुआ।

## आकर्षित वर्मा बने अंडर 19 टीम के कप्तान


आकर्षित वर्मा।

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** 21 और 22 मार्च को कृभको फर्टिलाइजर मैदान पर शाहजहांपुर क्रिकेट एसोसिएशन के बैनर तले आयोजित अंडर 19 ट्रायल मैच टीम की घोषणा कर दी गई है।

टीम में आकर्षित कांत वर्मा कप्तान, नीतीश कुशवाहा, देवेश कुशवाहा, सामित दास, अभिषेक सिंह, दीपांशु यादव, सानिध्य, आदित्य राजपूत, अर्पित वर्मा, रंजीत सिंह, नितिन मौर्य, शांतनु सिंह, वंश मिश्रा, उत्कर्ष शर्मा, सत्यार्थ पटेल, अनमोल कटियार, अनुभव गुप्ता आदि खिलाड़ी शामिल हैं। जिला कोआर्डिनेटर डॉ मनोज यादव ने बताया कि कमलकांत कनौजिया की देखरेख में टीम बनाई गई। 20 अप्रैल से बरेली में मंडल के मैच खेले जाएंगे। रंजीत सिंह अनफिट होते तो उनकी जगह रोहित को मौका मिलेगा।

## क्रिकेटः नाइस और केवी क्लब के बीच मैच आज

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** सेल एग्री कमोडिटीज लिमिटेड इनायतपुर की नाइस क्रिकेट क्लब टीम और पुवायां की केवी क्लब किक्रेट टीम के मध्य तीन टी-20 के मैच शुरू होने जा रहे है।जो प्रत्येक रविवार को खेले जाएंगे।

मुख्य अतिथि विनोद कुमार धीर होंगे। खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा। नाइस से उमेश आंवला, प्रसून मिश्रा, नरोत्तम मांझी, विजय सरोहा, पवन प्रकाश, जोगिन्दर शर्मा, लवदीप, सचिन, पवन पांडे, श्याम मिश्रा, इन्द्रपाल सिंह, विपिन सक्सेना, सेंकी बंसल आदि खिलाड़ी होंगे। केवी से अंग्रेज सिंह, जुग्गन ठाकुर, दीपक शुक्ला, वरुण मिश्रा, मनु, ईशु, हर्षित, विपिन पंडित, रवीन्द्र मलिक, उदय सिंह, विवेक सिंह, पवन, गौरव, अमन, विष्णु खेलेंगे। जानकारी आयोजन समिति के पदाधिकारी ने दी है।

# सपाइयों ने मनाई महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- **पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर की व्यक्तित्व पर चर्चा**

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रख्यात समाज सुधारक लेखक महात्मा ज्योतिराव गोविंदराव फुले की 199 वीं जयंती यहां बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय मनाई गई। इस दौरान महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर उनका भावपूर्ण स्मरण किया।

जयंती पर गोष्ठी को संबोधित करते हुए सपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व अध्यक्ष तनवीर खां ने महात्मा ज्योतिराव गोविंदराव फुले के व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुए उन्हें महान समाज सुधारक बताया। कहा कि उन्होंने महिला शिक्षा, जाति-विरोधी संघर्ष और सामाजिक समानता के लिए अपना जीवन समर्पित किया। 11 अप्रैल 1827 को पुणे में जन्मे, फुले ने 1848 में अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले के साथ मिलकर लड़कियों के लिए पहला स्कूल खोला था। महात्मा ज्योतिबा ने बाल विवाह का विरोध, विधवा विवाह का समर्थन, और छुआछूत के खिलाफ लड़ाई लड़ी।

इस मौके पर पूर्व विधायक राजेश यादव, पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा, पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह, अतिउल्ला सिद्दीकी, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप, महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, सूरजपाल सिंह यादव, विकास चंद्र एडवोकेट, दोदराम वर्मा, अजफर अली खां, अवधेश कुमार पाल, हफ़ीज़ अंसारी, संतोष कुमार पाल, पार्थ यादव, सरताज खान, नाजिम फारुकी, प्रसून कुमार, सपा महिला सभा की जिला अध्यक्ष किरन कठेरिया, सपा सैनिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष तेजपाल फौजी, पार्वती सैनी, कविता कठेरिया,आयुष यादव, विनीत यादव, असलम खान, बिलाल खान, देवेंद्र कुमार मिश्रा, गुफरान खान आदि रहे।

# हादसे को दावत दे रहा गड्ढा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


जीएफ कॉलेज के सामने सड़क पर गड्ढा।

- **खिरनीबाग और लाल इमली चौराहा से सुभाष नगर तिराहे तक सड़क जर्जर**

**अमृत विचारः** खिरनीबाग में जीएफ कॉलेज हास्टल के निकट सड़क पर गड्ढा मौत की दावत दे रहा है। आए दिन लोग बाइक गड्ढे पर पड़ने से गिरकर चोटिल हो जाते है। इसी प्रकार लाल इमली चौराहा से सुभाष नगर तिराहे तक सड़क जर्जर हालत में है, लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है।

शहर में खिरनीबाग में जीएफ कालेज हास्टल से कुछ दूरी पर सड़क की पटरी एक बारिश के दौरान सड़क धस जाने से दो फुट गड्ढा हो गया है। रात में सड़क पर अंधेरा होने के कारण गड्ढा न दिखने पर बाइक और साइकिल गड्ढे में पड़ जाने से लोग गिरकर चोटिल हो जाते है। यह गड्ढा एक सप्ताह से है। जबकि नगर निगम के अधिकारी इस मार्ग से निकलते है और गड्ढे को देखकर अनदेखी कर देते है। इसी प्रकार लाल इमली चौराहे से सुभाष नगर तिराहे पर जगह-जगह गड्ढे है, लोगों को वाहन निकालने में काफी दिक्कत होती है। गड्ढे को बचाने के चक्कर में वाहन आपस में टकरा जाते है। कई बार सड़क की मरम्मत की मांग की गई। सहायक नगर आयुक्त ने कहा कि गड्ढे को सही करवा दिया जाएगा।

## सिटी ब्रीफ

### चोरी की बाइक समेत युवक गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मदनापुर पुलिस ने एक वाहन चोर को चोरी की बाइक समेत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अभियुक्त का चालान कर दिया। मदनापुर क्षेत्र के गांव हैबतपुर निवासी अजय पाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया था कि रजपुरा बाजार से बाइक चोरी हो गई थी। शनिवार को पुलिस ने बरखेड़ा जयपाल मार्ग पर चोर दिवाकर वर्मा निवासी अंबेडकर नगर थाना निगोही को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त पर पहले से दो मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया।

### गले से मंगलसूत्र तोड़ने में प्राथमिकी दर्ज

**मीरानपुर कटरा, अमृत विचार :** शाहजहांपुर के थाना सदर बाजार निवासी हर्ष आहूजा ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि बीती रविवार को शाम लगभग 7 बजे वह शाहजहांपुर से बरेली स्कूटी से पत्नी काजल के साथ जा रहा था। मीरानपुर कटरा ओवरब्रिज कट पर पहुंचे, तभी एक अज्ञात व्यक्ति( जिसने सफेद और ग्रे कलर की पट्टी वाली टी शर्ट पहनी हुई थी) पल्सर बाइक से आया और काजल के गले से सोने का मंगलसूत्र तोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने तहरीर मिलने पर मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### चार एकड़ फसल जली

**निगोही, अमृत विचार :** शनिवार की दोपहर तीन बजे अंड खेड़ा गांव के सेवाराम और राजीव सिंह के खेत में आग लग गई। जिससे आग से चार एकड़ गेहूं जल गया था। पीड़ित किसानों ने जिला प्रशासन ने मुआवजे की मांग की है

### युवक से बाइक बरामद

**तिलहर, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नेशनल हाईवे स्थित नगरिया मोड़ के पास घेराबंदी कर चोरी की बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल ने बताया कि शनिवार को एसआई जगेंद्र प्रताप सिंह हेड कांस्टेबल विजय प्रताप सिंह के साथ चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार बाइक सवार पुलिस को देखकर पीछे मुड़कर भागने लगा ।जिसे विजय प्रताप सिंह और सुमित सैनी ने दौड़कर पकड़ लिया। जांच में युवक के पास से चोरी की बाइक बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## हाईटेंशन लाइन की चिंगारी से दो एकड़ नरई जली

संवाददाता, बंडा/खुटार

- तेज हवा से भड़की आग, ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लगाया लापरवाही का आरोप

**अमृत विचार:** बंडा क्षेत्र के गांव लालपुर आजादपुर में हाईटेंशन बिजली लाइन से निकली चिंगारी के कारण खेतों में भीषण आग लग गई, जिससे करीब दो एकड़ नरई जलकर राख हो गई।

लालपुर गांव निवासी रूपराम ने बताया कि करीब एक सप्ताह पहले भी चार खटिया गेहूं जल गए थे और एक एकड़ ऋषिपाल की नरई जलकर राख हो गई थी। शनिवार को फिर हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी के कारण आग लग गई, जिसे ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह बुझाया।

ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि हाईटेंशन लाइनों की नियमित देखरेख नहीं की जा रही है, जिससे इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने विभाग से लाइनों की जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

वहीं खुटार के गांव नवाजपुर निवासी सिंघारा सिंह की ओर से ठेके पर ली गई रौतापुर कला के गुरमेल सिंह और सेवा सिंह की जमीन पर बोई गेहूं की फसल शनिवार दोपहर करीब 12:30 बजे आग की चपेट में आ गई। खेत के बीच से गुजर रही 33 हजार विद्युत लाइन से निकली चिंगारी के कारण आग लगी और तेजी से फैल गई। फायर ब्रिगेड को सूचना देने के बावजूद टीम मौके पर नहीं पहुंच सकी। जब तक आग पर काबू पाया गया, तब तक करीब एक एकड़ गेहूं जलकर राख हो गया। किसान ने जर्जर तारों के टकराने से स्पार्किंग होने का आरोप लगाया है। हल्का लेखपाल सत्येंद्र कुमार ने रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजने की बात कही।

### मेडिकल कॉलेज में मरीजों की संख्या बढ़ी, फिजीशियन कक्ष में उमड़ रहे मरीज

## बदलते मौसम के बीच पैर पसार रहा बुखार और खांसी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** मौसम में लगातार उतार चढ़ाव से लोगों की सेहत बिगड़ रही है। मेडिकल कॉलेज समेत निजी अस्पतालों में बुखार, खांसी, जुकाम के मरीजों की संख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। डॉक्टर कक्ष, पर्चा काउंटर, दवा वितरण काउंटर समेत खून जांच काउंटर पर भी मरीजों की भीड़ रहती है।

राजकीय मेडिकल कॉलेज में पांच पर्चा काउंटर और पांच ही दवा काउंटर है। इसके अलावा फिजीशियन आदि डॉक्टरों के कक्ष अलग-अलग है। पर्चा काउंटर पर सुबह नौ बजे से ही मरीजों की भीड़ लग जाती है। पर्चा बनवाने के लिए मरीजों आपस में नोकझोंक होती है। ओपीडी में



मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में मरीजों की लगी भीड़। ● अमृत विचार

- दवा और पर्चा काउंटर पर रहती है मारामारी, रोजाना बन रहे 1500 पर्चे

पर्चा काउंटर पर रोजाना 1500 पर्चे बन रहे है। साथ ही करीब 300 मरीज रोजाना पुराने पर्चे से दवा लेने आते है। इसी प्रकार डॉक्टरों के कक्ष के बाहर भी मरीजों की भीड़ लगी रहती है।

> मौसम बदलने के कारण खांसी, जुकाम, बुखार के मरीज अधिक आ रहे है। खान-पान पर ध्यान देना और सावधानी बरतने की जरूरत है। - डॉ. सरोज, सीएमएस मेडिकल कॉलेज

सबसे अधिक भीड़ फिजीशियन और बाल रोग डॉक्टर के कक्ष में रहती है। मरीजों को काफी देर बाद नंबर आता है।

वर्तमान समय में अधिकांश मरीज बुखार, खांसी, जुकाम और उल्टी दस्त के आ रहे है। बुजुर्गों के साथ-साथ बच्चे भी खांसी, बुखार, सांस और कुछ एलर्जी के मरीज भी आ रहे है।

दवा काउंटर पर मरीजों की लंबी लाइन लगी रहती है। यही हाल निजी अस्पतालों का है, जहां भी मरीज बुखार, जुकाम और खांसी के अधिक आ रहे है।

ट्रामा सेंटर में भी बुखार, खांसी और उल्टी दस्त के मरीज अधिक भर्ती हो रहे है। डॉक्टरों का कहना है कि 50 प्रतिशत मरीज खांसी, बुखार, जुकाम और उल्टी-दस्त के आ रहे है।

मौसम के बदलाव को देखते हुए खान-पान पर ध्यान रखना चाहिए। डॉक्टर की सलाह पर ही दवा लेना चाहिए।

### मर्ज बता नहीं पाते दवा लिख दी जाती

मेडिकल कॉलेज में आने वाले मरीजों का कहना है कि पहले डॉक्टर मरीज को आला लगाकर और हाथ की नब्ज देखकर चेक करते थे। अब दूर से ही मरीज से परेशानी पूछते रहते है और पर्चा पर दवा लिख जाती है। मरीजों का कहना है कि वह मर्ज भी पूरा नहीं बता पाते है और पर्चे पर दवा लिख जाती है।

### ये बरतें सावधानियां

- साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें
- बाहर की खाद्य सामग्री न खाएं
- हल्का गुनगुना पानी पिएं
- घर में बना ताजा भोजन का सेवन करें
- हाथ धोकर ही खाना खाएं और सुबह उठकर व्यायाम करें।

## बाथरूम में मिला इंस्पेक्टर का शव

### सुबह ड्यूटी पर नहीं पहुंचे राजेश सिंह तो कमरे पर पहुंचे साथी पुलिसकर्मी

संवाददाता, पुवायां

- अंदर से बंद था दरवाजा, तोड़ कर निकाला गया शव
- अगस्त 2025 में बंडा से पुवायां हुआ था तबादला

**अमृत विचार:** कोतवाली में इंस्पेक्टर क्राइम के पद पर तैनात 1997 बैच के राजेश सिंह पुत्र रामस्वरूप का शव बाथरूम में मिला। जिससे साथियों में अफरा तफरी मच गई।



मृतक राजेश सिंह।

शनिवार सुबह लगभग 10 बजे कई फोन करने के बाद भी जब वह ड्यूटी पर नहीं पहुंचे तो पुलिसकर्मी कमरे पर पहुंचे तो बाथरूम का दरवाजा बंद था। दरवाजा तोड़ने पर राजेश सिंह अर्धनग्न अवस्था में फर्श पर पड़े थे। आनन फानन में उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। खबर सुनते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। क्षेत्राधिकारी परवीन मलिक ने अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी लेकर परिजनों को सूचित किया, साथ ही उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया।

जानकारी के अनुसार राजेश सिंह जनपद उन्नाव के थाना बारा सगवर पोस्ट कोडरा बखलखेड़ा के गांव हिस्थमपुर निवासी थे। 1997 में पुलिस फोर्स में आए थे। अगस्त 2025 माह में उनका तबादला बंडा से पुवायां किया गया था। वहीं सूचना पाकर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दीक्षा भंवरे ने अस्पताल पहुंचकर पुवायां पुलिस से घटना की जानकारी ली। पीड़ित परिवार से बात कर उन्हें जिला अस्पताल पहुंचने को कहा।

### हाईवे किनारे संदिग्ध हालत में मिला ग्रामीण का शव पोस्टमार्टम से स्पष्ट होगी मौत की वजह

**तिलहर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे स्थित नवीन गल्ला मंडी के निकट संदिग्ध परिस्थितियों में बाइक सवार ग्रामीण की मौत हो गई। मौके पर उसकी मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हालत में पड़ी मिली। हालांकि किसी भी तरह के टक्कर के निशान नहीं पाए गए, जिससे घटना संदिग्ध बनी हुई है। सूचना मिलने पर 112 पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस से ग्रामीण को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां डॉ. ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान गांव रूजवारी निवासी लालाराम वर्मा( 50) पुत्र भगवंत वर्मा के रूप में हुई है। पुत्र अमित वर्मा ने बताया कि उनके पिता नवीन गल्ला मंडी में गेहूं बिक्री के पैसे लेने आए थे। कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल ने बताया कि प्रथम दृष्टया हार्ट अटैक से मौत की आशंका है, हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी और उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रॉली के पहिये से दबकर बच्चे की मौत

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार :** चांदापुर गांव में ट्रैक्टर-ट्रॉली का पहिया 4 साल के बच्चे के ऊपर से निकल गया, जिससे दबकर उसकी मौत हो गई। चालक ट्रैक्टर पीछे कर रहा था। सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र के गांव चांदापुर निवासी रघुनंदन का पुत्र रिवांश( 4) शनिवार सुबह आठ बजे गांव के बच्चों के साथ पड़ोस में खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली के पास खेल बैठा था। चालक आदेश ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे किया। इस दौरान रिवांश ट्रॉली के पहिए से दब गया और मौके पर मौत हो गयी। बच्चों ने शोर मचाया तो परिजन और गांव वाले एकत्रित हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक को ट्रॉली समेत हिरासत में ले लिया। मां संगीता और भाई अभिषेक रो रोकर बेहाल हैं। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## सीओ ने दर्ज किए सिपाही के बयान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** चौक कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अश्विनी कुमार सिंह का सिपाहियों से अभद्र भाषा में बात करने के मामले में ढाई माह बाद सीओ सदर प्रयांक जैन ने एक सिपाही के बयान दर्ज किए है, दूसरा सिपाही बयान दर्ज कराने नहीं पहुंचा है।

बता दे कि 20 जनवरी को इंटरनेट मीडिया पर दो वीडियो प्रसारित हुए थे, जिसमें चौक कोतवाली के एक सिपाही कोतवाली जल्द न आने पर पीआरबी भेजने की धमकी दे रहे थे। जबकि दूसरे आडियो में सिपाही को शराबी कहते हुए बुला रहे थे। जल्द न आने पर गाली देते हुए गोली मारने की धमकी तक दे डाली थी। एसपी ने सीओ सदर प्रयांक जैन को जांच दी थी। दोनों सिपाहियों का तबादला कर दिया गया था। सीओ सदर ने सिपाही संजय के बयान लिए है और दूसरा सिपाही बयान देने नहीं आया है।

## हुलासनगरा पुल पर हादसे में युवक की मौत

संवाददाता, मीरानपुर कटरा / शाहजहांपुर

- दूसरे वाहन में सामान लोड कर रहा था अमित
- सड़क पार करते समय कार ने मारी टक्कर

**अमृत विचार :** लखनऊ-राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुलासनगरा पुल पर वाहन ने युवक को टक्कर मारकर घायल कर दिया। घायल को सीएचसी भेजा गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वह दूसरे वाहन में सामान लोड कर रहा था। चालक वाहन लेकर भाग गया।



मृतक अमित।

मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के गांव हुलासनगरा निवासी अमित यादव( 20 ) मजदूरी करता था। शनिवार की सुबह साढ़े छह बजे हुलासनगरा पुल पर पिकअप खराब हो गई थी। अमित पिकअप में लदा सामान हाइड्रा मशीन से दूसरे वाहन में लोड कर रहा था। इसी दौरान सड़क पार करते समय बरेली की ओर जा रही कार ने उसे टक्कर मार दी, जिससे अमित घायल हो गया। चालक वाहन लेकर भाग गया। अन्य साथी दौड़कर गए और घायल को सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टर ने अमित को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया। परिजन भी सीएचसी पहुंच गए, जहां रोना पीटना मच गया। बताते है कि हुलासनगरा ओवरब्रिज पर आए दिन हादसे होते है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## अवैध पार्किंग में नहीं खड़े होंगे वाहन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** शहर में कचहरी रोड पर जाम से मुक्ति दिलाने के लिए किसी भी प्रकार की अवैध पार्किंग नहीं होगी और खिरनी बाग चौराहे से पीडब्लू तिराहे तक वन वे ट्रैफिक रहेगा। नगर निगम, सदर बाजार पुलिस और ट्रैफिक पुलिस को निर्देश दिए कि यातायात नियमों का पालन करवाएं।

प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस अधिकारियों ने मीटिंग करके कचहरी रोड का निरीक्षण किया। यह तथ्य प्रकाश में आया कि अधिवक्ताओं एवं अन्य लोगों के दो पहिया वाहन सड़क की पटरी पर खड़े रहते है, जिससे आए दिन जाम की स्थिति रहती है। आमजन को निकलने में दिक्कत होती है। निर्णय लिया गया कि कि कचहरी रोड पर किसी प्रकार की अवैध पार्किंग नहीं होगी। इसके लिए नगर निगम प्रवर्तन दल और यातायात पुलिस रोज चेकिंग करेगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



कचहरी रोड का निरीक्षण करते अधिकारी। ● अमृत विचार

- खिरनीबाग से पीडब्ल्यूडी तिराहे तक वन वे ट्रैफिक, अधिकारियों ने किया निरीक्षण

इसके अतिरिक्त पीडब्ल्यूडी तिराहे से खिरनीबाग चौराहे पर वन वे ट्रैफिक रहेगा। कोई भी चार पहिया वाहन, ई-रिक्शा कचहरी की तरफ खिरनीबाग चौराहे से नहीं जाएगा। चौराहे पर बैरिकेडिंग रहेगी। चौराहे पर पुलिस बल तैनात रहेगा। सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए है कि अपने-अपने क्षेत्र में अवैध पार्किंग, अतिक्रमण एवं यातायात नियमों के उलघंन पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करें। इसी दौरान 14 व 15 अप्रैल को बरेली मोड़ पर स्थित कार्यक्रम स्थल पर आयोजित संत राजिंदर सिंह जी महाराज के सत्संग कार्यक्रम का भी निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के समय एडीएम रजनीश कुमार, एएसपी सिटी देवेंद्र कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, सीओ सिटी पंकज पंत, सीओ यातायात संजय कुमार, टीएसआई बच्चू सिंह, कोतवाली और सदर बाजार पुलिस मौजूद रही।

## दुष्कर्म, रंगदारी मांगने में आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर अमृत विचार :** सदर बाजार थाना क्षेत्र की एक युवती ने अभियुक्त अभय कुमार राठौर, अभिषेक राठौर, आकाश राठौर के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। जाति सूचक शब्दों से अपमानित करने, आपत्तिजनक फोटो वीडियो वायरल करने, जबरन दुष्कर्म करने, अवैध धन उगाही करने, जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया था।



आरोपी अभय कुमार।

- आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने का आरोप अन्य की तलाश

एसपी के निर्देश पर टीम गठित की गयी थी। पुलिस ने आरोपी अभय कुमार को सुबह छह बजे रोडवेज बस अड्डे के निकट से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक नरगेश कुमार, सिपाही मनीष कुमार आदि थे।

## थाना समाधान दिवस में डीएम-एसपी सख्त, कई मामले निपटे

संवाददाता, बंडा

- बंडा में की जनसुनवाई, लापरवाही पर चेतावनी, समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश

**अमृत विचार :** जनता की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निस्तारण के लिए शनिवार को थाना बंडा परिसर में समाधान दिवस आयोजित हुआ, जिसमें डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में एसपी सौरभ दीक्षित ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान उपजिलाधिकारी पुवायां चित्रा निर्वाल भी मौजूद रहीं। जनसुनवाई में भूमि विवाद, अवैध कब्जा और पारिवारिक मामलों से जुड़ी शिकायतें सामने आईं, जिनमें कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया, जबकि शेष मामलों के लिए पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमों को समयसीमा के भीतर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

एसपी सौरभ दीक्षित ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और हर फरियादी को न्याय मिलना चाहिए। उन्होंने थाना स्तर पर आने वाले लोगों के साथ शालीन और पारदर्शी व्यवहार सुनिश्चित करने को कहा।

इस दौरान राजस्व विभाग के लेखपाल, कानूनगो और थाना बंडा का पुलिस बल मौजूद रहा।



बंडा थाने में शिकायतें सुनते डीएम और एसपी। ● अमृत विचार

### चौराहे पर सीसीटीवी और गोलदारा बनाने के निर्देश

डीएम ने अधिशासी अधिकारी अजय सिंह को बंडा के मुख्य चौराहे पर सीसीटीवी कैमरे लगाने और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश के लिए गोलदारा बनवाने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के बाद डीएम और एसपी सात किलोमीटर दूर सुनासिर नाथ शिव मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने पूजा-अर्चना कर जनपद की सुख-समृद्धि की कामना की।

### थाना समाधान दिवस में सुनी गईं तीन शिकायतें, समाधान के दिए निर्देश

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार :** कस्बा स्थित थाना में माह के दूसरे शनिवार को तहसीलदार सदर सतेन्द्र कटियार और थाना प्रभारी उमेश कुमार मिश्र की मौजूदगी में थाना समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस दौरान तीन फरियादियों की राजस्व से संबंधित शिकायतें सुनी गईं। अधिकारियों ने हल्का लेखपाल और पुलिस टीम को निर्देश दिया कि सभी शिकायतों का जल्द निस्तारण कराया जाए, ताकि फरियादियों को समय पर राहत मिल सके।

### जैतीपुर में आईं दो शिकायतें निस्तारित

**जैतीपुर, अमृत विचार :** थाना परिसर में शनिवार को नायब तहसीलदार अमित कुमार की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित हुआ, जिसमें फरियादियों की संख्या कम रही। इस दौरान कुल दो शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनका मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। थाना प्रभारी प्रिंस शर्मा ने बताया कि कोई भी शिकायत लंबित नहीं है और समाधान दिवस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस दौरान पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारी मौजूद रहे और समन्वय से समस्याओं का समाधान किया गया।

## सतर्कता से ड्यूटी करें पुलिस कर्मी

संवाददाता, मीरानपुर कटरा

- क्षेत्राधिकारी ने थाना प्रभारी के साथ की पैदल गश्त, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**अमृत विचार :** पैदल गश्त के दौरान क्षेत्राधिकारी तिलहर ज्योति यादव व थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार सिंह ने शनिवार शाम लगभग 6 बजे नगर के बाजार, भीड़-भाड़ वाले स्थानों एवं संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस दौरान आमजन से संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया एवं संदिग्ध व्यक्तियों/ गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु जागरूक किया गया। साथ ही स्थानीय व्यापारियों एवं नागरिकों से कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की गई। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार सिंह ने पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की।



कटरा में पैदल गश्त करते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

## महानगर के विकास में योगदान दें पार्षद




समारोह में वित्त मंत्री का बुके देकर स्वागत करतीं का नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी।



शपथ ग्रहण करते नामित पार्षद। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- नगर निगम के नामित पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में बोले वित्त मंत्री सुरेश खन्ना
- महापौर ने दिलाई नामित पार्षदों को शपथ, दी पदग्रहण की शुभकामनाएं

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश शासन से नगर निगम के नामित पार्षदों का शनिवार को शपथ ग्रहण समारोह विकास भवन सभागार आयोजित किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, सांसद अरुण कुमार सागर, महापौर अर्चना वर्मा, उप सभापति वेद प्रकाश मौर्य, पूर्व अध्यक्ष सफाई कर्मचारी आयोग सुरेंद्र कुमार बाल्मीकि ने नव नामित पार्षदों को बधाई दी।

समारोह में महापौर अर्चना वर्मा ने नामित 10 पार्षदों अल्पना श्रीवास्तव, आशीष शुक्ला, पूनम मेहरोत्रा, रामनिवास वाल्मीकि, राम सनेही राठौर, राकेश कुमार वर्मा, संदीप वर्मा, राजेंद्र सिंह, अनुज वर्मा, पंकज गुप्ता को पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण कराई। शपथ ग्रहण के उपरांत सभी नामित पार्षदों का फूल माला पहनाकर व बुके देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने नामित पार्षदों को शुभकामनाएं देते हुए संदेश दिया कि महानगर क्षेत्र शाहजहांपुर के विकास में अपना योगदान दें। महापौर एवं नगर आयुक्त सौम्या गुरूरानी ने भी नव मनोनीत पार्षदों को शुभकामनाएं देते हुए नगर निगम शाहजहांपुर के विकास के लिए सहयोग देने की अपील की। इससे पहले वित्त मंत्री का नगर आयुक्त सौम्या गुरूरानी ने बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर नगर निगम के पार्षद, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## छेड़छाड़ का आरोपी पहुंचा अस्पताल, पुलिस ने पकड़ा



सीएचसी में बच्ची से छेड़छाड़ का आरोपी। ● अमृत विचार

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार :** क्षेत्र में नौ वर्षीय बच्ची से छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करने के आरोपी प्रेम प्रकाश उर्फ पांडे को पुलिस ने हिरासत में लिया। घटना बुधवार देर शाम की है, जब खेत में बने घर पर मौजूद बच्ची के साथ आरोपी ने अश्लील हरकत की, शोर मचाने पर वह भाग गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने उसी रात मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे आरोपी सीने में दर्द की शिकायत करते हुए नगर सीएचसी पहुंचा ।सूचना मिलने पर कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल पुलिस बल के साथ पहुंचे और उसे हिरासत में ले लिया। परिजनों ने इस दौरान मारपीट का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस आरोपी को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गई, जहां सुरक्षा में इलाज चल रहा है। कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल ने बताया कि आरोपी को जल्द ही कोर्ट में पेश किया जाएगा।

## सिटी ब्रीफ

### 2287 लीटर शराब का विनष्टीकरण कराया

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** थाना रामचंद्र मिशन पुलिस ने विभिन्न मुकदमों में बरामद की गई 2287 लीटर अंग्रेजी, देशी और अवैध शराब का विनष्टीकरण कराया। थाना परिसर में ही क्षेत्राधिकारी नगर पंकज पंत की अध्यक्षता में गठित कमेटी ने शराब को नष्ट कराकर गड्ढे में दफन करा दिया। शनिवार को हेड मोहर्रिर अनुरोज कुमार की अगुवाई में वर्ष 2008 से 2025 तक विभिन्न मुकदमों में बरामद हुई अंग्रेजी शराब की 188 पेटियां, देशी एवं अवैध शराब की कुल 2287 लीटर शराब की खेप को एक स्थान पर एकत्रित कराया गया। इसके बाद गठित कमेटी में शामिल क्षेत्राधिकारी नगर पंकज पंत, आबकारी निरीक्षक सौरभ यादव, एस एस आई कैलाश चंद्र के समक्ष गड्ढा खुदवा कर समस्त शराब को नष्ट कर दफन करा दिया गया।

### नगर कीर्तन आज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बैसाखी के उपलक्ष्य में रविवार 10 अप्रैल को नगर कीर्तन निकाला जाएगा। यह जानकारी जगजीत सिंह ने दी है।

### वांछित गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** तिलहर प्रभारी निरीक्षक जुगुल किशोर ने बताया कि अभियुक्त जुनैद निवासी मौजमपुर थाना तिलहर के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज था। पुलिस ने फरार आरोपी जुनैद को सरऊ पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया।

# सांसद ने गुब्बारे उड़ाकर किया स्कूल चलो अभियान का आगाज

## निपुण स्कूलों के प्रधानाध्यापक, अधिक नामांकन वाले प्रधानाध्यापक सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** शनिवार को बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से जीआईसी खेल मैदान के सांस्कृतिक मंच पर निपुण सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में स्कूल चलो अभियान के माध्यम से विद्यालयों को निपुण बनाने वाले प्रधानाध्यापक एवं स्कूलों में अधिक नामांकन करने वाले प्रधानाध्यापकों को सांसद अरुण कुमार सागर एवं जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सांसद ने गुब्बारे उड़ाकर मुख्यालय पर स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ किया।

समारोह में मुख्य अतिथि सांसद अरुण कुमार सागर ने कहा कि शिक्षा समाज की वह नींव है, जिस पर एक सशक्त और उज्ज्वल भविष्य का निर्माण होता है। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाना जरूरी है। इससे स्कूल चलो अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में बहुत मदद मिलेगी।


समारोह में प्रधानाध्यापकों को सम्मानित करते सांसद व जिला पंचायत अध्यक्ष। ● अमृत विचार

● स्काउट गाइड बैंड टीम को दिए स्मृति चिन्ह

कार्यक्रम की आयोजक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता ने कहा कि इस आयोजन से हमें आगे भी उत्कृष्ट कार्य करने की प्रेरणा मिलती रहेगी। इसके बाद सांसद ने स्कूल चलो अभियान का गुब्बारे उड़ाकर आगाज किया। उन्होंने स्काउट गाइड बैंड टीम को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

समारोह में खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय सुरेंद्र मौर्य, जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता सतीश कनौजिया, जिला समन्वयक ट्रेनिंग रोहित सिंह, जिला स्काउट मास्टर निकहत परवीन, जिला गाइड कैप्टन दपिन्दर कौर, एसआरजी, एआरपी एवं बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।


स्कूल चलो अभियान का गुब्बारे उड़ाकर आरंभ करते सांसद अरुण कुमार सागर।

## सभी शिकायतों का प्रभावी निस्तारण करना प्राथमिकता

**तिलहर, अमृत विचार:** अप्रैल माह के दूसरे शनिवार को कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस में एडीएम वित्त अरविंद कुमार ने समस्याएं सुनीं। इस दौरान जमीन से जुड़े 6 मामले सामने आए, जिनमें से एक का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, शेष 5 मामले संबंधित विभागों को सौंपे गए।

एडीएम वित्त ने राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान दिवस में आने वाली सभी शिकायतों का जल्द और प्रभावी निस्तारण करना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कोई भी फरियादी निराश होकर न लौटे। इस दौरान कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल, लेखपाल तरुण प्रताप सिंह, सौम्या दुबे, अंशु बाजपेई, नीतू शर्मा, अनूप शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

## बाइक चोरी की रिपोर्ट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के गांव कायस्थान निवासी फैसल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि एक माह पूर्व रात 10 बजे मैरिज लॉन में दावत खाने गया था। लॉन के बाहर बाइक खड़ी कर दी थी। वह दावत खाकर बाहर आए तो बाइक गायब मिली। पुलिस ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


# मक्के के खेत में दिखा तेंदुआ, वन विभाग अलर्ट

संवाददाता, बंडा

**अमृत विचार:** क्षेत्र की ग्राम पंचायत बिलंदापुर के आसपास शनिवार देर शाम उस वक्त हड़कंप मच गया, जब ग्रामीणों ने एक तेंदुए को मक्के के खेत में जाते देखा। जमुनिया एसडीओ फार्म, सुंदरपुर के इलाकों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने फौरन इसकी सूचना वन विभाग को दी है।

शनिवार शाम सुंदरपुर के गुरुवचन सिंह के मक्के के खेत के पास से कुछ लोग चार पहिया गाड़ी से गुजर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने एक तेंदुए को सड़क पार करते देखा। गाड़ी की हेडलाइट तेंदुए पर पड़ी, वह तेजी से मक्के के खेत में ओझल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत गांव वालों को इसकी जानकारी दी, जिससे पूरे इलाके में सन्नाटा पसर गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग की टीम को सूचित कर दिया गया है। वनकर्मी घटनास्थल का निरीक्षण करने के लिए रवाना हो चुके हैं। तीन दिन पहले पास के ही सीसीटीवी में तेंदुआ कैद हुआ है। जहां सुखवीर सिंह के कुत्ते को निवाला बना लिया। इसके साथ ही उसे आसपास की कई जगहों पर देखे जाने की भी सूचना है। विभाग ने ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह देते हुए ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा है कि शाम के बाद घरों से बाहर न निकलें और दरवाजे बंद रखें। यदि बाहर जाना अनिवार्य हो, तो समूह में निकलें और हाथ में लाठी या टॉर्च जरूर रखें। खेतों की ओर जाते समय शोर मचाते रहें या रेडियो/मोबाइल पर तेज आवाज में गाने बजाएं। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर पगमार्क (पदचिह्नों) की तलाश करेगी ताकि तेंदुए की मौजूदगी की आधिकारिक पुष्टि की जा सके। फिलहाल किसान खेतों पर जाने से कतरा रहे हैं।


मक्के के खेत में तेंदुआ।

● बिलंदापुर क्षेत्र के डुंडवा गांव में कुत्ते को बनाया निवाला

● तीन दिन पहले सीसीटीवी में कैद हुआ था तेंदुआ

## मंदिर से 50 हजार रुपये समेत सामान चोरी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मीरानपुर कटरा क्षेत्र के आमजोर मंदिर के पुजारी सोनपाल ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि वह पुजारी है। गुरुवार की रात 11 बजे चोर मंदिर के कमरे में घुस आए और बक्से का ताला तोड़कर 50 हजार रुपये आदि सामान चुराकर ले गए। वह लघुशंका के लिए उठे तो देखा कि बक्सा खुला और सामान बिखरा पड़ा था। चेले ओमकार को उठाकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने अज्ञात में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


जीएफ कॉलेज में कार्यशाला में प्रतिभाग करते प्रोफेसर व छात्राएं। ● अमृत विचार

## महिला स्वास्थ्य महत्वपूर्ण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जीएफ कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना मिशन शक्ति 5.0 द्वितीय चरण के अंतर्गत शनिवार को महिला स्वास्थ्य और पोषण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

प्राचार्य प्रो मोहसिन हसन खां ने कहा कि समाज की प्रगति में महिला की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, क्योंकि एक स्वस्थ महिला ही स्वस्थ परिवार और राष्ट्र का निर्माण कर सकती है इसलिए महिला स्वास्थ्य और पोषण अत्यंत महत्वपूर्ण है।

डॉ शाजिया बी ने कहा कि महिलाओं के जीवन के विभिन्न चरण किशोरावस्था, गर्भावस्था, मातृत्व और वृद्धावस्था में पोषण की विशेष आवश्यकता होती है।

डॉ श्वेता मल्होत्रा ने एनीमिया, हड्डियों की कमजोरी आदि के विषय में जानकारी देते हुए इनके उपचार के लिए विभिन्न पोषक तत्वों के विषय में जानकारी दी।

कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. समन ज़ेहरा ज़ैदी, डॉ रजा रसूल, डॉ निजामुद्दीन खां के अलावा स्वयंसेवी अलवीरा, गौरी, प्रियंका और साक्षी आदि छात्राओं का विशेष योगदान रहा।

# विद्यार्थियों ने देखीं स्वास्थ्य सेवा व उच्च शिक्षा व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय बंथरा में शनिवार को रेनेसां स्कूल के छात्र-छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण किया, जिसमें उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं और उच्च शिक्षा की व्यावहारिक दुनिया को करीब से देखा। इस दौरान शिक्षक अभिषेक और दिवाकर शर्मा भी साथ रहे और छात्रों का मार्गदर्शन किया। भ्रमण की शुरुआत विश्वविद्यालय से संबद्ध अस्पताल से हुई, जहां छात्रों को रिसेप्शन, इमरजेंसी यूनिट, ओपीडी और वार्ड की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। छात्रों ने देखा कि किस प्रकार मरीजों का पंजीकरण, उपचार और देखभाल की व्यवस्था संचालित होती है।

भ्रमण के दौरान छात्रों ने रेडियोलॉजी विभाग में एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड जैसी तकनीकों की जानकारी प्राप्त की, जिससे उनकी विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ी।


विभिन्न विभागों का अवलोकन करते रेनेसां स्कूल के छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

● वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय में रेनेसां स्कूल के छात्र-छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण

इसके साथ ही एनाटॉमी और फोरेंसिक मेडिसिन के संग्रहालयों का दौरा कराया गया, जहां मानव शरीर की संरचना और फोरेंसिक विज्ञान की जानकारी दी गई। छात्रों ने विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय, ऑडिटोरियम और लेक्चर थिएटर का भी अवलोकन किया और आधुनिक शिक्षण पद्धतियों को समझा।

विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित मेडिकल, नर्सिंग, फार्मेसी, फोरेंसिक साइंस और मैनेजमेंट कॉलेजों की जानकारी भी छात्रों को दी गई, जिससे उन्हें करियर के विभिन्न विकल्पों के बारे में समझ मिली। शिक्षक अभिषेक और दिवाकर शर्मा ने ऐसे भ्रमण को छात्रों के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। छात्रों ने भी इस अनुभव को ज्ञानवर्धक बताते हुए विज्ञान और चिकित्सा क्षेत्र में आगे बढ़ने की इच्छा जताई।

# समाज निर्माण में अध्यापकों का योगदान अमूल्य

संवाददाता, जलालाबाद

**अमृत विचार:** तहसील सभागार में जलालाबाद ब्लॉक के विद्यालयों में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान में भव्य समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार रोहित कटियार और विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी शाहीन अंसारी रहीं।

प्राथमिक विद्यालय कोयला ज्ञानपुर के प्रधानाध्यापक राममोहन त्रिपाठी, उच्च प्राथमिक विद्यालय चौकिया के प्रधानाध्यापक रतन विक्रम सिंह, उच्च प्राथमिक विद्यालय तिकोला की प्रधानाध्यापिका राज बेटी, उच्च प्राथमिक विद्यालय चक चंद्रसेन के रामप्रताप सिंह, उच्च प्राथमिक विद्यालय ढाका तालुका उजरा के अशोक कुमार और सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य कृष्णपाल सिंह को सेवानिवृत्ति पर शॉल, स्मृति चिन्ह, शील्ड और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया।


जलालाबाद तहसील सभागार में सेवानिवृत्त शिक्षक व अतिथि। ● अमृत विचार

● तहसील सभागार में सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान समारोह

मुख्य अतिथि रोहित कटियार ने शिक्षकों को समाज का निर्माता बताते हुए उनके योगदान को अमूल्य बताया। खंड शिक्षा अधिकारी शाहीन अंसारी ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षकों ने अनुभव साझा कर मेहनत और अनुशासन का संदेश दिया।

# चूका गेट के पास आया बाघ

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** पीलीभीत टाइगर रिजर्व में बाघों के कुनबे की सक्रियता अब मुख्य मार्गों पर भी दिखने लगी हैं। शनिवार को जंगल सफारी पर निकले सैलानियों के लिए उस वक्त दिन यादगार बन गया, जब चूका प्रवेश गेट के पास एक भारी-भरकम बाघ सफारी वाहनों के सामने आ गया। बाघ इतना करीब देख सैलानी रोमांचित हो उठे।

पीटीआर में इन दिनों पर्यटन सत्र चल रहा है। शनिवार को भी सैलानियों की भीड़ उमड़ी। सुबह और शाम की सफारी के लिए वाहन पहले ही बुक हो चुके थे। जंगल सफारी के दौरान कुछ सैलानी लालपुल से चूका बीच मार्ग की ओर बढ़ रहे थे कि अचानक एक बाघ झाड़ियों से निकलकर आ गया। कुछ देर टहलता रहा और फिर जंगल की ओर चला गया। इसके अलावा सफारी के दौरान कुछ अन्य सैलानियों को जंगल के अंदर एक साथ दो बाघों के दीदार हुए। जिनकी तस्वीर वायरल हो रही है।


सफारी वाहनों के आगे से गुजरता बाघ।

## घायल वृद्ध की मदद करने पर युवक को पीटा

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** गोला गोकर्णनाथ के मथुरा नगर निवासी रितिक गुप्ता शनिवार को लखीमपुर आए थे। वह दोस्त सुधांशु के साथ बाइक से बैंक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान शहर के बीआर ज्वेलर्स के सामने एक अज्ञात वृद्ध व्यक्ति का एक्सीडेंट हो गया। रितिक ने मानवता दिखाते हुए उसे उठाने का प्रयास किया।

इसी बीच 2-3 अज्ञात युवक मौके पर पहुंचे और रितिक के साथ गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसकी पिटाई कर दी, जिससे उसे चोटें आईं। रिपोर्ट कराने पर जान से मारने की धमकी भी दी। सदर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार :** पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय पुवायां प्रथम में शनिवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया गया। मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद पुवायां के अधिशासी अधिकारी कल्पना शर्मा और खंड शिक्षा अधिकारी के के शुक्ला ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

सरस्वती वंदना के बाद बच्चों ने इको क्लब, बालिका शिक्षा सहित विभिन्न शिक्षामुखी कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

मेधावियों को रिपोर्ट कार्ड और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही कैरियर गाइडेंस सत्र आयोजित हुआ, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आए विशेषज्ञों ने कानून, चिकित्सा, व्यापार, पत्रकारिता और शैक्षिक प्रशासन के बारे में जानकारी देकर बच्चों का मार्गदर्शन किया।


छात्रा को सम्मानित करते शिक्षक। ● अमृत विचार

● पुवायां के पीएम श्री विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

शिक्षिका पारुल मौर्य ने पीएम श्री स्कूल की विशेषताओं और सुविधाओं की जानकारी दी। अनूप बरनवाल ने गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को जोड़ा और गौरव त्रिपाठी ने गीत प्रस्तुत कर माहौल को जीवंत बना दिया। प्रधानाध्यापिका रश्मि त्रिपाठी ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में ओमप्रकाश त्रिवेदी, सुमन त्रिवेदी, पुष्पेंद्र चौहान, रिया श्रीवास्तव, मंगल प्रसाद, विभा बाजपेयी, समृद्धि, वत्सला, अनूप बरनवाल, गौरव त्रिपाठी, स्मृति भारद्वाज, जितेंद्र मौर्य, राकेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। मंच संचालन राजीव गुप्ता ने किया।

## रिजल्ट वितरण, मेधावी सम्मानित

**शाहजहांपुर अमृत विचार :** जलालाबाद तहसील क्षेत्र के के डी सिंह कॉलेज सपहा मोड़ सुगसुगी में रिजल्ट वितरण कार्यक्रम हुआ, जिसमें परिणाम देकर मेधावियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सीडब्ल्यूसी सदस्य कुंवर मुनीश सिंह परिहार ने रिजल्ट वितरित किए। मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है और इस युग में शिक्षा सर्वोपरि है, सभी बच्चों को मेहनत के साथ पढ़ाई कर अपने और अपने परिवार का नाम रोशन करना चाहिए। संस्थापक संतोष सिंह ने अभिभावकों से पढ़ाई के प्रति जागरूक रहने की अपील की। कार्यक्रम में शिवांशु यादव, उत्कर्ष यादव, दिव्या सिंह परमार, भूमि चौहान, सुरजीत सिंह, आभी, पयाल, मानवी मिश्रा, आरोही मिश्रा, आकृति मिश्रा, शिवाय, अक्षरा, अक्षिता, दिव्यांशु यादव, पल्लवी यादव, भानु, रघुनंदन सिंह, हिमांशु सक्सेना, मानवी सहित अन्य बच्चों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर दिनेश मिश्रा, अनिल, जे पी सिंह, दिनेश यादव, यज्ञपाल सिंह, श्यामवीर सिंह, शंकरपाली सिंह, शिवांशु सिंह परमार, अमित सिंह, अरुण सिंह, करिश्मा, अनुज, आदित्य, प्रियंका, रजत, श्वेता, माखन सिंह, मनोज पाठक, लालू श्रीवास्तव, राघवेन्द्र सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

जीवनी बोन एण्ड हैल्थ क्लीनिक
डा. विनय गंगवार
एमबीबीएस (एएमयू), डी. आर्थो (एएमयू), डीएनबी आर्थो (दिल्ली) डीआईपी, फीफा (स्पोर्टस मेडिसिन)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
कुल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण, दूरबीन विधि द्वारा (Arthoscopic) घुटने का इलाज (ACL/PCL Tear) गठिया एवं समस्त जोड़ों के दर्द का इलाज, सियाटिका/कमर दर्द का इलाज, फिजियोथेरेपी, प्लास्ट एवं टूटी हड्डी (फ्रैक्चर) के समस्त ऑपरेशन
डा. आंचल अग्रवाल
एमबीबीएस, एमडी (मेडिसिन) सीसीईबीडीएम, सीसीओपीएम (पीएचएफआई)
फीजिशियन
शुगर एवं ब्लड प्रेशर, खांसी, सांस में दर्द, भूख न लगना, उल्टी एवं दस्त की बीमारी, माइग्रेन का इलाज, पैरों में सूजन, पीलिया/काला पीलिया का इलाज, टीवी, गुर्दे में दिक्कत, कोलेस्ट्रॉल चेकअप, बुखार (डेंगू, टाइफाइड, मलेरिया)
ओपीडी समय : सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे शाम 6 बजे से रात 8 बजे तक
बंसल इंटीरियर के सामने, 6-ए, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, बरेली मो. 6396640323

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
2D ECHO + TMT
हृदय रोग के लक्षण : ■ घबराहट ■ छाती में दर्द या भारीपन ■ सांस फूलना ■ पैरों में सूजन ■ हाई ब्लडप्रेशर ■ हाई कोलेस्ट्रोल ■ डाइबिटीज (शुगर) ■ सीने या पेट में जलन या दर्द ■ हार्ट अटैक ■ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
NABH PRE ACCREDITED
8077344353 समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

न्यूज ब्रीफ

### बाल विद्या मंदिर में परीक्षा परिणाम घोषित, टॉपर्स हुए सम्मानित



छात्रा को सम्मानित करते अतिथि।

कुंवरगांव, अमृत विचार : शनिवार को नगर के त्रिपोलिया स्थित मोहन लाल बाल विद्या मंदिर में परीक्षा परिणाम वितरण समारोह का आयोजन किया गया। छात्र बृजेश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त कर सभी का नाम रोशन किया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। समारोह में निरीक्षक रामेश्वर सिंह, शेष माहेश्वरी, महिपाल रस्तोगी, गायत्री शक्तिपीठ की पुजारी सपना शर्मा, दीक्षा शर्मा, अनीशी शर्मा, नवीन, सत्यवान और क्रांति देवी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य दिनेश पाल सिंह ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत रामेश्वर सिंह और शेष माहेश्वरी द्वारा पूजा-अर्चना के साथ हुई।

### संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई विवाहिता

ओरछी, अमृत विचार : थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में एक विवाहिता के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने से सनसनी फैल गई है। विवाहिता अपने मायके जाने के लिए घर से निकली थी, जिसे उसके पति ने खुद ई-रिक्शा में बैठाया था लेकिन वह न तो मायके पहुंची और न ही उसका कोई सुराग मिल पा रहा है। पीड़ित पति ने थाने में तहरीर देकर बरामदगी की गुहार लगाई है। थाना क्षेत्र के एक युवक की पत्नी ने बीते 7 तारीख को अपने मायके जाने की बात कही थी। पति उसे सुरक्षित भेजने के लिए पकड़िया के समीप तक साथ गया। वहां से उसने अपनी पत्नी को एक ई-रिक्शा में बैठाया और स्वयं वापस घर लौट आया। पति का मानना था कि ई-रिक्शा से वह गंतव्य तक पहुंच जाएगी। जब पति ने शाम को अपनी ससुराल फोन करके पत्नी की कुशलता जाननी चाही, तो वहां से जवाब मिला कि वह अभी तक पहुंची ही नहीं है। यह सुनकर परिजनों के होश उड़ गए रिश्तेदारों और संभावित ठिकानों पर महिला की तलाश की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला।

# तेज हवा के कारण दिन भर बंद रहे दो कृषि फीडर, डेढ़ सौ गांव प्रभावित

## बिजली आपूर्ति बंद होने से नहीं चल सके नलकूप, ग्रामीणों को हुई भारी परेशानी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शनिवार सुबह से चली तेज हवा के चलते दो कृषि फीडर की बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई, जिससे डेढ़ सौ गांवों के निजी ट्यूबवेल नहीं चल सके। लोगों को दिन भर बिजली आने का इंतजार रहा। शाम को हवा धीमी होने पर बिजली आपूर्ति दी गई, जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

आज सुबह आठ बजे से ही 30 से 35 किमी की रफ्तार से हवाएं वलीं। इसके बाद विद्युत विभाग ने कृषि फीडर रसूलपुर और शेखूपुर से टयूवबैल को दी जाने वाली बिजली आपूर्ति बंद कर दी। अचानक बिजली गुल होने से निजी टयूबवेल नहीं चले। किसान अपनी मक्का और मेंथा की फसलों की सिंचाई करने को परेशान रहे। नौशेरा में करीब दो सौ हेक्टेयर में मक्का की फसल है जिसकी सिंचाई को लेकर किसान परेशान रहे। इस क्षेत्र में करीब 80 से अधिक गांवों के निजी टयूबवेल की बिजली आपूर्ति बंद रही जबकि रसूलपुर फीडर से जुड़े 70 से अधिक गांवों में टयूबवेल बंद रहे। इस इलाके में मेंथा और सब्जियां बड़े पैमाने पर उगाई जाती हैं। उनकी सिंचाई नहीं हो सकी। दोनों कृषि फीडर क्षेत्रों में 158 निजी टयूबवेल हैं जो सुबह से शाम चार बजे तक बंद रहे। कृषि फीडर बंद रहने से किसानों को बड़ी दिक्कत हुई।

बिजली विभाग का कहना है कि तेज हवा के समय बिजली आपूर्ति रोकने के आदेश हैं। तेज हवा के दौरान टयूबवेल को जाने वाली लाइनों में फाल्ट होने का खतरा बना रहता है, इसलिए विभाग ने सप्लाई रोकने का निर्णय लिया। शाम चार बजे जैसे ही हवा धीमी हुई तो बिजली आपूर्ति शुरू कर दी गई। बिजली आपूर्ति शुरू होने के बाद पेयजल की समस्या भी दूर हो गई।

- शाम को बहाल हो सकी बिजली आपूर्ति तब दूर हो पाया पेयजल संकट

जनपद में गेहूं की फसल को देखते हुए कुछ कृषि फीडरों से सप्लाई रोकी गयी जबकि अन्य फीडरों से सप्लाई चालू रही ।जहां निजी ट्यूबवेल की लाइन नीचे की ओर झूल रही हैं। या फिर जर्जर हैं उन क्षेत्रों में सप्लाई रोक दी जाती है। अनुरक्षण माह के तहत उभी उक्त लाइनों पर काम नहीं हो सका है इसलिए विशेष सावधानी बरती जा रही है।

**-चंद्रशेखर कुमार**
अधीक्षण अभियंता

### गेहूं की फसल को देखते हुए रोकी गई बिजली आपूर्ति

टयूबवेल को जाने वाली अधिकांश लाइन जर्जर हैं। जगह-जगह काफी नीची हैं जिससे खतरा बना रहता है। खेतों में गेहूं की फसल पकी खड़ी है, यदि तार टूटता है तो भारी क्षति होने की संभावना बनी रहती है इसलिए एक महीने तक तेज हवा के समय बिजली आपूर्ति रोकने के निर्देश दिए गए हैं। सभी कृषि फीडरों को इसकी जानकारी दे दी गई है। हालांकि, अन्य क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति चालू रही।

### दिसौलीगंज बिजलीघर पर बदले गये उपकरण

मुरादाबाद रोड स्थित ग्राम दिसौलीगंज के बिजली घर पर शनिवार को बिजली लाइन के उपकरण बदले गए जिससे पूर्वान्ह 11 बजे से शाम पांच बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रही। बिजली आपूर्ति बंद रहने से लोगों को भारी दिक्कत हुई। शाम पांच बजे जैसे ही अनुरक्षण का कार्य पूरा हुआ तो आपूर्ति शुरू कर दी गई। करीब छह घंटे तक लोगों को गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ा।

# चाइल्ड हेल्पलाइन ने दो किशोरियों का बाल विवाह होने से बचाया



बाल विवाह को रोकने वाली टीम के साथ खड़ी किशोरियां व पुलिस • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शनिवार को चाइल्डलाइन एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम ने बाल विवाह की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दो किशोरियों को बाल विवाह से बचाया। उनके मां बाप से 18 वर्ष पूरा होने पर ही विवाह करने का शपथ पत्र लिया गया।

शनिवार को चाइल्ड हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर के माध्यम से सूचना मिली कि थाना कुंवर गांव के अंतर्गत दो किशोरियों का बाल विवाह हो रहा है। जिसमें दोनों बाल विवाह 26 अप्रैल व 29 अप्रैल को होना प्रस्तावित हैं। इसकी सूचना मिलने के उपरांत चाइल्ड हेल्पलाइन परियोजना समन्वयक कमल शर्मा ने तत्परता दिखाते हुए मामले की सूचना जिला प्रोबेशन अधिकारी, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट व बाल कल्याण समिति को दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार के आदेशानुसार चाइल्ड हेल्पलाइन काउंसलर मुन्तजिम, केस वर्कर पुरुषोत्तम शर्मा, थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग, आरक्षी कुलदीप मिश्रा, महिला कांस्टेबल रेनू आदि मौके पर पहुंचे। दोनों किशोरियों व उसके परिवार से मिले। किशोरियों की आयु के साक्ष्य मांगे जिसमें दोनों किशोरियों की आयु साक्ष्यों के अनुसार 16 व 17 वर्ष के लगभग निकली। परिवार के अनुसार भी बालिकाओं की आयु 16 वर्ष के लगभग थी, जिसके बाद बालिकाओं के पिता को शादी न करने के बारे में समझाया व बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में बताकर बाल विवाह अधिनियम के बारे में बताया।

इसके बाद परिजन शादी न करने पर सहमत हो गये। टीम ने परिजनों से 18 साल की उम्र पूरी होने पर ही शादी करने का शपथ पत्र लिया।

लड़की को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। समन्वयक कमल शर्मा ने बताया कि इस वर्ष में अब तक 3 से अधिक बाल विवाहों को रोक जा चुका है।

# गेहूं क्रय केंद्रों पर पसरा है सन्नाटा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** पिछले दिनों लगातार हुई बारिश की वजह से गेहूं की फसल पर प्रतिकूल असर डाला है। नमी अधिक होने के कारण समर्थन मूल्य पर सरकारी केंद्रों पर खरीद नहीं हो पा रही है। ऐसे में खरीद लक्ष्य पूरा होता नहीं दिख रहा है। किसान मंडी में गेहूं लेकर पहुंच रहे हैं। लेकिन उन्हें नमी बताकर वापस किया जा रहा है। इसी के चलते अब मात्र दस एमटी खरीद हो सकी है। तीन चार क्रय केंद्रों को छोड़कर सभी पर सन्नाटा पसरा हुआ है।

पिछले दिनों बारिश के कारण खेतों में कटी पड़ी फसल भीग गई थी। मौसम साफ होने के बाद किसानों के द्वारा थ्रेसिंग कराई गई। बारिश की वजह से गेहूं में अभी नमी बरकरार है। किसानों के द्वारा लाए जा रहे गेहूं में 20 से 23 प्रतिशत की नमी है। गेहूं में नमी अधिक होने के कारण खरीद में समस्या आ रही है। क्रय केंद्रों पर अधिकतम 12 प्रतिशत नमी वाले गेहूं की खरीद करने की व्यवस्था है। ऐसे में जो किसान अपनी उपज को क्रय केंद्रों पर बिक्री करने के लिए पहुंच रहे हैं उन्हें वापस लौटाया जा रहा है। जिसका सीधा असर गेहूं खरीद के लक्ष्य पर पड़ रहा है। गेहूं की खरीद तेज करने और लक्ष्य को पूरा करने के लिए मंडल स्तर पर विपणन विभाग ने गेहूं की नमी और टूटन के संबंध में रिपोर्ट मांगी है। विपणन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मंडल स्तर पर एक कमेटी गठित की गई। गठित कमेटी के द्वारा ही रिपोर्ट मांगी गई है। इसी रिपोर्ट के आधार पर सरकार गेहूं खरीद के मानकों में ढील देने का निर्णय करेगी।

- 12 प्रतिशत की नमी खरीद की है व्यवस्था, किसान ला रहे फसल में निकल रही 20 फीसद से अधिक नमी

### अब तक मात्र 10 एमटी हुई है गेहूं खरीद

गेहूं खरीद के लिए जिले में विभिन्न एजेंसियों के 105 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों पर शासन से मिले 62500 एमटी गेहूं खरीदने का लक्ष्य मिला है। जबकि अब तक मात्र 10 एमटी ही गेहूं की खरीद हो सकी है। यह खरीद तीन से चार सक्रिय क्रय केंद्र पर हुई है। शेष पर सभी पर सन्नाटा पसरा हुआ है।

पिछले दिनों हुई बारिश के कारण गेहूं भीग गया था। जिसके कारण खरीद में देरी हुई है। कुछ किसान गेहूं लेकर आ रहे हैं। लेकिन उसमें नमी अधिक है। जिसके कारण गेहूं खरीद नहीं हो पा रही। बारिश के बाद गेहूं में नमी, चमक आदि बिंदुओं पर मंडल स्तर पर रिपोर्ट मांगी गई है। जिसे सरकार को भेजा जाना है। इस रिपोर्ट के बाद ही जो भी शासन से छूट मिलेगी, उसका लाभ किसानों को दिया जाएगा।


**अतुल वशिष्ठ**, डिप्टी आरएमओ

# मौसम साफ होते ही तेज हुई गेहूं की कटाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** पिछले दो दिनों से मौसम पूरी तरह से साफ हो गया है। पछुआ हवाएं भी चलने लगी हैं। साथ ही, तापमान में भी सुधार हो रहा है। पिछले दिनों हुई बारिश के बाद खेतों से नमी भी कम होने लगी है। मौसम साफ होते ही किसान गेहूं की फसल काटने में जुट गये हैं, ताकि जल्द से जल्द फसल को घर लाया जा सके।

बीते दिनों मौसम खराब होने की वजह से आंधी और बारिश का दौर बना हुआ था। पांच दिनों तक गरज-चमक के साथ हुई बारिश की वजह से गेहूं की फसल भीग गई थी। कटाई व मड़ाई का काम रुक गया था। किसानों को फसल खराब होने और उत्पादन कम होने की चिंता सताने लगी थी। अब दो दिनों से मौसम पूरी तरह से साफ है। शनिवार को भी मौसम सुबह से ही साफ रहा। चटक धूप खिली। साथ ही पछुआ हवाएं भी चलने लगीं। धूप खिलने और पछुआ हवाएं चलने से खेतों की नमी कम होने लगी है। मौसम साफ होते ही किसान खेतों में दिखाई दे रहे हैं। तेजी से फसल की कटाई की जा रही है। कुछ किसान हार्वेस्टर मशीनों से कटाई कर रहे हैं, तो छोटे किसान दरांती से पारंपरिक तरीके अपनाते नजर आा रहे हैं। कटाई के बाद खेतों में ही मड़ाई का काम भी तेजी से किया जा रहा है, ताकि मौसम खराब होने से पहले फसल सुरक्षित की जा सके।



खेत में गेहूं की कटाई करते किसान।

- बारिश होने की संभावनाओं को लेकर किसान सकते में
- पिछले दिनों क्षतिग्रस्त हुई थी फसल

### साफ मौसम किसानों के लिए वरदान बना

मौसम साफ होते ही किसान खुश दिखाई दे रहे हैं। उनके लिए साफ मौसम किसी वरदान से कम नहीं हैं। किसान जल्दी में दिखाई दे रहा है। वह जल्द से जल्द फसल को घर लाना चाह रहा है। किसानों का कहना है कि यदि धूप बनी रही तो जल्द ही पूरी फसल की कटाई और मड़ाई पूरी कर ली जाएगी। हालांकि, अचानक बारिश होने पर नुकसान की आशंका भी बनी हुई है, इसलिए किसान सुबह से देर शाम तक खेतों में जुटे हैं। गांवों में इस समय कृषि गतिविधियां तेज हो गई हैं। खेतों में मशीनों की आवाज, मजदूरों की हलचल और किसानों की व्यस्तता से साफ है कि रबी फसल की कटाई अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। किसान परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर तेजी से काम निपटा रहे हैं।

# राम कथा में सीता स्वयंर का सुनाया गया प्रसंग

**बदायूं, अमृत विचार:** अंबियापुर ब्लॉक क्षेत्र के गांव रिसौली में मेरे राम कथा आयोजन समिति के तत्वावधान में श्री राम कथा चल रही है। जिसके सातवें दिन कथा वाचक रवि महाराज ने सीता स्वयंवर का वर्णन किया।

कथावाचक ने कहा कि माता सीता के स्वयं में तमाम प्रतापी राज शामिल हुए थे लेकिन कोई भी भगवान शिव के धनुष को तनिक हिला भी नहीं पाया। राम महर्षि विश्वामित्र की आज्ञा के बाद धनुष तिनके की भांति उठा लिया और भंग कर दिया। इसके बाद माता जानकी और भगवान राम का विवाह हुआ। भगवान राम और माता जानकी के विवाह की कथा सुनने के बाद श्रोताओं ने जय सियाराम के जयकारे लगाए। जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। कथा के दौरान आयोजकों के द्वारा आरती की गई।

# ढाई लाख उपभोक्ताओं से वसूले 42 करोड़

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जनपद में पिछले महीने चलाए गए राजस्व वसूली महाअभियान के तहत बिजली विभाग ने ढाई लाख उपभोक्ताओं से 42 करोड़ का राजस्व वसूला। साथ ही, तीस हजार उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटते हुए उन्हें जल्द बकाया जमा करने की चेतावनी दी।

शासन के निर्देश पर बिजली विभाग ने माह मार्च में राजस्व वसूली महाअभियान चलाया था। इस अभियान के तहत विभाग ने अपने सभी बिजली घरों पर कैंप लगाकर बड़े बकाएदारों से राजस्व वसूला। गांव-गांव घूमकर इस योजना की जानकारी दी गई। इसके बाद उपभोक्ताओं ने अपने बकाया बिल जमा करना शुरू कर दिए।

विभाग के अनुसार इस अभियान में सहायक अभियंताओं व अवर अभियंताओ को जिम्मेदारी दी गई। अभियान को अधिशासी अभियंता देखते रहे। राजस्व वसूली महाअभियान के तहत कुल 42 करोड़ की वसूली की गई जबकि लक्ष्य 43 करोड़ का दिया गया था। विभाग के अनुसार लक्ष्य लगभग पूरा कर लिया गया है।

अधीक्षण अभियंता चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि पचास हजार से अधिक के बकायेदारों पर शिकंजा कसा गया। बकाया जमा नहीं करने पर तीस हजार कनेक्शन काट दिए गए। उन्होंने बताया कि बड़े बकायेदारों पर अब और सख्ती की जा रही है। जिनके कनेक्शन काटे गए हैं, उन पर नजर रखी जा रही है। अब बिजली चोरी को लेकर विभाग ने रात को भी निगरानी शुरू कर दी है।

- बिजली विभाग ने राजस्व वसूली अभियान का लक्ष्य किया पूरा
- तीस हजार उपभोक्ताओं के काटे कनेक्शन, दी चेतावनी



### सरकारी विभागों पर लाखों रुपये बकाया

सरकारी विभागों पर बकाया राशि अधिक होने के कारण बिजली विभाग को दिक्कत हो रही है, विभाग पर दबाव है कि सरकारी अस्पतालों, स्कूलों व् कॉलेजों से शत-प्रतिशत बकाया जमा कराया जाए। इसके साथ ही, उपभोक्ताओं की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश हैं। शिकायतों के निस्तारण को जेई और एसडीओ को जिम्मेदारी दी गई है। उनके क्षेत्र से आने वाली शिकायत पर वह त्वरित कार्रवाई करेंगे।

### बिजली चोरी के दर्ज किए गए 107 मामले

राजस्व वसूली महा अभियान के दौरान बिजली चोरी के करीब 107 मामले दर्ज किए गए। बिजली चोरी में पकड़े गए लोगों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू की गई है। उनके कनेक्शन काटने के साथ ही जुर्माना लगाया गया है। इसमें विजिलेंस टीम द्वारा पकड़ी गई चोरी के मामले भी शामिल हैं। विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा की गई कार्रवाई के बाद बिजली चोरी की घटनाओं में कमी आ रही है।

# युवती को ले जाने पर साली और बेटे पर रिपोर्ट दर्ज

**विजय नगला, अमृत विचार :** थाना मूसाझाग क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती लापता हो गई। युवती के पिता ने अपनी साली और साली के बेटे के खिलाफ उसे बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

एक गांव निवासी व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया कि 6 अप्रैल को अपने परिवार के साथ खेत पर गेहूं की फसल काट रहे थे। उनकी 19 साल की बेटी और साली घर पर थे। शाम लगभग साढ़े सात बजे परिवार घर पर लौटा तो बेटी घर पर नहीं मिली।

उन्होंने सोचा कि वह मोहल्ले में कहीं चली गई होगी लेकिन वह काफी समय तक वापस नहीं लौटी तो गांव में तलाश किया गया।

# पशुओं के साथ क्रूरता में 10 गिरफ्तार

संवाददाता, कुंवरगांव

**अमृत विचार :** कुंवरगांव पुलिस ने घर में पशुओं के साथ क्रूरता करने वाले युवक समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी का शांतिभंग में चालान किया गया है।

थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव बाबट निवासी जसवीर पुत्र झम्मन सिंह गाय पालते हैं। आरोप है कि दूध निकालने के बाद वह गायों भूखा रखते हैं। चारा नहीं खिलाते। वह पशुओं को घर में बंद करके ताला लगाकर बाहर चले गए थे। इसकी वजह से खूंटे से बंधी एक गाय की भूख की वजह से मौत हो गई थी। पशु प्रेमी दीपेश दिवाकर की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। शनिवार को उसे पकड़ लिया। वहीं गांव निनमा निवासी राजेश पुत्र हीरालाल, महीपाल पुत्र मोहनलाल, दयाराम पुत्र नरपत, लालाराम पुत्र नरपत, भूप सिंह पुत्र प्रकाश, धीरेंद्र पुत्र महीपाल, जगपाल पुत्र केदार, शिवकुमार पुत्र मोरपाल और गांव मोंगर निवासी राहुल कुमार पुत्र अमरपाल को पकड़कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक प्रताप सिंह, विनोद कुमार शर्मा, कांस्टेबल गौरव कुमार व अजय कुमार रहे।



कुंवरगांव पुलिस की गिरफ्त में शांतिभंग करने के आरोपी। • अमृत विचार

# वार्षिक क्रीड़ा समारोह का हुआ समापन



क्रीड़ा प्रतियोगिता में हाई जंप लगता छात्र। • अमृत विचार

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** दमयंती राज आनंद राजकीय स्नातोकत्तर महाविद्यालय में दो दिवसीय क्रीडा प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हो गया।

इस बाईसवीं वार्षिक क्रीडा प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया, यहां दौड़, डिस्क थ्रो, ऊंची और लम्बी कूद, गोला प्रेक्षपण की प्रतियोगिताएं की गईं। प्रथम दिवस उनौला कॉलेज की प्राचार्या डॉ निशी अवस्थी मुख्य अतिथि रहीं। ममता अग्रवाल व बिसौली चेयरमैन विशिष्ट अतिथि रहे। अंतिम दिन विशाल सिंह छात्र 17 नंबर प्राप्त कर चैम्पियन चुने गए, जबकि 15 नंबरों के साथ छात्रा अनुष्का चौधरी चैम्पियन घोषित हुईं। समापन दिवस पर ज्ञानेश भिल्ला मुख्य अतिथि रहे। दानदाता परिवार के साथ प्राचार्या डॉ. सपना भारती विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहीं। क्रीडा प्रभारी डॉ मञ्जूषा और प्रेक्षक डॉ. हुकुम सिंह की निगरानी में प्रतियोगिता संपन्न हुई, संचालन डॉ मदन मोहन वार्ष्णेय ने किया।

प्रयास | कक्षा 9 से 12 तक बच्चों के लिए शुरू की गई ऑनलाइन कोचिंग की व्यवस्था

# स्कूलों के शिक्षक बनाए गए नोडल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा परिषद के सरकारी स्कूलों में शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए प्रयास शुरू हो गए हैं। इसके तहत बच्चों को ऑनलाइन कोचिंग के माध्यम से पढ़ाई कराई जाएगी। ऑनलाइन कोचिंग में कक्षा 9 से 12 तक के बच्चे शामिल होंगे। उनका पंजीकरण कराने और निगरानी के लिए स्कूलों के शिक्षकों को नोडल बनाया जा रहा है।

जिले में 41 राजकीय माध्यमिक स्कूल संचालित हैं। इनमें अध्ययनरत कक्षा नौ से 12 तक के छात्रों को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) से जुड़े विषयों की पढ़ाई कराई जाएगी। बच्चों को कोचिंग के माध्यम से शिक्षित करने के लिए खान अकादमी का सहयोग लिया जा रहा है। ऑनलाइन कोचिंग की व्यवस्था के तहत हर विद्यालय में एक शिक्षक को नोडल बनाया जाएगा। नोडल शिक्षक के द्वारा छात्रों का पंजीकरण कराया जाएगा। साथ ही, यह शिक्षक ऑनलाइन कक्षाओं की निगरानी तक की जिम्मेदारी निभाएंगे। ऑनलाइन कोचिंग के लिए पंजीकरण कराने वाले छात्रों को आईडी और पासवर्ड उपलब्ध कराया जाएगा जिससे वे मोबाइल के माध्यम से निशुल्क पढ़ाई कर सकेंगे।

### स्मार्ट कक्षाओं के माध्यम से भी होगी पढ़ाई

राजकीय सरकारी विद्यालयों में स्मार्ट कक्षाएं भी आयोजित होंगी। स्मार्ट कक्षाओं और आईसीटी लैब के जरिये भी छात्रों को ऑनलाइन कोचिंग दी जाएगी। इस व्यवस्था से छात्रों की विषयों में समझ बेहतर होगी और उनकी अभिरुचि भी बढ़ेगी।

- हर विद्यालय में शिक्षक संभालेंगे कोचिंग की जिम्मेदारी

कक्षा नौ से 12 तक के बच्चों को ऑनलाइन कोचिंग की व्यवस्था की जा रही है। इस व्यवस्था के माध्यम से छात्रों को आधुनिक शिक्षा पद्धति से जोड़कर बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकेंगे। प्रवेश प्रक्रिया के बाद बच्चों का पंजीकरण कराया जाएगा। इसके आदेश सभी राजकीय स्कूलों के प्रधानाचार्यों को दे दिए गए हैं।

**लालजी यादव**, जिला विद्यालय निरीक्षक

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404

Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes
July 2026 session in the following disciplines

- Faculty of Medical Sciences
  (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- Faculty of Pharmacy
- Faculty of Dental Sciences
  (All Specialities)
- Faculty of Management

Application Fee
- For Indian Candidate Rs. 2000/-
- NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD

Last Date of Receiving Application : 30th May, 2026

Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee,
visit univerisity website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

न्यूज ब्रीफ

## चौकी के पास खड़ी एर्टिगा कार हुई चोरी



चोरी से पूर्व खड़ी कार।

**कुंवर गांव, अमृत विचार** : सिविल लाइन थाना क्षेत्र के आरिफपुर नवादा के निवासी जावेद रईस सिद्दीकी की घर के बाहर प्लॉट में खड़ी एर्टिगा कार चोरी हो गई। पीड़ित ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। आरिफपुर नवादा निवासी जावेद ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपनी एर्टिगा कार को घर के बाहर प्लाट में खड़ा की थी जिसे देर रात अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। जब सुबह घर के बाहर आया तो कार गायब थी। युवक ने तुरंत डायल 112 को फोन किया और आस-पास काफी तलाश करने के बावजूद कार का कोई सुराग नहीं लगा।

## मिशन शक्ति के तहत कॉलेज में हुई संगोष्ठी

**बदायूं, अमृत विचार** : राजकीय महाविद्यालय में मिशन सशक्तिकरण के तहत संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थिति विद्यार्थियों को योजना के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित हुई। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता के निर्देशन में किया गया। इस दौरान पुस्तकालय प्रवक्ता डॉ शशि प्रभा ने छात्राओं को महिला व पुलिस हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी एवं छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रकार के साइबर खतरों तथा उनसे बचाव के बारे में बताया। मिशन शक्ति प्रभारी डॉ ज्योति विश्नोई ने विचार व्यक्त किए। कहा कि साइबर सुरक्षा कंप्यूटर, सर्वर, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक और डाटा को डिजिटल हमलो, चोरी या क्षति से बचाने की प्रक्रिया है। और हमें अपने व्यक्तिगत फोटो, वीडियो एवं बैंक संबंधी जानकारी को सुरक्षित रखना चाहिए और चोरी होने से बचाना चाहिये। कार्यक्रम में लक्ष्मी, सेजल, पूर्णिमा तोमर, समीक्षा, तमन्ना, वैभवी, वैष्णवी मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# जिले को मिलीं परिवहन निगम की 10 बसें

## बस मिलने के बाद यात्रियों को आवागमन में नहीं होगी असुविधा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- बसों के बेड़े में शामिल होने के बाद परिवहन निगम की आय में होगी बढ़ोतरी

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम से जनपद को 10 नई बसें मिली हैं। बसें मिलने के बाद यात्रियों को आवागमन में सुविधा होगी। हालांकि यह बसें कुछ साल पुरानी हैं। इस कारण इनका संचालन आस-पास के मार्गों पर किया जाएगा। छोटे रूटों पर यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। साथ ही, परिवहन निगम की आय में बढ़ोत्तरी होगी।

बीते साल 2025 में माह सितंबर में परिवहन निगम के बेड़े में शामिल 38 खटारा बसों को अनुपयोगी घोषित कर नीलामी के लिए भेज दिया गया था। एक साथ 38 बसें कम हो जाने के कारण यात्रियों को असुविधा होने लगी थी। साथ ही निगम के राजस्व में भी कमी आई थी। ऐसी स्थिति बनने पर परिवहन निगम के अधिकारियों ने 20 नई बसों की मांग करते हुए शासन को पत्र लिखा था। अधिकारियों की इस मांग को स्वीकार करते हुए 20 नई बसें भेज दी गईं। भेजी गई यह बसें आयशर कंपनी की है। इस कारण इन्हें बरेली और रुहेलखंड डिपो में शामिल कर दिया। अब वहां से टाटा लीलैंड की कुछ साल पुरानी 10 बसों को भेजा जा रहा है। परिवहन निगम के अधिकारियों के अनुसार यह बसें चार से पांच दिन में मिलने की उम्मीद है। अधिकारियों ने बताया कि इन बसों के आने से यात्रियों को अधिक सुरक्षित और आरामदायक यात्रा की सुविधा मिल सकेगी। हालांकि यह बसें कुछ साल पुरानी हैं इसलिए उनका संचालन ग्रामीण और छोटे रूटों पर किया जाएगा। इससे यात्रियों को यात्रा के दौरान आ रही दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। साथ ही राजस्व में भी बढ़ोत्तरी होगी।

> 20 नई बसें आईं हैं लेकिन यह बसें आयशर कंपनी की हैं। इनका मेंटेनेंस वर्कशॉप में नहीं हो सकता था। इस कारण इन बसों को बरेली रीजन में ही रोक लिया गया। वहां से कुछ साल चली हुई टाटा कंपनी के बसें मिल रही हैं। यह कुछ ही दिनों में आ जाएंगी। पुरानी होने की वजह से इनका संचालन ग्रामीण क्षेत्र के रूटों पर किया जाएगा।
>
> **राजेश पाठक**, एआरएम परिवहन निगम

जनपद में परिवहन निगम के पास 106 सरकारी और 46 अनुबंधित बसों का बेड़ा है। इनका संचालन दिल्ली, देहरादून, हिमाचल प्रदेश सहित अन्य रूटों पर हो रहा है। इनमें से अधिकांश बसों का संचालन दिल्ली रूट पर होता है। इसके कारण ग्रामीण क्षेत्र के यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। अब विभाग को 10 बसें मिल रही हैं। इनका संचालन छोटे और ग्रामीण रूटों पर किया जाएगा। इससे लोगों को सुविधा मिल सकेगी।

## चोरी किए मसूर के दो कट्टे आढ़त पर बेचते पकड़ा गया चोर

**उझानी, अमृत विचार:** कृषि उत्पादन मंडी के निकट आढ़तियां के गोदाम से कुछ दिनों पहले मसूर के दो कट्टे चोरी हो गये। शनिवार को चोरी गई मसूर को आढ़त पर बेचते हुए चोर को पकड़ लिया जिसे पुलिस को सौंप दिया है। इस मामले में पुलिस पूछताछ कर रही है।

रानी अनाज मंडी निवासी राजेश कुमार वार्ष्णेय उर्फ रामू की नवीन कृषि उत्पादन मंडी में संगम ट्रेडर्स के नाम से आढ़त है। मंडी के निकट ही उनका गोदाम है। उसमें 40 कट्टे मसूर के रखे थे। किसी समय उसमें से दो कट्टे चोरी हो गये। राजेश वार्ष्णेय रामू ने बताया कि वह मंडी में आने वाली मसूर ज्यादा मोटी होने की वजह से सिर्फ हमारी ही फर्म खरीदती है। शनिवार जब एक आढ़तिया दिखाने आया तो शक हुआ, गोदाम खोलकर देखा तो दो कट्टे गायब मिले जबकि बिकने आए वह ही मसूर के कट्टे थे। जानकारी करने पर मालूम पड़ा कि दुकान का ही नौकर मसूर चोरी कर ले गया। आढ़तियों ने उसे पकड़कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस चोर को पकड़कर साथ ले गई। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि नौकर ने ही मसूर की चोरी की थी।

# ट्रैक्टरों के बीच जोर आजमाइश, सीज



एक्सप्रेस वे के नीचे ट्रैक्टरों के बीच होती जोर आजमाइश • अमृत विचार

संवाददाता, विजय नगला

- वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने की कार्रवाई
- संज्ञान लेकर गांव पहुंच गई पुलिस

**अमृत विचार:** गंगा एक्सप्रेस वे पर ट्रैक्टरों के बीच जोर आजमाइश हो रही है। जीतने वाले को दस हजार रुपए मिलते हैं। इसी जोर आजमाइश में प्रतिभाग करने वाले एक व्यक्ति ने इसका वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। जिसका संज्ञान लेते हुए थाना पुलिस ने ट्रैक्टरों को कब्जे में ले लिया है। उन्हें सीज कर दिया है।

थाना बिनावर क्षेत्र के बरेली मथुरा हाईवे स्थित गंगा एक्सप्रेस वे पुल के नीचे हाई हॉर्सपावर के दो टैक्टरों के साथ चालकों ने आपस में टूचैन में बांधकर जोर आजमाइश पर दस दस हजार रुपए का दांव खेल लगा दिया। जिसमें एक ट्रैक्टर थाना क्षेत्र के गांव ददमई का है। ट्रैक्टरों के बीच होने वाली जोर आजमाइश देखने के लिए भीड़ जुट जाती है। बताया जा रहा है कि जोर आजमाइश को जीतने वाले चालक ने इसका वीडियो अपनी इंस्टाग्राम और फेसबुक आईडी पर पोस्ट कर दिया जिसका संज्ञान लेते हुए थाना पुलिस गांव पहुंच गई। पुलिस ने गांव पहुंचकर दोनों ट्रैक्टर कब्जे में ले लिए।

उन्हें थाने लाकर सीज कर दिया। थाना प्रभारी अरिहंत कुमार ने बताया इंटरनेट पर वायरल वीडियो पर संज्ञान लिया गया है। दोनों को ट्रैक्टरों कब्जे में लेकर सीज कर दिया है।

वहीं बताया जा रहा है कि बीते शुक्रवार को ट्रैक्टरों की हार जीत का मुकाबला थाना सिविल लाइन क्षेत्र के गांव भगवतीपुर के जंगल में भी हुआ था। जिस पर 50 हजार रुपए का दाव लगाया था। इसका भी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## शिक्षकों ने ग्रामीणों को किया जागरूक, निकाली रैली



स्कूल चलो अभियान रैली निकालते शिक्षक व विद्यार्थी। • अमृत विचार

संवाददाता ,दातागंज

**अमृत विचार** : शनिवार को ग्राम पुरैनी में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत जनजागरूकता रैली निकाली गई जिसमें बच्चों औ शिक्षकों ने ग्रामीणों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया।

इस दौरान प्रधानाध्यापक मोहम्मद राशिद क़ादरी ने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने सभी से अपील की कि अधिक से अधिक बच्चों का विद्यालयों में नामांकन करने के लिए कहा। इस मौके पर शिक्षक किशन वर्मा, चमन शर्मा, रोहित पटेल, शुभम गुप्ता, प्रेमलता शाक्य आदि लोग रहे।

## मनाई गई महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार** : शनिवार को भाजपा नेत्री ममता शाक्य के आवास पर महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती हर्ष और उल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत फुले जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर की गई। कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रीय लोगों ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

ममता शाक्य ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने समाज में व्याप्त कुरीतियों और अशिक्षा के खिलाफ जीवन भर संघर्ष किया। उन्होंने महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले के साथ मिलकर ऐतिहासिक कार्य किए, जो आज भी प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने पुणे में भारत का पहला बालिका विद्यालय स्थापित कर समाज में शिक्षा की नई क्रांति का सूत्रपात किया।



ज्योतिबा फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित करती ममता शाक्य व अन्य। • अमृत विचार

मौर्य शाक्य कुशवाहा सैनी महासभा के जिला अध्यक्ष रामेश्वर शाक्य ने कहा कि महात्मा फुले का जीवन समाज सुधार और समानता के लिए समर्पित रहा है। उनके आदर्श आज भी समाज को सही दिशा दे रहे हैं। जिला महासचिव हरिओम सैनी ने कहा कि फुले ने शिक्षा के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने का जो कार्य किया, वह अतुलनीय है और हमें उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन राकेश शाक्य द्वारा किया गया।

इस मौके पर डॉ. मुकेश चंद्र मौर्य, पी.डी. सिंह, राकेश शाक्य, राम गोपाल बघेल, सुनील शाक्य, सत्यपाल शाक्य, राजा राम शाक्य, महिपाल शाक्य, नीरेश शाक्य, ओमकार शाक्य सहित कई क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

## राष्ट्र प्रथम के संकल्प के साथ गांव-गांव भाजपा का अभियान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर ग्राम बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत शनिवार को जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव ने सहसवान विधानसभा के सहसवान ग्रामीण मंडल के ग्राम सिरसोल व शादीपुर के बूथ संख्या 244 में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम में गणमान्य नागरिकों का सम्मान कर चौपाल के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी सरकार के 9 वर्षों की जनकल्याणकारी उपलब्धियों बताया गया। इस अवसर पर सहसवान ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष वीरपाल सिंह यादव, सोपाली प्रजापति मंडल महामंत्री, राम रईस यादव, तिलक सिंह यादव शुभम सिंह यादव, सोवरन यादव, वीरभान प्रजापति व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



महिला को सम्मानित करतीं वर्षा यादव। • अमृत विचार

## क्रय केंद्र पर अब तक शुरू नहीं हो सकी गेहूं खरीद

संवाददाता ,दातागंज

**अमृत विचार** : मंडी समिति में खुले सरकारी गेहूं क्रय केंद्र पर वारदाने के अभाव में खरीद शुरू नहीं हो सकी है। वहां सन्नाटा पसरा हुआ है। किसान क्रय केंद्र के चक्कर लगाकर निराश होकर लौट रहे हैं।

मंडी समिति में आरएफसी के चार क्रय केंद्र खोले गए हैं। इनमें से दो पर ही प्रभारी नियुक्त किए गए है। इन्हीं पर अन्य दो का भी इंचार्ज बना दिया गया है। शनिवार को दातागंज मंडी समिति में खोले गए चार क्रय केन्द्रों में से एक पर बैनर टंगा हुआ था। क्रय केंद्र प्रभारी टिकूं सिंह ने बताया कि अभी तक वारदाना नहीं मिला है । जिससे खरीद शुरू नहीं हो सकी है । वारदाना आने का इंतजाम किया जा रहा है । इसके लिए प्रशासन ने राशन कोटेदारों से वारदाना एकत्रित करके खरीद शुरू कराने के निर्देश दिए है । कोटेदारों से वारदाना मिलने के बाद ही खरीद शुरू हो सकेगी, जबकि दूसरे दो केन्द्र की प्रभारी मधु केन्द्र पर मौजूद नहीं थी।



क्रय केंद्र पर पसरा सन्नाटा।

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का परिणाम घोषित

**करियामई, अमृत विचार** : विकास खंड के गांव करियामई स्थित केपी शर्मा मॉडल दुर्गा देवी इंटर कॉलेज में शनिवार को कुंवरपाल शर्मा की पुण्यतिथि के अवसर पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए गए। यह प्रतियोगिता 22 मार्च को आयोजित की गई थी। कार्यक्रम में जगमोहन शर्मा, मक्खन लाल, अखिलेश कुमार, मुनेश कुमार, खिलेन्द्र पाल, वीरेश कुमार, धर्मेंद्र पाल, संगीता रानी, निकिता शर्मा. पायल, रुवेश रानी आदि रहे।



प्रतिभागी को सम्मानित करते अतिथि।

## एनसीईआरटी की पुस्तकों का हुआ प्रदर्शन

- मेले में छात्र-छात्राओं ने कीं पुस्तकों की खरीदारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** एसके इंटर कॉलेज में शनिवार को पुस्तक मेला लगा जिसमें एनसीईआरटी की पुस्तकों का प्रदर्शन किया गया। यह मेला माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव के आदेशों पर लगाया था जिसमें विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने पहुंचकर पुस्तकों की खरीदारी की।

मेला का शुभारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक लाल जी यादव के द्वारा किया गया। पुस्तक मेला में विद्यार्थियों ने बहुत ही उत्साह के साथ पुस्तक मेला का लाभ उठाया। कॉलेज के गणित प्रवक्ता विवेक जौहरी ने बताया की एनसीईआरटी की पुस्तकें सरकार द्वारा प्रकाशित एवं प्रसारित हैं जो सबसे अच्छी और सबसे सस्ती है। हमें उन्हीं पुस्तकों को खरीद कर इनका स्वाध्याय करना चाहिए। विशेष कर गणित विषय में एनसीईआरटी की पुस्तक के साथ एक्सेंपलर भी खरीदना चाहिए जिसमें बहुत ही अच्छी पाठ्य एवं अभ्यास सामग्री होती है। पुस्तक मेला में पहुंचे विद्यार्थियों द्वारा की गई जिज्ञासाओं का भी समाधान किया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्रधानाचार्य संदीप भारती, राजेंद्र कुमार, श्री राम, मनोज कुमार, अरविंद गंगवार, संदीप कुमार, रविंद्र सिंह, सोनी, सोनल, पंकज शर्मा आदि उपस्थित रहे।



एसके कॉलेज में लगे पुस्तक मेला में किताबें देखतीं छात्राएं। • अमृत विचार

## जेडीएल वी पब्लिक स्कूल में मेधावी सम्मानित

**बिल्सी , अमृत विचार** : कस्बे के जेडीएलबी पब्लिक स्कूल में शनिवार को परीक्षा फल वितरण किया गया। मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए स्कूल प्रबंधन आगे बढ़ने को प्रेरित किया गया। शनिवार को स्कूल में आयोजित सम्मान समारोह में विद्यालय चेयरमैन रामनिवास, रामप्रकाश सहित अनेक अतिथि शामिल हुए। स्कूल डायरेक्टर डॉ नीरज कुमार, मैनेजिंग डायरेक्टर एड. नितिन कुमार, प्रधानाचार्य आरके शर्मा उप प्रधानाचार्य गीता शर्मा, सीनियर टीचर संदर्भ अध्यापक कु.अंजलि जाह्नवी, कौशिकी, शिवांश शर्मा, लोकेंद्र सिंह का पूर्ण सहयोग रहा। मुख्य अतिथि ने मेधावी छात्र-छात्राओं को परीक्षा फल व मेडल लेकर सम्मानित किया।

नोटिस

120 करोड़ का किया भुगतान, 50 करोड़ से अधिक बकाया

# चीनी मिलों ने खरीदा पौने दो सौ करोड़ का गन्ना

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- बिसौली और न्योली चीनी मिलों को फिर जारी किया नोटिस
- अब तक किया जा चुका है 120 करोड़ रुपये का भुगतान

**अमृत विचार** : इस साल आठ चीनी मिलों ने जिले के किसानों का करीब पौने दो सौ करोड़ का गन्ना खरीदा। इसमें से 120 करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया गया है। चीनी मिलों पर पचास करोड़ से अधिक का बकाया है। यह बकाया जल्द किसानों के खातों में भेजने के लिये गन्ना विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। बिसौली और न्योली शुगर मिल को फिर से नोटिस जारी किया गया है।

जनपद के किसानों का गन्ना आठ चीनी मिलें खरीदती हैं। इनमें दो चीनी मिलें जिले की हैं जबकि छह दूसरे जनपदों की हैं। इस बार सभी चीनी मिलों ने 170 करोड़ से अधिक का गन्ना खरीदा। इसमें 120 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है जबकि पचास करोड़ से अधिक का बकाया है। गन्ना खरीद करने वाली चीनी मिलों में बिसौली की यदु शुगर मिल ने 36 करोड़ 7 लाख का गन्ना खरीदा जिसमें से नौ करोड़ 41 लाख का भुगतान किया जा चुका है। मिल पर अभी तक 25 करोड़ बकाया है। न्यौली ने 6 करोड़ 82 लाख का गन्ना खरीदा। जिले की सहकारी चीनी मिल शेखूपुर पर 13 करोड़ 50 लाख का बकाया है। इन चीनी मिलों पर करीब 50 करोड़ से अधिक का बकाया है जबकि रजपुरा, फरीदपुर, मझावली और रूपापुर चीनी मिलें किसानों का शत-प्रतिशत भुगतान कर चुकी हैं।

बदायू के जिला गन्ना अधिकारी अशरफी लाल ने बताया कि बिसौली और न्योली शुगर मिल को फिर से नोटिस जारी किए गए हैं। इन दोनों मिलों से जल्द भुगतान कराने का प्रयास है। गन्ना किसानों ने चक्कर लगाने शुरू कर दिए हैं। शासन के निर्देश हैं कि 30 अप्रैल तक हर हाल में किसानों के खातों में पैसा पहुंच जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि बिसौली चीनी मिल को लेकर कई बार ऊपर से निर्देश दिए गए हैं इसलिए मिल प्रबंधन पर दबाव बनाया जा रहा है। हालांकि मिल प्रबंधन ने भी आश्वासन दिया है कि तय समय में भुगतान कर दिया जाएगा।

### वसंत कालीन गन्ना बुवाई का लक्ष्य अधूरा

शासन द्वारा वसंतकालीन गन्ना बुवाई का दिया गया लक्ष्य पूरा करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। बिसौली चीनी मिल के किसानों ने चार हजार हेक्टेयर से अधिक में गन्ना लगाया है जबकि छह हजार हेक्टेयर का लक्ष्य दिया गया है। लक्ष्य पूरा करने को 15 अप्रैल तक का समय दिया गया है। बदायूं चीनी मिल क्षेत्र में भी दो हजार हेक्टेयर गन्ने की बुवाई की जा चुकी है। गन्ना किसानों को अब गन्ना बीज की ऑनलाइन जानकारी दी जा रही है। गन्ना किसानों को नई व्यवस्था के बारे में जागरूक किया जा रहा है। विभाग का कहना है कि हर हाल में गन्ना बुवाई का लक्ष्य पूरा करना है, लेकिन चार दिन में लक्ष्य पूरा होता नजर नहीं आ रहा।

### गन्ना खेती का रकबा बढ़ाने में जुटा विभाग

जनपद में गन्ना खेती का कुल रकबा करीब 17 हजार हेक्टेयर है। इस रकबा को बढ़ाने के लिये शासन स्तर से सख्ती शुरू कर दी गई है। इसको लेकर गन्ना विभाग किसानों के बीच में गोष्ठियां कर रहा है। नए गन्ना किसान तैयार करने की कोशिश कर रहा है। किसानों को नया बीज और वैज्ञानिक तकनीक देकर गन्ना खेती से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इस साल 21 हजार हेक्टेयर तक गन्ने का रकबा बढ़ने की उम्मीद की जा रही है।

सबसे पुराना स्थापित 1960
गुप्त रोगी
रोजाना मिलें
हर जगह से परेशान रोगी मिले
नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी
बिना ऑपरेशन
दर्द रहित उपचार
बवासीर
खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर
कांच का बिना ऑपरेशन
इलाज दर्द रहित
उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1
डॉ. सी.पी. गुप्ता
क्लीनिक
निकट जिला पंचायत चौपुला
कुतुबखाना रोड, बरेली
मो. 9259082174

## न्यूज ब्रीफ

### दो बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत, दो घायल

**बदायूं, अमृत विचार :** दो बाइकों की आमने-सामने से भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई जबकि उसके दो चचेरे भाई घायल हो गए। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा गया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गांव कादरनगर निवासी मोहित पुत्र जोगेंद्र अपने चचेरे भाई मनोज और अंकित के साथ जरीफनगर थाना क्षेत्र के कस्बा नाधा से अपने गांव लौट रहे थे। नाधा के पास विपरीत दिशा से आई बाइक से उनकी बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस घायल को अस्पताल ले गई जहां चिकित्सक ने मोहित को मृत घोषित कर दिया।

### भाकियू ने दी भूख हड़ताल की चेतावनी

**बिल्सी, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी गुट) का धरना प्रदर्शन शनिवार को छठे दिन भी जारी रहा। कार्यकर्ता तहसील प्रांगण में एक महिला को न्याय दिलाने की मांग को लेकर डटे रहे। तहसील अध्यक्ष राम सिंह ने बताया कि क्षेत्र के गांव अगोल निवासी सोमवती के घूर की जमीन पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है। आरोप है कि कब्जाधारियों ने वहां मिट्टी डालकर रास्ता भी बाधित कर दिया और मकान की ओर दरवाजा तक निकाल लिया है। मामले की शिकायत कई बार अधिकारियों से की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। कहा कि जब तक पीड़िता को न्याय नहीं मिलेगा, आंदोलन जारी रहेगा। कहा कि समाधान न होने पर कार्यकर्ता भूख हड़ताल शुरू करेंगे। उपजिलाधिकारी प्रेमपाल सिंह ने मौके पर पहुंचकर वार्ता की, लेकिन कोई ठोस निष्कर्ष नहीं निकल सका। इस दौरान कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### पशुशाला का ताला तोड़कर भैंस चोरी

**ओरछी, अमृत विचार :** फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बंद नहीं हो पा रही हैं। चोरी को अंजाम देकर चोर आसानी से फरार हो जा रहे हैं। दो महीने में दो दर्जन से ज्यादा चोरियां हो चुकी हैं लेकिन पुलिस खुलासा नहीं कर पा रही। चोरों ने अब गांव खेड़ादास में पशुशाला को निशाना बनाया। एक भैंस चोरी कर ली। गांव निवासी सत्यराज पुत्र बनवारी लाल ने बताया कि वह रोज अपनी भैंस को पशुशाला में बांधकर गेट पर ताला डालकर चले जाते हैं।

# भारोत्तोलन, पावर लिफ्टिंग, महिलाओं के योग में बदायूं के नाम हुई चल वैजयंती

## रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित की गई पुलिस विभाग की तीन दिवसीय प्रतियोगिताएं

- **पुरुष वर्ग की योग प्रतियोगिता में बरेली जिले की टीम को मिली चल वैजयंती, सम्मानित हुए खिलाड़ी**

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** रिजर्व पुलिस लाइन में चल रही पुलिस विभाग की महिला व पुरुष वर्ग की अंतर्जनपदीय भारोत्तोलन, योग, पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का तीसरे दिन समापन हो गया। विजेता टीम, खिलाड़ियों के साथ प्रतियोगिता में सहयोग करने वालों को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में जोन के नौ जिलों के लगभग 150 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। पुरुष व महिला वर्ग की भारोत्तोलन, पावर लिफ्टिंग और योग के महिला वर्ग में बदायूं जिले और पुरुष वर्ग की योग प्रतियोगिता में बरेली ने चल वैजयंती अपने नाम की।



चल बैजन्ती जीतने वाली बदायूं की टीम को सम्मानित करते सीओ सिटी रजनीश उपाध्याय।



प्रतियोगिता में सहयोग करने वालों को भी किया गया सम्मानित। • अमृत विचार

तीन दिनों तक कराई गई भारोत्तोलन, पावर लिफ्टिंग और योग की प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। पुरुष वर्ग के भारोत्तोलन में 37 अंकों के साथ बदायूं जिले को पहला स्थान मिला जबकि 18 अंकों के साथ रामपुर दूसरे स्थान पर रहा। वहीं महिला वर्ग में 24 अंकों के साथ बदायूं जिला पहले और 16 अंकों के साथ शाहजहांपुर दूसरे स्थान पर रहा। पॉवर लिफ्टिंग की पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता में बदायूं को 34 अंक मिले। बदायूं पहले नंबर पर और 14 अंक हासिल करके रामपुर दूसरे स्थान पर रहा। महिला वर्ग में 30 अंकों के साथ बदायूं को पहला, मुरादाबाद को 15 अंक मिलने पर दूसरा स्थान मिला। पुरुष वर्ग की योग प्रतियोगिता में 8 अंक अर्जित कर बरेली ने बाजी मारी। 6 अंक हासिल होने पर बदायूं को दूसरा स्थान मिला। वहीं महिला वर्ग में 13 अंक हासिल करके बदायूं ने पहला और 10 अंकों के साथ मुरादाबाद ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता सीओ सिटी रजनीश उपाध्याय की देखरेख में हुई। संचालन प्रतिसार निरीक्षक इंद्रजीत सिंह ने किया। निर्णायक मंडल में राजीव कुमार, रामदास यादव, ज्योति सक्सेना, सुरेंद्र सिंह, दिलीप जोशी, महक, रोशनी रहे।

# पांच साल में 1500 हेक्टेयर बंजर जमीन बनाई उपजाऊ

केपी शर्मा, बदायूं

**अमृत विचार :** ऊसर भूमि को उपजाऊ बनाने का काम जारी है। शासन से लक्ष्य मिलने के बाद भूमि संरक्षण विभाग ने बंजर, बीहड़ और ऊसर खेतों से मिट्टी उठाकर जांच कराई। मिट्टी को उपजाऊ बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए। जिसका परिणाम सामने आ गया है। विभाग ने पांच साल में 1500 हेक्टेयर ऊसर जमीन को उपजाऊ बनाया है। जो कई किसानों को पट्टे पर दी गई। जिससे किसानों की आय बढ़ी है। विभाग ने किसानों को खेती बाड़ी के प्रति जागरूक भी किया है।

भूमि संरक्षण विभाग सरकार की मंशा के अनुरूप ऊसर बीहड़ और बंजर जमीन को उपजाऊ बनाता है। सरकार हर पांच साल के ऊसर बंजर भूमि को उपजाऊ बनाने का लक्ष्य देती है। जिसके बाद विभाग जनपद में ऊसर बंजर और बीहड़ भूमि चिन्हित करता है। पांच साल की इस योजना के तहत किसानों की जमीनों की गुणवत्ता आंकी जाती है। किसानों से अपने खेतों की मिट्टी की जांच कराने को कहा जाता है जिससे उस मिट्टी की प्रयोगशाला में जांच की जा सके। भूमि संरक्षण विभाग ने पिछले पांच सालों में करीब पन्द्रह सौ हेक्टेयर को उपजाऊ बनाया है। ब्लॉक सहसवान में करीब पांच सौ हेक्टेयर ऊसर भूमि को चिन्हित किया गया। यह जमीन किसानों के नाम है। किसानों को इस जमीन पर कोई फसल नहीं मिलती थी जिसके बाद विभाग ने उक्त जमीनों की मिट्टी की जांच की।



बीहड़ ऊसर जमीन को उपजाऊ बनाने के बाद देख रहे कृषि अधिकारी।

# हत्याकांड के मुख्य आरोपी के ताऊ को एक और नोटिस जारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा कर बनाई गईं थीं दुकानें**

**अमृत विचार :** थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव सैंजनी स्थित एचपीसीएल के प्लांट पर दोहरे हत्याकांड को अंजाम देने वाले अजय प्रताप सिंह के ताऊ पूर्व प्रधान राकेश को एक और नोटिस जारी किया गया था। यह नोटिस ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा करने के मामले में दिया गया है। सात दिनों में उनसे उनका पक्ष रखने को कहा गया है।

एचपीसीएल के प्लांट पर 12 मार्च को आरोपी ने उप महाप्रबंधक सुधीर गुप्ता और सहायक मुख्य प्रबंधक हर्षित मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। आरोपियों को जेल भेजा गया। जांच में जिनके नाम सामने आ रहे हैं उनपर कार्रवाई की जा रही है। तहसील प्रशासन ने आरोपियों की संपत्ति की जांच कराई तो अवैध कामों की फेहरिस्त बढ़ती जा रही है। हत्याकांड के मुख्य आरोपी के ताऊ पर ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा करके 58 दुकानें बनवाने का आरोप है। जिससे लाखों रुपये का किराया आता था। पुलिस ने एक मकान और 11 दुकानें ध्वस्त की थी। जिसके बाद तहसीलदार कोर्ट में वाद दायर किया गया और राकेश सिंह पर 45.57 लाख रुपये जुर्माना लगाते हुए नोटिस जारी किया गया था जिसमें निर्धारित की गई अवधि शनिवार को समाप्त हो गई। इस अवधि में राकेश सिंह ने तहसीलदार कोर्ट में अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं किया। जिसके चलते कोर्ट ने एक और नोटिस जारी करके राकेश से उनका पक्ष पूछा है। इसके लिए सात दिन का समय दिया गया है।

# कार में चिल्लाती रही पत्नी, बाहर असहाय हो गया था पति

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** ऑपरेशन के बाद पूरा परिवार एक ही कार से आने को था लेकिन प्रिया की स्थिति सही न होने की वजह से परिवार के अन्य लोग दूसरी कार से घर गए थे लेकिन क्या पता कि रास्ते में अनहोनी हो जाएगी। जली हुई कार और शव की स्थिति देखकर भयावहता का अंदाजा लगाया जा सकता है कि पत्नी भीतर कार में जल रही थी लेकिन असहाय पति कुछ नहीं कर पाया।



महिला की जलकर मौत के बाद गमगीन परिजन। • अमृत विचार

- **प्रिया को परेशानी होने की वजह दूसरी कार से घर पहुंचे थे परिजन**

कादरचौक में कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर पद पर तैनात उसहैत निवासी अर्पित भारद्वाज पुत्र प्रमोद भारद्वाज की शादी लगभग ढाई साल पहले लखीमपुर खीरी के कस्बा पलिया निवासी प्रिया के साथ हुई थी। दोनों खुशहाल जिंदगी जी रहे थे। उनकी डेढ़ साल की बेटी भी है। कुछ दिन से प्रिया को पथरी का तेज दर्द होने लगा था जिसके चलते उन्हें ऑपरेशन कराने का फैसला किया। उन्होंने तीन दिन पहले ऑपरेशन कराया जिसके बाद शनिवार को अस्पताल से छुट्टी हुई थी।

परिवार के लोग एक कार से आने को थे। परिजनों के अनुसार प्रिया को समस्या हो रही थी तो वह प्रिया की बच्ची को साथ में लेकर दूसरी कार से आए। वह लोग रात 10 बजे ही घर पहुंच गए थे। हादसे में मौके की स्थिति को देखकर भयावहता का अंदाजा लगाया जा सकता है। पति जैसे-तैसे बाहर आ गये लेकिन पत्नी कार में चिल्लाती रही। बाहर बेबस खड़ा पति उसे बचा न सका। कार के दरवाजे लॉक होने की वजह से वह पत्नी को बाहर नहीं निकाल सके।



जिला अस्पताल में भर्ती झुलसे हुए अर्पित भारद्वाज। • अमृत विचार



हादसे के बाद जली कार और जांच करते पुलिसकर्मी। • अमृत विचार

# नाराज होकर गई युवती पुलिस ने की बरामद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **युवती के पिता की तहरीर पर 11 मार्च को दर्ज की गई थी गुमशुदगी**
- **मां की डांट से नाराज होकर चली गई थी युवती**

**अमृत विचार :** मां की डांट से नाराज होकर एक युवती घर छोड़कर चली गई थी। युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके युवती की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने उसे नोएडा से बरामद करके परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

थाना वजीरगंज क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने 11 मार्च को तहरीर देकर बताया था कि उसकी 23 साल की बेटी घर पर बिना बताए लापता हो गई है। तलाश करने के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चल सका। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की। वजीरगंज के मिशन शक्ति प्रभारी उपनिरीक्षक उम्मेद सिंह पोसवाल, सिपाही सचिन कुमार, मंजीत ने युवती की तलाश शुरू की। जिसके आधार पर पुलिस नोएडा के सेक्टर 115 पहुंची। वहां के शोरखा चौराहे से युवती को बरामद कर लिया।

युवती ने बताया कि मां की डांट से नाराज होकर वह नोएडा चली गई थी जहां प्राइवेट जॉब करने लगी थी। युवती मिलने के बाद परिजनों ने पुलिस को शुक्रिया अदा किया।

# समस्याओं को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा

**बदायूं, अमृत विचार :** भाकियू चढ़ूनी ने कलेक्ट्रेट पर बैठक कर स्मार्ट मीटर हटाने की मांग करते हुए किसानों की समस्याओं को उठाया। छुट्टा गोवंश और निजी स्कूलों की भारी भरकम फीस का विरोध किया। बैठक के बाद छह सूत्रीय ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा गया।

शनिवार को मालवीय आवास गृह पर बैठक करते हुए जिलाध्यक्ष सतीश साहू ने कहा कि बिजली विभाग स्मार्ट मीटर लगा कर लोगों को लू रहा है। स्मार्ट मीटर बंद होने चाहिए। बिल्सी तहसील अध्यक्ष रामसिंह ने कहा कि ग्राम पिंडौल में छुट्टा गोवंश के आतंक से किसान परेशान हैं। जिलाध्यक्ष सतीश साहू ने कहा जनपद में निजी विद्यालयों में निजी प्रकाशन की पुस्तकों की बिक्री की जा रही है।

# जरूरतमंद तक पहुंच रहीं योजनाएं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** भाजपा के 47 वें स्थापना दिवस पर चलाए जा रहे ग्राम बस्ती चलो अभियान के तहत मंडल सलारपुर के कुंवर गांव तथा सिविल लाइन मंडल के मोहल्ला नेकपुर में संवाद कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने ग्राम के गणमान्य नागरिकों वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया। उन्होंने चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए आश्वस्त किया।



वरिष्ठ नागरिक का सम्मान करते राजीव गुप्ता • अमृत विचार

जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की योजनाओं का उद्देश्य केवल लाभ देना नहीं, बल्कि लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना है। आयुष्मान भारत योजना गरीब परिवारों को गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सुरक्षा प्रदान कर रही है, प्रधानमंत्री आवास योजना जरूरतमंदों को पक्का घर देकर उनके जीवन में स्थायित्व ला रही है, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि किसानों को सीधी आर्थिक सहायता देकर उनकी खेती को मजबूत कर रही है, जनधन योजना गरीबों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है, तथा स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छता को जन आंदोलन बनाकर स्वस्थ समाज की नींव रख रहा है।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष नौरंग पाल, गोपाल शर्मा, अरविंद कुमार, रचित साहू, नितिन शर्मा, पंकज गुप्ता, मनोज चंदेल, अवनीश कुमार शर्मा, डॉ वी.पी सिंह सोलंकी, राम बहादुर पांडेय, सुरजीव गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# सुरक्षा के लिए महिलाओं को किया जागरूक

**बिल्सी , अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव मिर्जापुर शोहरा में शनिवार को मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत पुलिस टीम द्वारा जागरूकता कार्यक्रम चलाया। थाना पुलिस ने शासन की योजनाएं बताईं। केंद्र प्रभारी रचना देशवाल के नेतृत्व में महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं, सुरक्षा उपायों और हेल्पलाइन नंबर—112, 1090, 181, 1930, 1098 आदि की जानकारी दी गई। साथ ही साइबर अपराध, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़ व उत्पीड़न से बचाव के उपाय सरल भाषा में समझाए गए। पुलिस टीम ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने, अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और किसी भी समस्या में तुरंत सहायता लेने के लिए प्रेरित किया।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें

9756905552, 8445507002

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल वर्ष 2019 अनुक्रमांक 0800542 का प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है जो तलाश करने के बाद भी नहीं मिला है। **सचिन पुत्र मुन्ना लाल निवासी ग्राम ढकनी रजपुरी जिला बरेली।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र शिवम सिंह पुन्डीर व पुत्रवधु नेहा कुमारी को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **राजकुमार पुत्र नेपाल सिंह निवासी नई बस्ती नकासे के पास लाईनपार मठिया फरीदपुर जिला बरेली।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा यूपी बोर्ड इलाहाबाद से निर्गत हाई स्कूल का मूल प्रमाण -पत्र सह अंक पत्र अनुक्रमांक 0975459 वर्ष 2019 वास्तव में कहीं खो गया है। काफी तलाशने के बाद भी नहीं मिला है। **प्रांची राना (PRANCHI RANA) पुत्री सरजू प्रसाद निवासी ग्राम व पोस्ट ढकिया, थाना गौरीफंटा, तहसील पलियाकलां , जिला लखीमपुर खीरी।**

**आवश्यकता है**

**बाबा रामदास पी.जी. कॉलेज**
सैदपुर कनी, भोलापुर, बरेली को निम्न विषयों में **प्रवक्ताओं** की आवश्यकता है
(Ph.D. एवं Net)
**For M.A. :**
**Political Science, Home Science**
**For M.Sc. :**
**Physics, Chemistry, Zoology, Botany**
इच्छुक अभ्यर्थी महाविद्यालय कार्यालय एवं email : principalbrdcbholapur @gmail.com पर समस्त प्रपत्र/फोटो सहित अपना Biodata भेजें।
**आर.डी. गुप्ता-प्रबन्धक**
**मो. 6396249614**

**सूचना**

मेरा एक बैनामा विक्रेता श्री नन्हू लाल उर्फ नन्हे पुत्र पूरन लाल उर्फ पुरनी, क्रेता-बन्दी पुत्र झंडूलाल, उसकी रजिस्ट्री नंबर 6669 दिनांक 24.05.2021 बही नं. 1 जिल्द नंबर 12620 पेज नं. 245 से 260 जिसके पूर्व-प्लॉट, पश्चिम-रास्ता 16 फीट चौड़ा, उत्तर-वकिया प्लॉट विक्रेता, दक्षिण-प्लॉट पंडित जी है वास्तव में कहीं खो गया है। **कल्लू सिंह पुत्र राम किशोर निवासी ग्राम नगला गुर्जर, बसेला बदायूँ।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।


# जंगली सुअरों के हमले से किशोर घायल

कार्यालय संवाददाता,संभल

- **परिजनों की सूचना पर पुलिस ने तीन घंटे बाद तलाश किया**
- **हमले से चोटिल होने के बाद बेहोश हो गया था**

**अमृत विचार :** मक्का की रखवाली करने गए किशोर पर दो जंगली सुअरों ने हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल किशोर खेत में बेहोश होकर गिर गया। जब वह काफी समय तक वापस नहीं आया तो परिजनों ने तलाश किया और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस के साथ परिजनों ने सर्च आपरेशन चलाया। किशोर करीब तीन घंटे बाद अचेत अवस्था में मिला।

बहजोई थाना क्षेत्र के अतरासी गांव निवासी वीरेंद्र का 14 वर्षीय बेटा विवेक कश्यप शुक्रवार को बाइक से मक्का के खेत की रखवाली करने के लिए गया था। उस समय उसकी बुआ प्रेमवती और चाचा दिनेश पास के खेत में गेहूं की कटाई कर रहे थे। दोनों ने विवेक को मक्का की घनी फसल के बीच न जाने की हिदायत दी थी, लेकिन किशोर उनकी बात को नजरअंदाज कर खेत के अंदर चला गया। काफी समय बीत जाने के बाद जब विवेक वापस नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता सताने लगी। बुआ और चाचा ने पहले आसपास तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर उन्होंने विवेक के पिता को सूचना दी। धीरे-धीरे अनहोनी की आशंका बढ़ने लगी, जिसके बाद डायल 112 पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम गांव अतरासी पहुंची और परिजनों के साथ मिलकर मक्का के घने खेत में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। काफी मशक्कत के विवेक खेत के अंदर अचेत अवस्था में पड़ा मिला। पुलिस और ग्रामीणों ने तुरंत उसे बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहजोई पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए एक्स-रे कराने की सलाह दी और जिला संयुक्त चिकित्सालय संभल के लिए रेफर कर दिया। शनिवार को परिजन उसे आगे के इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार मिलने के बाद उसे होश आ गया। होश में आने पर विवेक ने बताया कि जैसे ही वह मक्का की फसल के अंदर गया, वहां पहले से मौजूद दो जंगली सूअर अचानक उस पर हमला कर बैठे। एक सूअर की जोरदार टक्कर लगने से वह बेहोश हो गया।



सुअरों के हमले में घायल किशोर।

# बस में युवती से छेड़छाड़, विरोध करने पर आरोपी फरार

**बिल्सी, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव नरैनी में एक युवती के साथ बस में छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। पीड़िता ने पुलिस को बताया है कि वह शनिवार को अपनी मां और छोटी बहन के साथ नरैनी चौराहे से एक बस में सवार होकर बिसौली को जा रही थी। बस में मौजूद एक युवक ने उसके साथ अश्लील हरकतें शुरू कर दीं। युवती के विरोध करने पर आरोपी ने अभद्रता की। इसके बाद वह मौके से फरार हो गया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी लगातार उसे परेशान कर रहा था, और सीट पर बैठने के दौरान जानबूझकर छूने का प्रयास कर रहा था।

# साइबर ठगों ने क्रेडिट कार्ड से उड़ाए 58 हजार

संवाददाता, बिल्सी

- **पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन में दर्ज कराई शिकायत**

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव परौली निवासी एक युवक के क्रेडिट कार्ड से अज्ञात साइबर ठगों ने 58,902 रुपये पार कर दिए। पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर हेल्पलाइन सहित बिल्सी पुलिस से की है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

गांव परौली निवासी उमाशंकर मौर्य ने बताया कि उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई थी। कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को बैंक प्रतिनिधि बताते हुए क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा दिया और कुछ जरूरी जानकारी मांगी। पीड़ित के अनुसार, उन्होंने किसी भी प्रकार की गोपनीय जानकारी या ओटीपी साझा नहीं किया। इसके बावजूद कुछ ही देर बाद उनके क्रेडिट कार्ड से 58,902 रुपये कटने का मैसेज मोबाइल पर आ गया। खाते से पैसे कटते ही उनके होश उड़ गए। उन्होंने तुरंत साइबर हेल्पलाइन पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराई। साथ ही कोतवाली पहुंचकर पुलिस को भी प्रार्थना पत्र दिया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि बिना किसी जानकारी साझा किए इस प्रकार रकम कटना गंभीर मामला है, जिससे आम लोगों में डर का माहौल है। उधर, क्राइम इंस्पेक्टर वीके मौर्य ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

न्यूज ब्रीफ

### हादसे के बाद सुधारा अधूरा छोड़ा निर्माण

**बरखेड़ा, अमृत विचार** : नाला निर्माण कार्य के दौरान पुलिया के पास खुली छोड़ी गई सरियों को हादसे के बाद ठेकेदार ने सुधार कराया। यह अव्यवस्था लंबे समय से हादसे का सबब बनी हुई थी। बता दें कि नगर पंचायत की ओर से कस्बे में दौलतपुर मार्ग पर पानी निकास के लिए नाले का निर्माण कराया गया था। इस मार्ग पर पुलिया के समीप कार्य अधूरा छोड़ने के साथ ही सरिया खुली छोड़ दी गई थी। शुक्रवार को एक युवक पुलिया से गिर गया था और उसकी जांघ में सरिया घुस गई थी। घायल को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। इस हादसे के बाद शनिवार को ठेकेदार ने श्रमिक लगाकर अधूरे निर्माण कार्य और अव्यवस्थाओं को दुरुस्त कराया।

### जहर खाने का अंदेशा महिला रेफर

**बरखेड़ा, अमृत विचार** : जनपद बरेली के थाना व कस्बा क्योलड़िया की रहने वाली 23 वर्षीय शिवानी गंगवार पत्नी दर्शन सरन को शुक्रवार रात परिजन बरखेड़ा सीएचसी लेकर पहुंचे। चिकित्सक ने जहरीला पदार्थ खाए होने की आशंका जताई। प्राथमिक इलाज के बाद विवाहिता को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

### दंपती के घायल होने की रिपोर्ट दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचार** : जनपद शाहजहांपुर के थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के गांव गुवारी के निवासी दीपू पुत्र अशर्फीलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि तीन मार्च की शाम चार बजे उनका भतीजा सुमित और उसकी पत्नी मधु बाइक से थाना बरखेड़ा के गांव बरस्थना जा रहे थे। पीलीभीत बीसलपुर मार्ग पर गाजीपुर मुगल के पास पहुंचते ही दूसरी बाइक से टककर हो गई। हादसे में दपंति घायल हो गए थे।पुलिस ने बाइक चालक पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### गाली गलौज का विरोध करने पर मारपीट

**बरखेड़ा, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के गांव खजुरिया पचपेड़ा के निवासी अजयपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 10 अप्रैल को वह अपने गांव में मकान का लिंटर डालकर घर वापस आ रहे थे। रास्ते में गांव के ओमप्रकाश ने गाली गलौज का विरोध करने पर पिटाई कर दी। जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

मुख्यमंत्री ने की मियांपुर का नाम रविंद्र नगर करने की घोषणा, कहा- अब किसी क्षेत्र की पहचान गुलामी के प्रतीकों से नहीं होगी

# बांग्लादेश से विस्थापित 331 हिंदू परिवारों को सौंपा भूमि का मालिकाना हक

संवाददाता, मोहम्मदी



मोहम्मदी के मियांपुर में मंच से जनता का अभिवादन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। साथ में विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह व अन्य।

**अमृत विचार**: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को बांग्लादेश से विस्थापित 331 हिंदू परिवारों को भूमिधरी अधिकार पत्र वितरित करते हुए कहा कि पापी पाकिस्तान और टुकड़ों में बंटने वाला है। उन्होंने कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति का सबसे बड़ा दंश हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदायों ने झेला है। मुख्यमंत्री ने मियांपुर का नाम बदलकर रविंद्र नगर करने की घोषणा की और कहा कि अब किसी क्षेत्र की पहचान गुलामी के प्रतीकों से नहीं होगी। इस अवसर पर उन्होंने तीन विधानसभा क्षेत्रों की 417 करोड़ रुपये की 213 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने बड़ी संख्या में लाभार्थियों को चेक भी प्रदान किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज लखीमपुर खीरी जनपद में लगभग 7,000 परिवारों यानी लगभग 35,000 लोगों को भौमिक अधिकार प्रदान किए गए हैं। पलिया के बाद अब मोहम्मदी में भी 1,000 परिवारों को यह अधिकार उपलब्ध कराया जा रहा है। यह योजना बांग्लादेश से 1947 और 1971 में आए परिवारों को उनका अधिकार देने की है। पापी पाकिस्तान ने अपने कर्मों से भारत का विभाजन कराया, फिर पाकिस्तान के भी टुकड़े हुए। इंतजार करिए, अभी यह और टुकड़ों में बंटने वाला है। लेकिन पाकिस्तान के पापों की सजा वहां रह रहे हिंदुओं, सिखों, बौद्धों, जैनियों, पारसियों और ईसाइयों को मिली, क्योंकि उनके यहां किसी अन्य धर्म के लिए कोई जगह नहीं है।

उन्होंने कहा कि बांग्लादेश ने इन लोगों को ठुकराया और उनकी जमीन व पैतृक संपत्ति पर कब्जा किया। लेकिन, त्रासदी के बाद यहां आने वालों को पूर्व सरकारो ने अधिकार नहीं दिया। उनके वोट तो लिए, लेकिन मालिकाना हक कभी नहीं दिया। बल्कि, उनकी पहचान छिपाने के लिए गांव का नाम मियांपुर रख दिया गया, जबकि वहां एक भी मियां नहीं है।

### जाति पर समाज बांटने वाले सबसे बड़े देशद्रोही

सीएम योगी ने कहा कि 1947 का विभाजन समाज के बंटवारे का परिणाम था। जो लोग जाति, मत व संप्रदाय के आधार पर समाज को बांटते हैं, वे देश और आने वाली पीढ़ियों के साथ विश्वासघात करते हैं। विभाजन और 1971 के युद्ध के दौरान हिंदू, सिख, बौद्ध व जैन समुदायों ने ऐसी त्रासदियों का सामना किया। प्रारंभ में 1,031 परिवार यहां बसे थे, जिनकी संख्या बढ़कर अब 5,000 से अधिक परिवारों तक पहुंच गई है, लेकिन उन्हें अब तक उनका अधिकार नहीं मिल पाया था। प्रधानमंत्री मोदी ने कानून पारित कराया, लेकिन विपक्षी दलों ने सिटीजनशिप अमेंडमेंट एक्ट का विरोध किया। ये दल हिंदू, सिख, बौद्ध और जैन समुदायों को अधिकार दिए जाने के पक्ष में नहीं थे, वे सिर्फ तुष्टीकरण की राजनीति करते हैं।

### स्टंट करते वक्त पलटा ट्रैक्टर युवक घायल

**संभल, अमृत विचार**: जनपद के ऐंचौड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव नहरौली में सोशल मीडिया पर फेमस होने के चक्कर में युवक को ट्रैक्टर से स्टंटबाजी करना भारी पड़ गया। गांव निवासी नबी हसन नया ट्रैक्टर लेकर अपने घर के पास खेत में पहुंचा। खेत में पहुंचकर नबी हसन ने खुद को सोशल मीडिया पर चर्चित करने के उद्देश्य से ट्रैक्टर से स्टंट करना शुरू कर दिया। करीब आधे घंटे तक वह अलग-अलग तरीके से स्टंट करता रहा, जबकि कुछ दूरी पर खड़ा उसका साथी मोबाइल से वीडियो रिकॉर्ड करता रहा। इसी दौरान स्टंट करते समय ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित हो गया और खेत में पलट गया। ट्रैक्टर के पलटते ही युवक उसके नीचे दबकर घायल हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर सीज कर दिया है।

# नौजवानों की नौकरी पर किसी को डकैती नहीं डालने देंगे : योगी

## सीएम योगी ने पलियाकलां में 817 करोड़ रुपये से 314 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

- कहा : अब आप पर कोई अत्याचार नहीं कर पाएगा, डबल इंजन सरकार आपके साथ खड़ी

संवाददाता, पलिया कलां (खीरी)



चंदनचौकी की जनसभा में मुख्यमंत्री को सुनने के लिए मौजूद भीड़। ● अमृत विचार



चंदनचौकी में ग्रामीण को भूमि अधिकार प्रमाण पत्र देते मुख्यमंत्री एवं विधायक रोमी।

**अमित विचार**: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को ज्योतिबा फुले के जन्मदिवस व महाराणा सांगा के जन्मदिवस के एक दिन पूर्व यहां आयोजित कार्यक्रम में कहा कि हर जनपद में माफिया पालने वाली पेशेवर अपराधियों की सरकार महाराणा प्रताप व महाराणा सांगा के वंशजों पर अत्याचार और झूठे मुकदमे दर्ज करती थी।

संघर्ष करने वाले थारू समाज के जिन लोगों पर सपा सरकार ने मुकदमे दर्ज किए थे, हमारी सरकार उन सारे मुकदमों को वापस लेगी। अब आप पर कोई अत्याचार नहीं कर पाएगा, क्योंकि डबल इंजन सरकार साथ खड़ी है और आपके संघर्ष को सम्मान दे रही है।

सीएम ने साफ तौर पर फिर चेताया कि कोई माफिया बनने का प्रयास किया तो मिट्टी में मिलने की तैयारी भी कर ले। किसी माफिया को पनपने, गरीबों का हक छीनने और नौजवान की नौकरी पर डकैती नहीं डालने देंगे।

मुख्यमंत्री ने चंदन चौकी (पलिया) में आयोजित कार्यक्रम में नदियों द्वारा भूमि क्षरण से प्रभावित पूर्वी उत्तर प्रदेश के 2350 परिवारों व थारू जनजाति के 4356 परिवारों को भौमिक पट्टों का आवंटन किया और 817 करोड़ रुपये से पलिया, श्रीनगर, निघासन व गोला गोकर्णनाथ विधानसभा क्षेत्र की 314 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। सीएम ने थारू जनजाति के कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुति और अपनी संस्कृति को बचाकर रखने के लिए उनकी सराहना भी की।

### हमें जनता ने अधिकार दिया, हम जनता को अधिकार पत्र दे रहे

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सच्चा शासन वही है, जहां प्रजा सुखी हो। जनता के कल्याण में शासन का कल्याण है। शासन की खुशी का आधार व्यक्तिगत अभिलाषा का पूर्ण होना नहीं, बल्कि जनता–जनार्दन की खुशी है। यह कार्य तभी होता है, जब शासन सत्ता में संवेदना होती है और सेवा के माध्यम से यह जनता–जनार्दन तक पहुंचती है। यह कार्यक्रम अधिकार से आत्मनिर्भरता, आत्मनिर्भरता से आत्मसम्मान की ऐतिहासिक यात्रा भी है, क्योंकि आज अधिकार के साथ आत्मसम्मान व आत्मनिर्भरता की गारंटी भी मिल रही है। जनता ने हमें अधिकार दिया तो हम अधिकार पत्र दे रहे हैं।

### हमारी सरकार ने लखीमपुर खीरी का किया सर्वांगीण विकास

सीएम योगी ने कहा कि सरकार ने हर विधानसभा क्षेत्र से आए प्रस्तावों को बढ़ाया है। छोटी काशी के रूप में विख्यात गोला गोकर्णनाथ कॉरिडोर का निर्माण हो रहा है। देश का पहला पीएलए प्लांट गोला विधानसभा क्षेत्र में स्थापित हो रहा है। वहां प्लास्टिक पार्क की भी योजना हैं। यहां के हजारों नौजवानों को नौकरियां मिलेंगी। श्रीनगर में मेडिकल कॉलेज बन गया। शारदा नदी की ड्रेजिंग कराई गई, जिससे जमीन भी बची और बाढ़ से भी मुक्ति मिली। सीएम ने एयरकनेक्टिविटी की समृद्धि का भी जिक्र किया।



मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करतीं थारू बालिकाएं।

## मूक-बधिर प्रेमी युगल के बयान में मदद करेंगे स्पेशल एजुकेटर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- प्रेम प्रसंग में दोनों हो गए थे फरार, उड़ीसा से पकड़ कर लाई मुगलपुरा पुलिस

**अमृत विचार** : थाना मुगलपुरा क्षेत्र से संबंधित एक मामले में मूक-बधिर प्रेमी युगल का बयान दर्ज कराने के लिए पुलिस ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से स्पेशल एजूकेटर की मांग की गई थी। इस पर बीएसए ने एक महिला और एक पुरुष स्पेशल एजूकेटर की नियुक्ति की है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार ने शनिवार को बताया कि थाना मुगलपुरा में दर्ज प्रकरण में पीड़िता सबा निवासी मुगलपुरा मूक-बधिर है। इसके अतिरिक्त मामले से संबंधित एक अन्य व्यक्ति भी मूक-बधिर बताया गया है। दोनों मूकबधिर प्रेम प्रसंग के चलते फरार हो गए थे। मुगलपुरा पुलिस ने दोनों को उड़ीसा से पकड़ा है। इस मामले में थाना मुगलपुरा के निरीक्षक ने 10 अप्रैल को मूक-बधिर पीड़िता के बयान दर्ज कराने के लिए एक पुरुष एवं एक महिला स्पेशल एजूकेटर की मांग की गई थी, जिससे सांकेतिक भाषा के माध्यम से सही तरीके से बयान दर्ज कराए जा सकें।उन्होंने बताया कि इस संबंध में स्पेशल एजूकेटर प्रकाश चन्द पटेल तथा कल्पना (एचआई. विकास क्षेत्र कुंदरकी) को थाना मुगलपुरा एवं पाकबड़ा पुलिस से समन्वय स्थापित कर पीड़िता के बयान कराने भेजा ।

## 2350 परिवारों को 4251 हेक्टेयर भूमि का मिल रहा अधिकार

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचार**: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई दशकों से इन लोगों की सुनवाई न होने पर पिछली सरकारों को भी खरी-खरी सुनाई, कहा कि पिछली सरकारों में संवेदना का अभाव था। यह लोग परिवारवाद से ऊपर उठते तो थारू व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों के बारे में सोच पाते, लेकिन समाज को बांटने व संसाधनों पर डकैती डालने वालों से अधिकार दिलाने की उम्मीद करना बेमानी है। उन्होंने कर्फ्यू, माफिया, गुंडा पाले और नौजवानों के सामने पहचान का संकट खड़ा किया, लेकिन जिस जमीन पर आप खेती करते हैं, आपकी फसल लहलहाती है। जिस जमीन पर आपने सपने बोए थे, उसे आकार देने के लिए डबल इंजन सरकार खड़ी है।

4356 थारू परिवारों को 5338 हेक्टेयर भूमि का अधिकार पत्र सौंपा गया है। 1955 में पूर्वी उत्तर प्रदेश से आए लोगों को तत्कालीन सरकार पैतृक संपत्ति नहीं दे पाई, लेकिन ऐसे 2350 परिवारों को 4251 हेक्टेयर भूमि का भौमिक अधिकार मिल रहा है। जो कभी नहीं हुआ, वह कार्य डबल इंजन सरकार कर रही है। इसके पीछे शासन की सुनवाई, आपके विधायक का संघर्ष, अन्य विधायकों का सहयोग, प्रभारी मंत्री की पैरवी है, जिसकी बदौलत सभी के सपनों को पंख लगे हैं।

**समारोह में ये रहे मौजूद** : समारोह में आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल, वन व पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, विधायक हरविंदर साहनी रोमी, मंजू त्यागी, अमन गिरि, शशांक वर्मा, पालिकाध्यक्ष पलिया लक्ष्मी देवी गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### विधायक से कहा-चंदन चौकी में भी कीजिए व्यवसाय

सीएम ने विधायक रोमी साहनी की मांगों को शासन में लिखित में भेजने को कहा। सीएम ने उनसे कहा कि बेकरी के व्यवसाय को चंदन चौकी और आसपास भी कीजिए, जिससे थारू समाज द्वारा संचालित स्वयं सहायता समूह को जोड़कर तराई क्षेत्र के साथ आपकी बेकरी के प्रोडक्ट को उत्तराखंड में भी भेज सकें। यहां 300 से अधिक महिला स्वयंसेवी समूह कार्य कर रही हैं। डबल इंजन सरकार ने हर समूह को 30 हजार रुपये का रिवाल्विंग फंड व डेढ़ लाख रुपये का कम्युनिटी इनवेस्टमेंट फंड कराया है।

### बेमौसम बरसात से पीड़ित किसानों के साथ खड़ी है सरकार

सीएम योगी ने कहा कि ओलावृष्टि व अतिवृष्टि के कारण किसानों को भारी क्षति हुई है। हमने जल्द ही सर्वे रिपोर्ट मांगी है। पीड़ित किसानों को फसल बीमा योजना, आपदा राहत कोष से पैसा उपलब्ध कराएंगे। जनहानि, पशुहानि होने पर 24 घंटे में सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया गया है। अग्निकांड में फसल नुकसान होने पर मंडी समिति द्वारा तत्काल मुआवजा, घर जलने या आंधी–तूफान से नष्ट होने पर मुख्यमंत्री आवास योजना से आवास दिलाने को कहा गया है।

## तेंदुए ने किया चार वर्षीय बच्चे पर हमला, ग्रामीणों में दहशत

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- ठाकुरद्वारा के दरियापुर में वन विभाग की लापरवाही पर उठे सवाल



तेंदुए के हमले में घायल मासूम हर्ष सैनी।

**अमृत विचार** : क्षेत्र के गांव दरियापुर में तेंदुए का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा। तेंदुए की दस्तक अब सीधे मासूमों की जान पर बन आई है, शनिवार शाम बच्चे पर तेंदुए ने हमला बोल कर घायल कर दिया।

लेकिन जिम्मेदार वन विभाग गहरी नींद में नजर आ रहा है। शनिवार शाम करीब 5.30 बजे गांव में खेल रहे चार वर्षीय मासूम हर्ष सैनी पर तेंदुए ने अचानक हमला कर दिया। घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बच्चे की चीख-पुकार सुनकर दौड़े ग्रामीणों ने किसी तरह साहस दिखाते हुए तेंदुए को खदेड़ा, तब जाकर मासूम की जान बच सकी। गंभीर रूप से घायल हर्ष को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। लोग अपने बच्चों को घरों से बाहर भेजने में डर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुआ पिछले कई दिनों से क्षेत्र में घूम रहा है और इसकी सूचना कई बार वन विभाग को दी जा चुकी है, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला।

संरक्षण

पीलीभीत टाइगर रिजर्व में पहले एक साथ दिखते थे 25–30, अब 100–200 के झुंड में दिख रहे बारहसिंघा

# बारहसिंघा के लिए सुरक्षित पनाहगाह बन रहा पीटीआर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



पीलीभीत टाइगर रिजर्व में बारहसिंघा का झुंड। ● अमृत विचार

**अमृत विचार**: किसी भी वन क्षेत्र की समृद्धता का असली पैमाना वहां की फलती-फूलती वन्यजीव आबादी होती है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व इस कसौटी पर न केवल खरा उतरा है, बल्कि नए कीर्तिमान भी स्थापित कर रहा है। कभी बाघों की संख्या दोगुनी कर अंतरराष्ट्रीय टीएक्सटू अवार्ड जीतने वाला यह जंगल अब संकटग्रस्त बारहसिंघा के लिए सुरक्षित पनाहगाह बन गया है।

ज्वैल ऑफ तराई कहे जाने वाले वाला पीलीभीत टाइगर रिजर्व 73 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में फैला हुआ है। बाघ संरक्षण परियोजना ने जंगल को संजीवनी दी तो परिणाम यह हुआ है कि यहां बाघ समेत वन्यजीवों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ। बढ़ती जैव विविधता का ही परिणाम है कि अब पीलीभीत टाइगर रिजर्व बाघ-तेंदुआ ही नहीं बल्कि शाकाहारी वन्यजीवों की संख्या में खासी बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। तीन वर्ष पूर्व की गई तृणभोजी (शाकाहारी) वन्यजीवों की गणना की तुलना में वर्तमान आंकड़े उत्साहजनक हैं।

अनुकूल पर्यावास और सुरक्षा के चलते शाकाहारी वन्यजीवों के कुनबे में बेतहाशा वृद्धि हुई है। इन्हीं शाकाहारी वन्यजीवों में हिरण प्रजाति का बारहसिंघा भी शुमार है। बाहरसिंघा उत्तरप्रदेश का राजकीय पशु भी है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व में बारहसिंघों की बात करें तो जंगल से जुड़े जानकारों के मुताबिक यहां के जंगलों में बारहसिंघों की मौजूदगी उस दौरान भी थी, मगर ये 25-30 के झुंड में दिखते थे। मगर, अब इनकी संख्या में खासी बढ़ोत्तरी देखी जा रही है।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह के मुताबिक टाइगर रिजर्व की माला नदी के इलाकों में 100 से लेकर 200 की संख्या में बारहसिंघों के झुंड कुलाचें भरते देखे जा रहे हैं। बारहसिंघा विशेष रूप से दलदली घास के मैदानों में रहने के लिए अनुकूलित है। नर बारहसिंगा के सींगों में 10 से 14 (कभी-कभी 20 तक) शाखाएं होती हैं। बारहसिंघा के अलावा टाइगर रिजर्व में हिरण प्रजाति के चीतल, सांभर, बार्किंग डियर, हॉग डियर की संख्या में खासी बढ़ोत्तरी देखी जा रही है।



"पीटीआर में बेहतर पर्यावास प्रबंधन और सुरक्षा चक्र मजबूत होने के कारण शाकाहारी वन्यजीवों की संख्या में भारी बढ़ोत्तरी हुई है। विशेषकर बारहसिंघों का 100 से 200 के झुंड में दिखना यह दर्शाता है कि यहाँ का ईको सिस्टम पूरी तरह से संतुलित है। बाघों के साथ–साथ अन्य वन्यजीवों का संरक्षण हमारी प्राथमिकता है। – **मनीष सिंह**, डिप्टी डायरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व।

- पीटीआर में माला नदी के आसपास सबसे ज्यादा देखी जा ही मौजूदगी

### सुरक्षा और शांत माहौल का असर

पीलीभीत टाइगर रिजर्व में बारहसिंघा की आबादी में हुई बढ़ोत्तरी को वन अफसर भी स्वीकारते हैं। डिप्टी डायरेक्टर मनीष की मानें तो एक दशक पूर्व टाइगर रिजर्व का दर्जा मिलने के बाद यहां संरक्षण की दिशा में बड़े बदलाव आए हैं। अवैध इंसानी घुसपैठ पर लगाम लगने से जंगल की जैवविविधता संरक्षित हुई है। विशेषकर माला नदी के आसपास का दलदली इलाका बारहसिंघों के प्रजनन और अस्तित्व के लिए सबसे मुफीद साबित हो रहा है। यही कारण है कि विलुप्त होने की कगार पर खड़े बारहसिघा अब दोबारा अपनेअस्तित्व की ओर लौट आए हैं।

# अंधविश्वास में चली गई किशोर की जान

संवाददाता अमरोहा/ढबारसी

- चिकित्सीय उपचार कराने के बजाय झाड़ फूंक व जादू टोने में लगे रहे परिजन

**अमृत विचार** : सर्पदंश से ग्रस्त किशोर की अंधविश्वास ने जान ले ली। यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव पीतमपुर में 13 वर्षीय किशोर को सर्प ने डस लिया था। परिजन उसे अस्पाल ले जाने के बजाय एक तांत्रिक के पास ले गए। तांत्रिक ने झाड़फूंक और आंडम्बरों से सही करने का प्रयास किया,



मृतक अमित।

इसके बाद उसे गंगा नदी के पानी में बांध रस्सी के सहारे बांध दिया। 12 घंटे बाद जब परिजनों को लगा कि किशोर की मौत हो गई है। तब उन्होंने शव को पानी में बहा दिया।

जानकारी के अनुसार, अमित गुरुवार शाम करीब 6 बजे पशुओं के लिए भूसा लेने खेत गया था। वहीं किसी जहरीले सांप ने उसे काट लिया। करीब तीन घंटे बाद वह घर लौटा और परिजनों को घटना की जानकारी दी। कुछ ही देर में उसकी हालत बिगड़ने लगी और वह बेहोश हो गया। इस गंभीर स्थिति में भी परिवार ने उसे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाने के बजाय अंधविश्वास का सहारा लिया। परिजन पहले उसे संभल जनपद के खड़करानी गांव ले गए, जहां झाड़-फूंक कराई गई। जब हालत में कोई सुधार नहीं हुआ, तो उसे सिरसा क्षेत्र के एक अन्य स्थान पर ले जाया गया। इस दौरान बच्चे की स्थिति लगातार बिगड़ती रही, लेकिन परिजन अस्पताल जाने से बचते रहे। इतना ही नहीं, परिवारजन अमित को गंगा नदी किनारे अमनतका देवी स्थल पर ले गए, जहां यह मान्यता है कि सांप के काटे व्यक्ति को नदी की लहरों में रखने से जहर उतर जाता है। परिजनों ने लकड़ी का ढांचा तैयार कर बच्चे को उसमें बांध दिया। करीब 12 घंटे तक गंगा की लहरों के बीच रखा। इस दौरान सभी लोग उसके ठीक होने का इंतजार करते रहे, लेकिन उसके शरीर में कोई हरकत नहीं हुई। जब स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ, तो परिजन उसे बुलंदशहर के स्याना क्षेत्र में एक हकीम के पास ले गए। वहां भी हालत बिगड़ती गई।

आखिरकार जब सभी प्रयास विफल हो गए और परिजनों को लगा कि बच्चा नहीं रहा, तो वे उसे अमरोहा वापस ले आए। शनिवार दोपहर करीब 2 बजे गंगा में जल प्रवाह कर दिया। अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया ने बताया कि बच्चे की मौत समय पर इलाज न मिलने के कारण हुई है। परिजनों ने इस संबंध में थाने में कोई लिखित सूचना नहीं दी है। पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है। यह घटना एक बार फिर यह साबित करती है कि अंधविश्वास और जागरूकता की कमी किस तरह जानलेवा साबित हो सकती है।

## न्यूज ब्रीफ

### आईफोन खरीदने के लिए चोरी की बाइक, गिरफ्तार

**बरेली, अमृत विचार :** महंगे मोबाइल फोन खरीदने के शौक ने दो युवकों को अपराध की राह पर धकेल दिया। पवन विहार क्षेत्र से बाइक चोरी करने के मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों चोरी की बाइक बेचकर आईफोन खरीदने की फिराक में थे। रुहेलखंड चौकी के दरोगा मनीष भारद्वाज ने बताया कि पवन विहार इलाके से कुछ दिन पहले एक बाइक चोरी होने की शिकायत मिली थी। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज में दो युवक बाइक ले जाते हुए दिखाई दिए थे। फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर हिरासत में लिया। आरोपी नितिन और अमन सागर निवासी परवाना नगर ने कबूल किया कि उन्होंने बाइक बेचकर आईफोन खरीदने चाहते थे।

### ट्रक ड्राइवर ने बेच डाले लाखों के नारियल, केस

**बरेली, अमृत विचार :** थाना कैंट के ढिरिया निजावत खां निवासी थोक व्यापारी जीलानी खां ने पुलिस को बताया कि उन्होंने 14 मार्च 2026 को केजीएम ट्रांसपोर्ट कंपनी के माध्यम से 8200 पीस नारियल पानी मेरठ और पंजाब भेजा था। ट्रक संभल निवासी चालक जितेंद्र सिंह चला रहा था। माल खराब होने की सूचना मिलने पर उसे वापस मंगाया गया। इसी दौरान चालक ने भरोसे का फायदा उठाते हुए माल को वापस पहुंचाने के बजाय बीच रास्ते में ही बेच दिया। पैसे और माल की मांग की तो ड्राइवर टालमटोल करने लगा। माल हजम कर उसे 4.42 लाख रुपये की चपत लगा दी गई। इंस्पेक्टर इज्जतनगर सुरेश चंद्र गौतम ने बताया कि केस दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

### मुंबई जाने वाले यात्रियों को राहत

**बरेली, अमृत विचार :** गर्मी के सीजन में मुंबई जाने वाले यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। 13 अप्रैल से 11 मई तक गोमती नगर-बान्द्रा टर्मिनस ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन बरेली मंडल के इज्जतनगर स्टेशन सहित कई प्रमुख स्टेशनों से होकर गुजरेगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक इज्जतनगर संजीव शर्मा ने बताया कि गोमती नगर-बान्द्रा टर्मिनस साप्ताहिक प्रत्येक सोमवार को गोमती नगर से दोपहर 2 बजे रवाना होगी और सीतापुर, लखीमपुर, मैलानी, पीलीभीत और इज्जतनगर शाम 7:17 बजे पहुंचेगी।

# लिंटर तोड़ते समय गिरी छत मलबे में दबकर युवक की मौत

## घटना के बाद मचा कोहराम, मलबा हटाकर निकाला, पुलिस को नहीं दी सूचना

संवाददाता, चंदौसी

**अमृत विचार :** कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव में लिंटर तोड़ते वक्त युवक का संतुलन बिगड़ गया और वह छत से नीचे गिर गया। इतने में उस पर लिंटर गिर गया, जिससे वह मलबे में दब गया। आनन फानन में लोगों ने मलबा हटाकर गंभीर रूप से घायल हुए युवक को निकाला और अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।



काफिल।

जानकारी के अनुसार मोहल्ला लक्ष्मणगंज निवासी काफिल (28) शनिवार सुबह करीब 10 बजे अपने फुफेरे भाई फुरकान के घर मरम्मत कार्य के चलते छत का लिंटर तोड़ने गया था।



चंदौसी में हादसे में युवक की मौत के बाद बिलखतीं परिवार की महिलाएं।



इसी छत के नीचे दब गया था काफिल।

बताया जा रहा है कि वह अन्य मजदूरों के साथ मिलकर लिंटर तोड़ने का काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वह नीचे जा गिरा। गिरते ही ऊपर से भारी भरकम लिंटर का मलबा भी उसके ऊपर आ गिरा, जिससे वह दब गया। घटना होते ही मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों और परिजनों ने तुरंत मलबा हटाकर उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक वह गंभीर रूप से घायल हो चुका था। परिजन उसे आनन-फानन में बाईपास स्थित एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी अमरीन का रो-रोकर बुरा हाल हो गया, वहीं परिजनों और रिश्तेदारों की आंखें भी नम हो गईं। मृतक अपने पीछे पत्नी और दो छोटे बच्चों को छोड़ गया है

### परिजनों ने कार्रवाई से किया इनकार

घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस भी मृतक के घर पहुंची और परिजनों से पूछताछ कर स्थिति का जायजा लिया। हालांकि परिजनों ने किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई या पोस्टमार्टम कराने से साफ इनकार कर दिया। इसके बाद परिजनों ने शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए होते तो शायद इस तरह का हादसा टाला जा सकता था। कोतवाल अनुज तोमर ने बताया कि घटना को लेकर किसी तरह की कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है।

## पूर्व पति ने महिला को पीटा धमकी दी

**पीलीभीत, अमृत विचार:** जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम सरदारनगर निवासी इरम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका मायका अमरिया क्षेत्र के मुडलिया गौसू में है। उसकी पहली शादी 2016 में सरदार नगर निवासी रुस्तम पुत्र अहमद खां से हुई थी। बाइक और दो लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर उसे प्रताड़ित किया जाने लगा।

पति नशा करके मारपीट करता था और बाहरी लोगों को बुलाकर अभद्रता कराता था। 2022 में उसे तलाक दे दिया गया, जिसके बाद से मायके में थी। करीब चार साल बाद पांच अप्रैल 2026 को उसका निकाह मोहम्मद दानिश निवासी सरदार नगर से हुआ। आरोप है कि इस बात से नाराज पूर्व पति रुस्तम, उसका भाई शब्बर, फैज, सद्दाम, पिता अहमद खां, रईस वानों छह अप्रैल को उसके ससुराल में जबरन घुस आए और मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंचे पति मोहम्मद दानिश, देवर फारुख और सास चंदा बी को भी पीटा। गांव में न रहने देने और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

# रिश्तों में तूफान मुश्किल में जान, अपने ही बन रहे शैतान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सरकार महिलाओं व बेटियों की सुरक्षा को सख्त कदम उठा रही है, लेकिन घरों की चाहरदीवारों के अंदर की जुल्म कथाएं पुलिस की चिंताए लगातार बढ़ा रही हैं। घरेलू हिंसा, रिश्तों पर आंच और आसपास रहने वालों से महिलाओं की सुरक्षा को खतरे के मामले सामने आ रहे हैं।

### पति बना रहा महिला पर देह व्यापार को दबाव

बारादरी की महिला ने बताया कि उसका पति कोई काम नहीं करता। काम कर पैसा कमाती है। वह भी छीनता है। विरोध करने पर मारपीट करता है। साथ ही खुद की आत्महत्या की बात कहकर परिवार का शोषण कर रहा है। आरोप है कि पति देह-व्यापार करने का दबाव बना रहे है। पुलिस ने अरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

> शिकायत मिलते ही तुरंत कार्रवाई कराई जा रही है। फिर उत्पीड़न कोई अपना कर रहा हो या फिर बाहर वाला। कई लोगों को सलाखों के पीछे पहुंचा चुकी है। आगे भी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई होती रहेगी। **-मानुष पारिक**, एसपी सिटी

### ससुर ने बहू की तोड़ डालीं हड्डी-पसली

बिथरी इलाके की रहने वाली महिला ने पुलिस को बताया कि उसके पति से विवाद के बाद ससुराल वाले उसे इस शर्त पर बुलाकर ले गए कि वह अब उसे परेशान नहीं करेगे। लेकिन जैसी ही वह ससुराल पहुंची वहां ससुरालियों ने उसे परेशान करना शुरू कर दिया। आरोप यह भी है कि महिला के शरीर के प्राईवेट पार्ट पर लकड़ी से जख्म कर दिए गए। उसकी हड्डी और पसलियां भी तोड़ दी गई। महिला की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### किराएदार बना हैवान

प्रेमनगर के शास्त्रीनगर की रहने वाली महिला ने बताया कि उसके घर में एक किरायेदार रहता है। एक दिन उसने उसे अकेला देखकर छेड़खानी की और दुष्कर्म का प्रयास भी किया। पीड़िता ने किसी तरह खुद को बचाया। इसके बाद एसएसपी कार्यालय पहुंचकर मामले की शिकायत की। एसएसपी ने प्रेमनगर पुलिस को आदेश दिए है।

## ससुराल जा रहे बाइक सवार ग्रामीण की मौत

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचार:** ससुराल जाने के लिए निकले ग्रामीण की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। गश्त पर निकली पुलिस को वह सड़क पर पड़े मिले थे। पोल से टकराकर हादसे में मौत होने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद परिजन ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम परेवा अनूप गौटिया के रहने वाले 40 वर्षीय पातीराम पुत्र नन्हेलाल खेती करते थे। उनकी पत्नी तारावती पिछले कई दिनों से मायके में थी। बड़ा पुत्र उत्तराखंड में कामत करता है और पुत्री की शादी हो चुकी है। छोटा पुत्र घर पर ही था। शुक्रवार देर शाम पातीराम बाइक से अपनी ससुराल ग्राम आमडार जाने के लिए निकले। इसके बाद रात को वह आमडार गांव के पास सड़क के किनारे पड़े मिले।

गश्त पर निकली पुलिस की नजर पड़ी तो एंबुलेंस से सीएचसी बरखेड़ा भिजवाया, वहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। जिसमें पोल से टकराने से हादसे में मौत होने की आशंका जताई गई। परिवार वाले भी जानकारी मिलने पर पहुंच गए। उनका रोकर बुरा हाल रहा। दरोगा नवीन कुमार ने बताया कि शव पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया था। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# नैनीताल रोड पर कई स्कूल-अस्पतालों को रेड नोटिस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- शनिवार को कोहाड़ापीर से कुदेशिया फाटक तक 55 संपत्तियों पर लगाए लाल निशान
- सात दिन का अल्टीमेटम, तय समय में न हटाने पर नगर निगम खुद करेगा कार्रवाई

**अमृत विचार:** नैनीताल रोड को सीएम ग्रिड योजना के तहत मॉडल रोड के रूप में विकसित करने की राह में रोड़ा बन रहे अतिक्रमण पर नगर निगम का डंडा चलना तय हो गया है। शनिवार को भी नगर निगम की निर्माण विभाग की टीम ने चिह्नीकरण अभियान जारी रखा, जिसमें कोहाड़ापीर पेट्रोल पंप से लेकर कुदेशिया फाटक तक सड़क के दोनों ओर 55 छोटे-बड़े अवैध कब्जे चिह्नित किए गए। निगम की इस कार्रवाई की जद में बड़े स्कूल-कॉलेजों की दीवारें, अपार्टमेंट के गेट, बरातघर, अस्पताल और दर्जनों दुकानें आ रही हैं। टीम ने पाया कि कई स्थानों पर नगर निगम की सरकारी भूमि पर एक फीट से लेकर 16 फीट तक अवैध निर्माण कर लिया गया है। नोटिस चस्पा कर इनको सात दिन का समय दिया गया है।

नगर निगम ने स्पष्ट कर दिया है कि चिह्नों की जद में आने वाले सभी अवैध हिस्सों को समय सीमा के भीतर यदि कब्जेदारों ने स्वयं नहीं हटाया, तो निगम प्रशासन कोहाड़ापीर रोड की तर्ज पर बुलडोजर एक्शन शुरू करेगा। इधर, नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य का कहना है कि मानचित्रकारों और अभियंताओं की टीम ने वर्ष 1920-1921 के पुराने नक्शों को आधार बनाकर निगम की मूल सड़क की सीमा का निर्धारण किया है। हालांकि, कई प्रतिष्ठान संचालकों ने निगम की पैमाइश पर आपत्ति जताई और इसे गलत बताया, लेकिन अधिकारियों ने उनसे दो टूक शब्दों में कहा है कि सात दिन का समय बीतते ही ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी, ताकि शहर को जाम मुक्त और सुंदर मॉडल रोड की सौगात मिल सके। इस दौरान यदि किसी ने सरकारी काम में बाधा डालने की कोशिश की तो उसके खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे। कार्रवाई के दौरान पुलिस बल भी मौजूद रहेगा।

### संपत्ति बीडीए से खरीदी, क्यों तुड़वा रहा नगर निगम

गुलाब राय इंटर कालेज के सामने भी नगर निगम की टीम ने दुकानों और घरों पर 10 से 12 फीट तक के हिस्से को अवैध बताते हुए लाल निशान लगाए हैं। लोगों का कहना है कि तीस साल पहले बीडीए से संपत्ति खरीदी थी। सभी दस्तावेज उनके पास हैं, लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है। महिलाओं का कहना है कि जो निशान लगाए हैं, उससे उनके कारोबार मिट्टी में मिल गए हैं। सोमवार को तमाम लोग रामगंगा नगर पहुंचे और बीडीए वीसी डा. मनिकंडन. ए से भेंट कर उनको अपनी पीड़ा बयां की। राजीव, मयंक कपूर, सरजीत, देवेंद्र आदि व्यापारियों का कहना है कि बीडीए की ओर से बेची गई संपत्ति पर निगम को बुलडोजर चलाने का अधिकारी नहीं है। वह मेयर और नगर आयुक्त को भी साक्ष्य सौपेंगे।

### कब्रिस्तान की जमीन पर बनी 80 दुकानों को नोटिस

कोहाड़ापीर क्षेत्र में वक्फ संपत्ति और कब्रिस्तान की भूमि पर नगर निगम ने 80 दुकानें अवैध पाई हैं, जो निर्धारित सीमा से 7 से 15 फीट तक सरकारी जमीन दबाए हुए हैं। संपत्ति प्रभारी राजीव कुमार राठी ने संबंधित मुतावल्ली को नोटिस जारी कर सात दिन के भीतर इन दुकानों को खाली करने के आदेश दिए हैं। सड़क चौड़ीकरण में बाधा बन रहे इन अवैध निर्माणों को यदि तय समय में लोगों द्वारा स्वयं नहीं हटाया गया, तो नगर निगम की टीम ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करेगी। जिसकी जिम्मेदारी उनकी होगी।


पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेंडरिंग निविदा सूचना सं. 16/2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी.) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से ''खुली'' निविदा आमंत्रित करते हैं :

**क्र. सं. : 1, कार्य का विवरण :** इज्जतनगर डिवीजन के इज्जतनगर–भोजीपुरा अनुभाग में समपार संख्या 240 पर लिमिटिड हाईट सबवे से संबंधित शेष कार्य, जिसमें स्टील स्ट्रक्चर शेड का कार्य, छत की चादर बिछाने का कार्य आदि का प्रावधान, **अनुमानित लागत :** रु. 1,92,62,092.20, **बयाना राशि :** रु. 3,85,300/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 03 माह।

1. ई-निविदा दिनांक 04.05.2026 को 15.00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे। 2. ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी.) इज्जतनगर

मुजाधि/डब्ल्यू-19

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें


## हार्ट अटैक से सिपाही की मौत

**बरेली, अमृत विचार :** अलीगढ़ निवासी हेड कांस्टेबल धर्मवीर सिंह (51) चौपुला क्षेत्र में निजी आवास में रहते थे। शनिवार को वह सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा में ड्यूटी कर रहे थे। दोपहर 3:30 बजे वह खाना खाने आवास पर पहुंचे, जहां साथी आरक्षी सौरव कुमार को सीने में दर्द और सांस लेने में दिक्कत होने की बात कही। कुछ ही देर बाद वह बेहोश होकर गिर पड़े। अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# दूसरे दिन भी मुख्य आरोपी इल्हाम से पूछताछ

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- एएसपी ने कोतवाली पहुंचकर आरोपी से किए सवाल, जांच को दी नई दिशा
- बैंक खातों की जांच में सामने आए अहम सुराग, खंगालने में जुटी पुलिस

**अमृत विचार :** जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) कार्यालय से जुड़े करोड़ों के घोटाले में पुलिस ने विवेचना को गति दी है। लगातार दूसरे दिन भी मुख्य आरोपी निलंबित चपरासी इलहाम उर्रहमान शम्सी को कोतवाली बुलाकर लंबी पूछताछ की गई। बताते हैं कि इसमें कई नए तथ्य सामने आए हैं। इनके आधार पर पुलिस ने अब गोपनीय तरीके से पड़ताल तेज कर दी है।

शुक्रवार को हुई पूछताछ के दौरान विवेचक ने आरोपी से बैंक खातों में हुए लेनदेन, फ्रीज की गई रकम और अन्य वित्तीय दस्तावेजों को लेकर गहन सवाल-जवाब किए थे। पूछताछ में मिले जवाबों को रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। बताते हैं कि कुछ अहम जानकारियां हाथ लगी हैं, जिनसे जांच की दिशा और तेज हो सकती है। मामले की गंभीरता को देखते हुए दूसरे दिन भी शनिवार को इल्हाम शम्सी को कोतवाली बुलाकर पूछताछ की गई। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया भी कोतवाली पहुंचे और उन्होंने मुख्य आरोपी से सवाल जवाब कर कई बिंदुओं पर जानकारी हासिल की। विवेचक से प्रगति रिपोर्ट लेकर दिशा-निर्देश भी दिए।

बता दें कि 13 फरवरी को डीआईओएस राजीव कुमार मिश्रा की ओर से आरोपी इल्हाम उर्रहमान शम्सी और उसकी पत्नी अर्शी खातून के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में कोतवाली में एफआईआर दर्ज की गई थी। इस प्रकरण में पुलिस पहले ही आरोपी की पत्नी अर्शी खातून को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जोकि जमानत पर है। वहीं, इलहाम शम्सी हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत पर है। 38 खातों में बीते दिनों पकड़े गए संदिग्ध लेनदेन के बाद धनराशि पुलिस द्वारा फ्रीज करा दी गईथी। बरेली के दो कालोनाइजरों के एकाउंट में भी रकम भेजने की बात आई थी। जिस पर जांच चल रही है। कोतवाल सत्येंद्र कुमार ने बताया कि आरोपी के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। पूछताछ में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क हादसे में घायल की रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** न्यूरिया क्षेत्र के गांव टाह निवासी सीमा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 14 मार्च की सुबह वह अपने पति सरोज कुमार के साथ खेत पर गई थी। जहां दोनों दंपति मेड किनारे खड़े हुए थे। तभी गांव के झाझन लाल पुत्र हीरालाल का ट्रैक्टर चालक राकेश कुमार पुत्र मंगली प्रसाद ने लापरवाही के चलते टक्कर मार दी। जिस उनका पैर रोटावेटर में फंसा गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर उन्हें बरेली रेफर कर दिया गया। पुलिस ने चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इधर, सुनगढ़ी क्षेत्र के मोहल्ला कुवंरगढ़ निवासी उदय नाथ अवस्थी ने भी रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 30 मार्च को उनका पुत्र वैभव अवस्थी गैस चौराहा से दवा लेकर पैदल आ रहा था। तभी रमा गार्डन के पास एक कार ने उनको टक्कर मार दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।


कार्यालय ग्रा.प. गढीखानपुर विकास खंड इस्लामनगर बदायूं

अल्पकालीन निविदा 10-04-2026

समस्त सामग्री आपूर्ति यथा (सीमेंट, रेता, बजरी, बदरफुट ईट, इन्टरलाक, सरिया, एंगिल, टीन, पेन्ट, रोडा) आदि को सूचित किया जाता है कि मनरेगा, राज्य वित्त, केन्द्र वित्त योजना (2025-26) के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत गढीखान पुर विकास खण्ड इस्लामनगर बदायूं में निम्न कार्य हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। अतः समस्त संबंधित आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि निविदा की तारीख से सामग्री की दरे बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 15.04.2026 को शाम 3:00 बजे तक जमा करना सुनिश्चित करें व इसी दिवस को 4:00 बजे प्रधान व सचिव के सामने खोली जाएंगी कार्य का विवरण निम्न प्रकार है

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | अनु. धनराशि |
|---|---|---|
| 1. | राजेश यादव के प्लॉट से मैंन रोड तक इंटरलॉकिंग व नाली मरम्मत कार्य | प्रा. के अनुसार |

सचिव प्रधान



कार्यालय नगर पंचायत कटरा, शाहजहाँपुर

पत्रांक : 10/न.पं.क./2026-27 दिनांक : 10.4.26

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत कटरा शाहजहाँपुर सीमान्तर्गत नगर पंचायत कटरा जनपद शाहजहाँपुर से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की शिकायत/सुझाव/फीडबैक हेतु निम्न हेल्पलाईन/टोल फ्री नम्बर जनहित में जारी किये गये है, सम्पर्क करें –

1. 14420/8931981810 (Safaimitra Suraksha Challenge- For Safe cleaning of Septic Tank/Sewers)
2. 1533 (शिकयत एवं सुझाव)

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत कटरा, शाहजहाँपुर — प्रशासक, नगर पंचायत कटरा, शाहजहाँपुर



कार्यलय ग्रा.प. सैफुल्लागंज विकास खंड इस्लामनगर बदायूं

अल्पकालीन निविदा 10-04-2026

समस्त सामग्री आपूर्ति यथा (सीमेंट, रेता, बजरी, बदरफुट ईट, इन्टरलाक, सरिया, एंगिल, टीन, पेन्ट, रोडा) आदि को सूचित किया जाता है कि मनरेगा, राज्य वित्त, खाद एवं रसद विभाग योजना, केन्द्र वित्त योजना (2025-26) के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत सैफुल्लागंज विकास खण्ड इस्लामनगर बदायूं में निम्न कार्य हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। अतः समस्त संबंधित आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है। कि निविदा की तारीख से सामग्री की दरे बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 15.04.2026को शाम 3:00 बजे तक जमा करना सुनिश्चित करें व इसी दिवस को 4:00 बजे प्रधान व सचिव के सामने खोली जाएंगी। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है –

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | अनु. धनराशि |
|---|---|---|
| 1. | सोवरन के घर से गुलफाम के घर तक इंटरलॉकिंग नाली मरम्मत कार्य | प्रा. के अनुसार |
| 2. | धर्मपाल जाटव के घर से मेन रोड तक इंटरलॉकिंग नाली मरम्मत कार्य | प्रा. के अनुसार |
| 3. | गुलफाम के घर से धर्मपाल जाटव के घर तक इंटरलॉकिंग नाली मरम्मत कार्य | प्रा. के अनुसार |

सचिव प्रधान



पूर्वोत्तर रेलवे

अधिसूचना संख्या : 65/2026

रेल यात्री बंधुओं के लिए आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यात्रियों को सुविधा प्रदान करने हेतु गाड़ी संख्या 14316/14315 बरेली जं.-नई दिल्ली-बरेली जं. एक्सप्रेस गाड़ियों का मार्ग विस्तार कासगंज तक किया जायेगा। इस गाड़ी का उद्घाटन बदायूँ से दिनांक 13.04.2026 को उद्घाटन विशेष गाड़ी संख्या 05303 निम्नवत चलाकर किया जायेगा-

गाड़ी सं. 05303 बदायूँ-नई दिल्ली उद्घाटन विशेष गाड़ी

गाड़ी सं. 05303 - बदायूँ से 13.04.2026 (सोमवार) को = 01 ट्रिप

| स्टेशन | गाड़ी सं. 05303 बदायूँ-नई दिल्ली उद्घाटन विशेष गाड़ी | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| बदायूँ | -- | 12.00 |
| बरेली जं. | 13.05 | 13.15 |
| भिटौरा | 13.35 | 13.37 |
| नगरिया सादात | 13.50 | 13.51 |
| रामपुर जं. | 14.16 | 14.18 |
| मुरादाबाद | 14.45 | 14.50 |
| अमरोहा | 15.17 | 15.19 |
| गजरौला जं. | 15.38 | 15.40 |
| गढ़मुक्तेश्वर | 17.00 | 17.02 |
| हापुड़ जं. | 17.33 | 17.35 |
| पिलखुआ | 17.45 | 17.47 |
| गाजियाबाद जं. | 18.40 | 18.42 |
| साहिबाबाद | 18.53 | 18.54 |
| आनन्द विहार | 19.05 | 19.06 |
| तिलक ब्रिज | 19.14 | 19.15 |
| शिवाजी ब्रिज | 19.22 | 19.23 |
| नई दिल्ली | 20.00 | -- |

रेक संरचना - एसएलआरडी - 02, साधारण द्वितीय श्रेणी - 04, द्वितीय श्रेणी चेयर कार - 07, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी चेयर कार - 01 = 14 कोच

मुजाधि/टी-04 मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक, गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।


# ग्रामीण से लूटपाट के दो आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- एसओजी टीम की मदद से पूरनपुर पुलिस ने पकड़ा, जेल भेजा
- लूटे गए 10 हजार में से 5 हजार रुपये व तमंचा-कारतूस बरामद

**अमृत विचार:** ट्रैक्टर ट्रॉली सवार ग्रामीण को तमंचे के बल पर धमकाते हुए नकदी और मोबाइल लूटने वाले दो अपराधियों को पूरनपुर पुलिस ने एसओजी की मदद से पकड़ लिया, जबकि दो साथी अभी भी फरार हैं। पकड़े गए आरोपियों से अवैध असलहा और नकदी बरामद की गई। दोनों को जेल भेज दिया है।

ग्राम सबलपुर खास के रहने वाले अमित वर्मा पुत्र रामदास रात साढ़े आठ बजे अपने पूरनपुर स्थित नए मकान से ट्रैक्टर ट्रॉली से गेहूं लादकर लौट रहे थे। रास्ते में एक ट्यूबवेल के पास पहुंचते ही चार अज्ञात व्यक्ति आए और रोक लिया। तमंचा दिखाकर धमकाते हुए दस हजार रुपये और मोबाइल लूटकर भाग गए। इसकी सत अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज की गई थी। एसओजी टीम को भी सुरागरसी के लिए लगाया गया था। विवेचना के दौरान सामने आए साक्ष्य के आधार पर आरोपियों की पहचान जनपद शाहजहांपुर के खुटार थाना क्षेत्र के ग्राम सराय नवदिया निवासी दयाराम पुत्र जमुना प्रसाद, जीवन पुत्र मिट्ठू, ग्राम धनसिंहपुर प्रसादपुर निवासी आजाद पुत्र जगदीश, मैलानी लखीमपुर खीरी के ग्राम सुआबोझ कॉलोनी राजामंडी निवासी विष्णु पुत्र बेदू के रुप में हुई। इनकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किए गए। सीओ पूरनपुर डॉ.प्रतीक दहिय ने बताया कि आरोपी दयाराम और आजाद को जेठापुर नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। उनके पास से तमंचा कारतूस, लूटे गए पांच हजार रुपये बरामद किए गए। पकड़े गए दोनों आरोपियों को चालान कर कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है।


-: नीलामी सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि केन्द्रीय कारागार, बरेली के निष्प्रयोज्य राजकीय वाहन संख्या-यूपी-25/एजी-0448 (एम्बूलेंस, मारुति ओमनी वैन) जो मुख्यालय कारागार, प्रशासन एंव सुधार सेवायें, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा निष्प्रयोज्य घोषित कर दिया गया है, कि नीलामी द्वारा बिक्री केन्द्रीय कारागार, बरेली पर दिनांक 17.04.2026 को प्रातः 12:00 बजे की जानी है। नीलामी में सम्मिलित होने वाले इच्छुक व्यक्ति दिनांक-17.04.2026 को प्रातः 11:00 बजे तक कारागार पर उपस्थित होकर कार्यालय में प्रतिभूति धनराशि रु0 20,000-00 (रु0 बीस हजार मात्र) नकद जमा करके नीलामी बोली में भाग ले सकते हैं। बोली की सम्पूर्ण धनराशि पर जी0एस0टी0 अलग से देय होगी। नीलामी बोली समाप्त होने तथा बोली जिसके पक्ष में समिति के निर्णय के अनुसार छोड़ी जाएगी, उसे कुल मूल्य का 50 प्रतिशत धनराशि (पचास प्रतिशत) तुरन्त कार्यालय में नकद जमा करना होगा। शेष धनराशि व जी0एस0टी0 की धनराशि अगले 05 दिनों के अन्दर जमा कर वाहन उठाना होगा। नीलामी समाप्त होने/अस्वीकृत होने पर अग्रिम प्रतिभूति के रुप में जमा धनराशि तुरन्त वापस कर दी जाएगी। बोली पक्ष छूटने के पश्चात् बोलीदाता द्वारा वाहन न लेने पर जमा धनराशि जब्त कर ली जाएगी। नीलामी से सम्बन्धित समस्त निर्णय समिति के आधीन होंगे।

UP - 249612 दिनांक: 10/04/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, बरेली।



कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता

बरेली वृत लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक : 3526/413सी0(ई0टेण्डर)-3/2025-26 दिनांक 06.04.2026

अल्पकालीन ऑन-लाइन निविदा आमंत्रण सूचना

1- महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार लो0नि0वि0 में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से प्रतिशत दरों पर ई-निविदा दिनांक 13.04.2026 से दिनांक 18.04.2026 की मध्यान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 18.04.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे ऑन-लाइन खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:-

| क्र0 सं0. | कार्य व योजना का नाम | खण्ड का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य( (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी0) | ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | जनपद बरेली में कैण्ट क्षेत्र के अन्तर्गत सेन्ट मारिया स्कूल के सामने एवं अन्य स्थानों पर पेवर टाइल्स का कार्य। | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली | 50.00 | 4.50 | 03 माह | 2725.00 | ए, बी, सी (मार्ग कार्य) |

2- निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

UP - 249588 दिनांक: 10/04/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(भगत सिंह) अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 बरेली
(प्रकाश चन्द्र) अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0 बरेली



तुलसी मीठे बचन ते, सुख उपजत चहुं ओर।
बसीकरन इक मंत्र है, परिहरू बचन कठोर।।

संत तुलसीदास कहते हैं, मीठे वचन से हम सब ओर सुख फैला सकते हैं। किसी को भी वश में करने के लिए मिठास भरे शब्द एक मंत्र की तरह होते हैं, इसलिए इंसान को चाहिए कि कठोर वचन छोड़कर मीठा बोलने का प्रयास करें और अनजानों को भी अपना बना ले।

# 'तुम बहुत बोल चुके... अब मैं बोलूंगी'

बहुप्रतीक्षित महिला आरक्षण आ गया है। केंद्रीय मंत्रीपरिषद ने इसे पारित कर दिया है। महिला आरक्षण सामाजिक समता का ऐतिहासिक दस्तावेज है। इससे अथर्ववेद के एक मंत्र की ध्वनि सुनाई पड़ रही है। इस मंत्र में एक स्त्री कहती है, 'तुम बहुत बोल चुके। अब मैं बोलूंगी।' भारत में प्राचीन काल से ही स्त्री सम्मान रहा है। महिलाओं की खराब स्थिति का प्रचार करने वाले मिथ्या आरोप लगाते रहे हैं।

> भारत में नारी की स्थिति सभी कालों में सम्माननीय रही है। पूर्वजों ने स्त्री को समाज का संरक्षक माना है। वैदिक काल में महिलाएं मंत्रदृष्टा ऋषि भी थीं। बृहदारण्यक उपनिषद के अनुसार राजा जनक ने विद्वानों की सभा बुलाई थी। अनेक विद्वान इस गोष्ठी में सम्मिलित थे। विद्वानों की सभा में गार्गी ने याज्ञवल्क्य से सीधे सवाल पूछे थे। पूछा था, 'यह संपूर्ण अस्तित्व किस तत्व पर टिका हुआ है?', 'सृष्टि किस आधार पर खड़ी है।' याज्ञवल्क्य ने उत्तर दिया, 'जल पर।'

भारतीय समाज में स्त्रियां पुरुष के बराबर सम्मानीय रही हैं। वैदिक काल में भी स्त्री सम्मान था। वैदिक काल की एक प्रतिष्ठित महिला मुदग्लानी रथ पर चढ़कर युद्ध में हिस्सा लेती थीं। युद्ध में उनके वस्त्रों का संचालन वायु देव ने किया था। ऋग्वेद के अनुसार युद्ध में विपशला का पैर कट गया। अश्वनी देवों ने उसे धातु का पैर लगा दिया था।

पति और पत्नी को मिलाकर दंपति बनता है। दंपति में नारी की प्रतिष्ठा है। ऋग्वेद में अनेक सूक्तों में स्त्री सम्मान के तत्व हैं। सृष्टि की उत्पत्ति जल से होने का तथ्य चार्ल्स डार्विन ने भी स्वीकार किया है। जल माता का विचार डारविन के बहुत पहले वैदिक काल में ही पुष्ट हो चुका था। ऋग्वेद में 'आपः मातरम'- जलमाताओं को नमस्कार किया गया है।

ऋग्वेद में अदिति नाम की एक महादेवी हैं। कहा गया है, 'इस अस्तित्व के सभी तत्व अदिति हैं। अब तक जो कुछ हो गया है और जो कुछ भविष्य में होगा वह सब अदिति है।'

ऋग्वेद का सूक्त पठनीय है। अदितिः द्यौः अदितिः अन्तरिक्षं अदितिः माता सः पिता सः पुत्रः अदितिः विश्वेदेवाः अदितिः पंचजनाः अदितिः जातम जनित्वम-द्युलोक अदिति है, अंतरिक्ष भी अदिति है, माता-पिता-पुत्र सब अदिति हैं, सारे देव अदिति हैं, जो पंचजन सप्तसिंधु में निवास करते हैं, वह सब अदिति हैं। जो कुछ उत्पन्न हुआ है और जो कुछ आगे उत्पन्न होगा, वह सब अदिति है। (ऋग्वेद 1.89.10) यूनानी देवतंत्र में अदिति के समान गूढ़ दार्शनिक अर्थ रखने वाली कोई देवी नहीं है।

विवाहित होना सम्मानीय था। स्मृतियों में दीर्घकाल तक अविवाहित बने रहने की आलोचना की गई है। विवाह नाम की संस्था का विकास धीरे-धीरे हुआ है। ऋग्वेद के रचनाकाल तक विवाह संस्था का समुचित विकास हो रहा था। स्त्री दासी नहीं है। ऋग्वेद के एक सुंदर मंत्र में नववधू को शुभकामनाएं देते हुए कहा गया है कि 'यह नववधू दीर्घकाल तक जिए। दीर्घकाल तक काम करे। ससुर और सभी परिजनों पर शासन करे।' यह भारतीय संस्कृति का प्राचीन तत्व है।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

भारत में नारी की स्थिति सभी कालों में सम्माननीय रही है। पूर्वजों ने स्त्री को समाज का संरक्षक माना है। वैदिक काल में महिलाएं मंत्रदृष्टा ऋषि भी थीं। बृहदारण्यक उपनिषद के अनुसार राजा जनक ने विद्वानों की सभा बुलाई थी। अनेक विद्वान इस गोष्ठी में सम्मिलित थे।

विद्वानों की सभा में गार्गी ने याज्ञवल्क्य से सीधे सवाल पूछे थे। पूछा था, 'यह संपूर्ण अस्तित्व किस तत्व पर टिका हुआ है?', 'सृष्टि किस आधार पर खड़ी है।' याज्ञवल्क्य ने उत्तर दिया, 'जल पर।' गार्गी ने उत्तर के बाद पूछा, 'जल किसमें आधारित हैं?' फिर पूछा गया, 'इस अस्तित्व को कौन देवता आधार देते हैं?' गार्गी ने पूछा, 'इस विराट अस्तित्व का आधार क्या है?' याज्ञवल्क्य ने उत्तर दिया ब्रह्म ही सबको धारण करता है। ब्रह्म ही सर्वोच्च हैं। गार्गी ने अगला प्रश्न पूछा, 'ब्रह्म किस पर आधारित हैं। याज्ञवल्क्य ने कहा, 'ब्रह्म सर्वोच्च हैं। ब्रह्म ही भिन्न-भिन्न रूपों में प्रकट होते हैं। ब्रह्म का कारण ब्रह्म हैं। ब्रह्म असीम हैं। अनंत हैं।

गार्गी की प्रतिभा अद्भुत थी। राम-सीता की जोड़ी में सीता और राम दोनों की विशिष्टता देखी जाती है। कोई बड़ा नहीं। कोई छोटा नहीं। सीता जैसा चरित्र दुनिया के किसी भी देश में नहीं मिलता। शिव-पार्वती में पार्वती प्रथमा हैं और वह सभी अवसरों पर शंकर जी से विभिन्न विषयों पर गहन प्रश्न पूछा करती हैं। कैकई और दशरथ के कथानक में कैकई विचारणीय हैं। भारतीय परंपरा व साहित्य में सर्वत्र स्त्री सम्मान की गूंज है। यत्र नारी अस्तु पूजते रमंते ततदेवता- जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवता रहते हैं।

नारी माता हैं।

अनेक प्रतीकों में स्त्री को मां कहा गया है। माता से बढ़कर दूसरा कोई प्रतीक नहीं है। यहां भारत को भी भारत माता कहा गया है। अथर्ववेद के भूमि सूक्त में पृथ्वी को मां बताया गया है। अधिकांश नदियों को भी हम माता ही कहते हैं। वैदिक काल में यज्ञ की अतिरिक्त प्रतिष्ठा रही है। यज्ञ विधान के अनुसार पूजा में पत्नी की उपस्थिति अनिवार्य है। अथर्ववेद के एक सुंदर मंत्र में ऋषि पत्नी से कहते हैं, 'तुम ऋक्‌ हो। मैं साम (गान) हूं। मैं अंतरिक्ष हूं। तुम पृथ्वी हो।'

दुनिया की प्रत्येक सभ्यता में देवतंत्र है। देवता हैं, देवियां हैं। सामाजिक विकास के क्रम में मिस्र ने प्रकृति की शक्तियों को देवता जाना और माना था। जिस समाज में देवियां होंगी उस समाज में स्त्रियों का सम्मान होगा। देवतंत्र मनुष्य के सपनों का ही विस्तार है। देवियों का आदर स्त्रियों का आदर है, इसी तरह स्त्रियों का आदर देवियों का आदर है। भारत में वैदिक काल का देवतंत्र ध्यान देने योग्य है। भारत में अनेक देवियां हैं। ऋग्वेद में वाणी की अराधना की गई है। देवियों की उपासना करने वाले समाज में स्त्री सम्मान होगा ही। इसी तरह का एक शब्द है रोदसी। रोदसी में माता पृथ्वी और पिता आकाश को संयुक्त रूप में याद किया गया है। (ऋग्वेद 2.11.15) चाहे सोम रस की बात हो या अन्य सभी अनुशासनों में। माता-पिता की जोड़ी में मां प्रथमा हैं।

वैदिक काल में अनेक स्त्रियां वेद मंत्रों की रचयिता या दृष्टा ऋषि भी रही हैं। इनमें लोमसा, लोपामुद्रा, यमी, श्रद्धा, ब्रह्मवादिनी जुहू, सूर्या, इंद्राणी, कच्छीवान की पुत्री घोषा आदि स्त्रियों की प्रतिष्ठा किसी भी विद्वान से कम नहीं थी। पूर्वजों ने मातृ शक्ति को पुरुष जैसा सम्मान दिया है। ऋग्वेद के एक सूक्त में पौलोमी सची द्वारा व्यक्त उद्गार देखने योग्य हैं। वे कहती हैं, 'मैं ज्ञानवती हूं। मैं मूर्धन्य हूं। मैं तेजस्वी वक्ता हूं। मैं शत्रुओं का विनाश करती हूं। पति मेरे अनुकूल व्यवहार करते हैं।

ऐतरेय ब्राह्मण में गंधर्व ग्रहीता कुमारी का विवरण है। शतपथ ब्राह्मण के अनुसार मैत्रेयी ऋषि याज्ञवल्क्य की पत्नी थीं। उनकी रुचि ब्रह्म विद्या में थी। याज्ञवल्क्य ने सन्यासी होने का निर्णय लिया। दोनों पत्नियों को बुलाया और बताया कि हमारी संपदा दोनों पत्नियां मिलकर बांट लो। इस पर मैत्रेयी ने कहा, 'मुझे धन संपदा नहीं चाहिए। आपको जो ज्ञान प्राप्त हो वही मुझे दीजिए।' कृतार्षिनी ने मीमांसा दर्शन पर ग्रंथ लिखा था।

वैदिक काल में शिक्षा की उत्तम व्यवस्था थी। इनमें तमाम महिलाएं आचार्य थीं। बच्चों को पढ़ाती थीं। पाणिनी की व्याकरण के अनुसार उपाध्याय की पत्नी को उपाध्यायानी कहा गया है और जो स्त्री स्वयं अध्ययन का कार्य करे उसके लिए उपाध्याय शब्द ठीक होगा। वैदिक काल में संपत्ति पर स्त्रियों का भी अधिकार था। महिलाएं घर की प्रधान थीं।

# नेपाल में दिखने लगा है बालेन सरकार का असर

नेपाल में बालेन सरकार के करीब एक पखवारे ही हुए, इस बीच उनके कार्यशैली को देखें तो कह सकते हैं कि आने वाले दिनों में निश्चित ही ढेर सारे ऐसे निर्णय लिए जा सकते हैं जो परिवर्तन का संदेश देते हों। वे चाहे शिक्षा से जुड़े हुए फैसले हों, महिला अधिकार की हो या पलायन, रोजगार और विदेश नीति से जुड़े हुए फैसले हों। एक पखवाड़े के भीतर ही अपने मंत्रिमंडल के एक सहयोगी को रुखसत कर उन्होंने अन्य मंत्रियों को सख्त संदेश भी दे दिया है।

बालेन सरकार ने जवाबदेही और जिम्मेदारी की एक स्पष्ट मिसाल पेश करते हुए श्रम, रोजगार तथा सामाजिक सुरक्षा मंत्री दीपक कुमार साह को उनके पद से बर्खास्त कर दिया है, जबकि स्वास्थ्य एवं जनसंख्या मंत्री निशा मेहता को कड़ी चेतावनी दी गई है। सत्ता रूढ़ दल राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष रवि लामि छाने की लिखित सिफारिश में श्रम मंत्री पर पद के दुरुपयोग का गंभीर आरोप लगाया गया था।



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

खबर के अनुसार दीपक कुमार साह ने अपनी पत्नी को लंबे समय से निष्क्रिय पड़े स्वास्थ्य बीमा बोर्ड में सदस्य के रूप में सक्रिय कराकर अपने अधिकारों का दुरुपयोग किया। मंत्री बनने के महज 15 दिन के भीतर ही साह को पद से हटाया जाना इस बात का संकेत है कि सरकार और पार्टी नेतृत्व भ्रष्टाचार या पद के दुरुपयोग पर किसी भी प्रकार की नरमी बरतने के पक्ष में नहीं है। अपने मंत्रालय के प्रति अपेक्षित गंभीरता न दिखाने पर स्वास्थ्य मंत्री निशा मेहता को भी औपचारिक रूप से चेतावनी दी गई है, जिसे सरकारी हलकों में एक स्पष्ट संदेश के रूप में देखा जा रहा है कि अनुशासन और पारदर्शिता पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

> दूसरे देशों में राजदूतों की नियुक्तियां प्राय: सत्ता दल की मर्जी पर ही होते हैं। इनमें ज्यादातर नियुक्तियां राजनीतिक होती हैं और कुछ ब्यूरोक्रेट्स आधारित। राजदूतों की नियुक्ति में यही प्रक्रिया नेपाल की भी है, लेकिन क्या नए राजदूत भी जेन जी श्रेणी के होंगे?

बालेन शाह की विदेश नीति पर दुनिया के करीब 182 देशों की नजर है, जहां से नेपाल के राजनयिक संबंध हैं। इसी के साथ इस बात को लेकर भी उत्सुकता है कि बालेन शाह बतौर नेपाली पीएम अपनी पहली विदेश यात्रा में किस देश को तरजीह देते हैं। पूर्व की सरकारों के प्रधानमंत्री अमूमन चीन अथवा भारत को अपनी प्राथमिकता में रखते थे।

बालेन सरकार की अभी तक जो कार्यशैली दिख रही है, उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि वे अपनी विदेश नीति को लेकर काफी गंभीर है। संभवतः इसी उद्देश्य से हाल में उन्होंने सिंह दरबार में विदेशों में तैनात अपने राजदूतों की मीटिंग ली है। आम तौर पर ऐसा नहीं होता रहा है। बालेन सरकार ने अभी भारत सहित छः देशों के राजदूतों को वापस बुलाने का फरमान जारी किया है। अभी जिन देशों के राजदूतों को वापस बुलाने का फरमान जारी हुआ है उसमें भारत, चीन, अमेरिका, जापान, यूके, और आस्ट्रेलिया शामिल हैं। इन देशों के राजदूतों को एक महीने के भीतर नेपाल वापस आना होगा। इसके पहले ऐसी ही नियुक्ति वाले 11 देशों के राजदूतों को वापस बुलाने का आदेश कार्की सरकार ने जारी किया था। आने वाले कुछ दिनों में अन्य देशों के राजदूतों में बदलाव संभव है। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# नागरिक शिष्टाचार भी संविधान का अंग

किसी भी राष्ट्र की पहचान केवल उसके संविधान, कानूनों या लोकतांत्रिक संस्थाओं से नहीं होती, बल्कि उस देश के नागरिकों के व्यवहार, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी से भी होती है। भारत का संविधान हमें अनेक मौलिक अधिकार प्रदान करता है, लेकिन साथ ही वह नागरिकों पर कुछ मौलिक कर्तव्यों का भी दायित्व डालता है। इन्हीं कर्तव्यों में नागरिक शिष्टाचार (Civic Sense) एक महत्वपूर्ण तत्व के रूप में सामने आता है।

आज भारत तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है, लेकिन नागरिक शिष्टाचार की कमी अक्सर इस विकास को बाधित करती दिखाई देती है। सड़क पर कचरा फेंकना, यातायात नियमों का पालन न करना, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाना, सरकारी संस्थाओं में अनुशासनहीनता— ये सभी व्यवहार केवल सामाजिक समस्या नहीं हैं, बल्कि संविधान की भावना के भी विरुद्ध हैं।

संविधान के अनुच्छेद 51(क) में नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों का उल्लेख किया गया है। इसमें सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करना, देश की एकता और अखंडता बनाए रखना, पर्यावरण संरक्षण करना तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाना जैसे कर्तव्य शामिल हैं। ये सभी कर्तव्य सीधे तौर पर नागरिक शिष्टाचार से जुड़े हुए हैं। यदि कोई व्यक्ति सड़क पर कचरा फेंकता है, तो वह केवल गंदगी नहीं फैला रहा होता, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के संवैधानिक कर्तव्य का उल्लंघन भी कर रहा होता है। इसी प्रकार, सार्वजनिक संपत्ति जैसे बस, ट्रेन, सरकारी भवनों को नुकसान पहुंचाना संविधान की भावना के विपरीत है।



आकाश सपेलकर
वकील, सुप्रीम कोर्ट

विकसित देशों की प्रगति का एक बड़ा कारण वहां के नागरिकों का अनुशासित व्यवहार और मजबूत नागरिक शिष्टाचार है। वहां लोग नियमों का पालन कानून के डर से नहीं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में करते हैं। भारत में भी यदि नागरिक शिष्टाचार को मजबूत किया जाए, तो अनेक समस्याओं का समाधान स्वतः हो सकता है— जैसे ट्रैफिक जाम, गंदगी, प्रदूषण और सार्वजनिक संसाधनों का दुरुपयोग। नागरिक शिष्टाचार का विकास केवल कानून बनाकर नहीं किया जा सकता। इसके लिए शिक्षा, जागरूकता और सामाजिक संस्कार आवश्यक हैं। स्कूलों और कॉलेजों में नागरिक शिष्टाचार को शिक्षा का अनिवार्य हिस्सा बनाया जाना चाहिए। परिवार भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जहां बच्चों को बचपन से ही अनुशासन और जिम्मेदारी की शिक्षा दी जा सकती है।

सरकार की भी जिम्मेदारी है कि वे नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने के लिए अभियान चलाएं। 'स्वच्छ भारत अभियान' जैसे प्रयासों ने यह दिखाया है कि यदि नागरिकों को प्रेरित किया जाए, तो वे सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। अंततः, नागरिक शिष्टाचार केवल सामाजिक आवश्यकता नहीं बल्कि संवैधानिक जिम्मेदारी भी है। यदि हर नागरिक अपने कर्तव्यों का पालन करे, तो भारत आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से भी मजबूत राष्ट्र बन सकता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# रेवड़ियों की राजनीति व बढ़ता आर्थिक संकट

भारत की लोकतांत्रिक राजनीति में पिछले एक दशक में एक बड़ा बदलाव आया है। नीतियों का फोकस तेजी से फ्रीबीज यानी मुफ्त योजनाओं की ओर हुआ है। कभी सामाजिक सुरक्षा के औजार के रूप में देखी जाने वाली ये योजनाएं अब चुनावी रणनीति का केंद्र बन चुकी हैं। नकद हस्तांतरण, मुफ्त राशन, महिलाओं के लिए मासिक सहायता, बिजली-पानी सब्सिडी-इन सबने मिलकर एक ऐसा मॉडल तैयार किया है, जिसमें चुनाव जीतने का गणित सीधे 'सीधे लाभ' से जुड़ गया है, लेकिन इस मॉडल की कीमत क्या है? क्या यह वास्तव में गरीबों के सशक्तिकरण का रास्ता है या फिर अर्थव्यवस्था को कमजोर करने वाला एक दीर्घकालिक जोखिम? यही इस पूरे विमर्श का मूल प्रश्न है।

> भारत की लोकतांत्रिक राजनीति में नीतियों का फोकस तेजी से फ्रीबीज यानी मुफ्त योजनाओं की ओर हुआ है, लेकिन इस मॉडल की कीमत क्या है? क्या यह वास्तव में गरीबों के सशक्तिकरण का रास्ता है या फिर अर्थव्यवस्था को कमजोर करने वाला एक दीर्घकालिक जोखिम?

फ्रीबीज की राजनीति का सबसे बड़ा उभार 2020 के बाद देखने को मिला, जब विभिन्न राज्यों में चुनावी घोषणाओं में नकद सहायता और मुफ्त सेवाओं का अनुपात तेजी से बढ़ा। पश्चिम बंगाल की 'लक्ष्मीर भंडार' योजना, मध्य प्रदेश की 'लाडली बहना', तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों में महिलाओं के खातों में सीधे पैसे भेजने की योजनाएं- इन सबने एक नया ट्रेंड सेट किया। अब स्थिति यह है कि चुनावी घोषणापत्र 'विकास के वादों' से ज्यादा 'सीधे पैसे और सुविधाओं' के इर्द-गिर्द घूमने लगे हैं। राजनीतिक दलों के बीच एक तरह की प्रतिस्पर्धा बन गई है कि कौन ज्यादा देगा, कौन ज्यादा तेज़ी से देगा और किस वर्ग को सीधे लाभ पहुंचाएगा। इस प्रतिस्पर्धा ने लोकतांत्रिक राजनीति को 'नीतिगत बहस' से हटाकर 'आर्थिक ऑफर' की दिशा में मोड़ दिया है। फ्रीबीज की राजनीति का सबसे अहम पहलू है- महिला मतदाताओं को केंद्र में रखना। लगभग हर राज्य में महिलाओं के लिए अलग योजनाएं बनाई जा रही हैं, जिनमें हर महीने 1000 से 2500 रुपये तक की नकद सहायता दी जा रही है। इस रणनीति के पीछे स्पष्ट गणित है। कई राज्यों में महिला वोटरों की संख्या पुरुषों के बराबर या उससे अधिक हो चुकी है। तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों में महिलाओं का वोट प्रतिशत 50 प्रतिशत से ज्यादा है। ऐसे में यह वर्ग चुनावी नतीजों को निर्णायक रूप से प्रभावित कर सकता है।



राजेश जैन
वरिष्ठ पत्रकार


इन योजनाओं का सामाजिक असर भी दिखा है। कई गरीब परिवारों में महिलाओं के हाथ में पहली बार नियमित नकदी आई है, जिससे उनका घरेलू निर्णयों में प्रभाव बढ़ा है, लेकिन इसके साथ ही यह सवाल भी उठता है कि क्या यह वास्तविक सशक्तिकरण है या सिर्फ आर्थिक निर्भरता का नया रूप? फ्रीबीज की सबसे बड़ी आलोचना इसके आर्थिक प्रभाव को लेकर है। आंकड़े बताते हैं कि कई राज्यों में इन योजनाओं का खर्च कुल राजस्व का 30 से 40 प्रतिशत तक पहुंच गया है। इसका सीधा मतलब है कि सरकारों के पास विकास कार्यों के लिए पैसा कम बच रहा है।

मध्य प्रदेश में लाडली बहना और अन्य सब्सिडी योजनाओं पर सालाना करीब 50 हजार करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं। तेलंगाना में चुनावी वादों को पूरा करने के लिए हर साल लगभग एक लाख करोड़ रुपये की जरूरत है। पंजाब में स्थिति और गंभीर है, जहां आय और खर्च के बीच बड़ा अंतर है और बजट संतुलन बिगड़ चुका है। इसका असर यह हो रहा है कि सरकारें लगातार कर्ज ले रही हैं। कर्ज-से-जीएसडीपी अनुपात बढ़ रहा है, जिससे भविष्य में वित्तीय संकट का खतरा बढ़ जाता है। छोटे राज्यों में तो स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि वेतन और पेंशन देने में भी दिक्कत आने लगी है। जब बजट का बड़ा हिस्सा फ्रीबीज पर खर्च होता है, तो सबसे पहले असर विकास परियोजनाओं पर पड़ता है। सड़क, पुल, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य- ये सभी क्षेत्र धीरे-धीरे फंड की कमी से प्रभावित होते हैं। राजस्थान जैसे राज्यों में सड़क और पानी परियोजनाओं का बजट कम करना पड़ा। महाराष्ट्र में कुछ पारंपरिक योजनाएं बंद करनी पड़ीं। इसका मतलब यह है कि तत्काल राजनीतिक लाभ के लिए दी जा रही राहत, दीर्घकालिक विकास को कमजोर कर रही है। यह स्थिति एक 'ट्रेड-ऑफ' पैदा करती है- क्या सरकारें आज राहत दें या भविष्य के लिए निवेश करें? अगर यह संतुलन बिगड़ता है, तो आने वाले वर्षों में रोजगार, औद्योगिक विकास और आर्थिक वृद्धि पर गंभीर असर पड़ सकता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# पाप के अंत के लिए विधि को करनी पड़ती है व्यवस्था

रातों-रात धनी बनने एवं रौबदार जीवन जीने के लिए हमेशा झूठ बोलना, दूसरों को धोखा देना, चुगली-निंदा में लगे रहना तथा किसी से कुछ लेकर उसे वापस न करना, यह सब निंदनीय कार्य है। ऐसे कार्यों में लगे रहने वाला यदि धन कमा भी लेता है तो भी लोग उसे बुरी नजर से ही देखते है। उसकी बहुत जल्द बदनामी भी होने लगती है, लेकिन अपने रुआब में वह किसी की बात की परवाह नहीं करता है। प्रायः ऐसे लोग एक जबरदस्त गिरोह बना लेते हैं। लोगबाग गिरोह से मुकाबला न करने की स्थिति में चुप रहना ही उचित समझते हैं, लेकिन किसी न किसी दिन कोई ऐसा प्रकट हो जाता है जो ऐसे गिरोह को नेस्तनाबूद कर देता है। आए दिन समाज में देखने को मिलता है कि जिसके नाम से लोग थर्राते थे, उसका अंत अत्यंत बुरे ढंग से होता है। ऐसी स्थिति में इन कथित रुआबदारों का कोई साथ नहीं देता।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

उदाहरण के रूप में लिया जाए तो द्वापर युग में कृष्ण का मामा कंस था। वह अन्यायी था। जब भविष्यवाणी हुई कि उसकी बहन देवकी का आठवां पुत्र उसका विनाश करेगा, तब वह कांपने लगा। उसकी भरसक कोशिश यही थी कि देवकी के पुत्रों को वह मार डाले। उसने ऐसा जघन्य कार्य किया भी, लेकिन पाप का चूंकि अंत होना था, तो विधि ने ऐसी व्यवस्था की कि कृष्ण रातोंरात नन्द के घर चले गए और उनकी जगह योगमाया आ गई, जिसको जब कंस ने मारना चाहा तो योगमाया उसके हाथों से छूट कर आकाश मार्ग की ओर चली गई तथा कंस को चेतावनी देते हुए कहा, 'रे कंस, तुझे मारने वाला पैदा हो गया है।' योगमाया की इस ध्वनि को कंस ने 'काल-ध्वनि' के रूप में लिया और हर संभव कोशिश करने लगा कि कृष्ण को मार डाला जाए।

धार्मिक उद्धरणों की तरह समाज में पनपने वाले कंस सरीखे लोगों का भी यही हश्र होता है। कोई न कोई ऐसा प्रकट हो जाता है, जिसके हाथों ऐसे लोगों को सबक सिखाने का मौका मिल जाता है। अतः इंसान को चाहिए कि वह बुरी लतों से दूर रहे। वरना किसी न किसी दिन दंड मिलकर रहता है। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# डीपफेक: फिलहाल जागरुकता ही है बचाव का उपाय

डिजिटल युग में तो हम रमते जा रहे हैं, अब इस युग के आर्टिफिशियल इंटलिजेंस कल्चर से भी अछूते नहीं रहे। इसी कल्चर का एक हिस्सा अगर हमें प्रगति करने को स्मार्ट बना रहा है तो वहीं, दूसरा डीपफेक हमारी सिरदर्दी का बड़ा कारण बन चुका है। इस डीपफेक संस्कृति ने मानो कटाक्ष में अनैतिकता को देखकर कहे जाने वाले 'घोर कलयुग' की शब्दावली को वाकई परिभाषित कर दिया हो।





वास्तव में डीपफेक ने सत्य को ही संदेहास्पद बना दिया। अब आंखों देखी और कानो सुनी भी सत्य नहीं रहा। वीडियो, फोटो में हूबहू जिस शख्स को हम देखते हैं, विश्वास नहीं कर सकते कि वही हो। ऐसा ही आवाज के साथ है, किसी अपने की ही चिरपरिचित कॉल धोखा दे सकती है। पुरानी कहावत है, देखकर और कानो से सुनकर ही विश्वास करो। कैसे करें?

दरअसल, डीपफेक केवल मनोरंजन या चेहरे बदलने की तकनीक नहीं है। इसके खतरे विध्वंसकारी हैं। किसी लोकप्रिय नेता का भ्रामक डीपफेक बयान सामाजिक हिंसा की वजह बन सकता है। वहीं, निजी स्तर पर स्त्रियों के खिलाफ बढ़ते 'डिजिटल क्राइम' और 'वॉयस क्लोनिंग' के जरिए फाइनेंशियल-फ्रॉड ने समाज में एक अविश्वास का माहौल फैला रखा है। हकीकत यह है कि ऐसी तकनीक व्यक्ति की पहचान को ही हथियार बना रही है। हद तो यह है कि ईश्वरीय स्वरूप तक से छेड़छाड़ की जा रही है।



अजय दयाल
हल्द्वानी

याद कीजिए भारतीय परिवेश में हम 'सत्यम शिवम सुंदरम' की संस्कृति को जेहन में रखकर पले-बढ़े हैं। यह वाक्यांश भारतीय दर्शन में ईश्वर के शाश्वत स्वरूप को दर्शाता है, जहां सत्य यानी अविनाशी, शिव यानी कल्याणकारी और सुंदरम् यानी सौंदर्य को एक ही परम् तत्व ब्रह्म के तीन पहलू समझा गया है। सही मायनों में सत्यम यानी सत्य का अर्थ है जो कभी न बदले, जो त्रिकालाबाधित अर्थात अतीत, वर्तमान और भविष्य में एक समान रहे। शिवम् यानि शुभ या कल्याणकारी शिव का आशय उस तत्व से है, जो सर्वोच्च शुभ है और जिसमें पूरा ब्रह्मांड समाया हुआ है। इसी तरह सुंदरम् यानी सुंदर या सौंदर्य का आशय शारीरिक सुंदरता से नहीं बल्कि परम् सत्य के साथ सामंजस्य में होने वाली सुंदरता से है। भारतीय दर्शन कहता है कि किसी भी कार्य, नीति या वस्तु की तभी स्वीकार्यता है, जब उसमें तीनों गुण- सत्य, कल्याण और सुंदरता विद्यमान हों। अब ऐसे में मौजूदा डीपफेक कल्चर, क्या हमारी पुरातन अथवा सनातनी संस्कृति के साथ घृणित मजाक नहीं?

लगता है 21वीं सदी में सत्य की परिभाषा ही बदल गई है। जिस एआई तकनीक ने हमें भविष्य के सपने दिखाए थे, उसी का एक भाग डीपफेक अब हमारे वर्तमान के लिए सिरदर्द बना हुआ है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बनाए गए सच दिखने वाले फेक वीडियो और ऑडियो ने दिग्भ्रमित कर रखा है। यहां सवाल केवल तकनीक के दुरुपयोग का नहीं, बल्कि हमारी डिजिटल सुरक्षा और लोकतांत्रिक व निजी मूल्यों के अस्तित्व के साथ हनन का भी है।

राहत की बात यह है कि इस संकट से निपटने के लिए दुनिया अब सतर्क-सचेत हो रही है। भारत सरकार ने इस दिशा में सख्त कदम उठाए हैं। आईटी नियमों (2021) के तहत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की जवाबदेही तय हो गई है। ऐसे में 24 घंटे के भीतर आपत्तिजनक सामग्री हटानी होगी। इतना ही नहीं, इंटेल और माइक्रोसॉफ्ट जैसे डिजिटल दुनिया के दिग्गज अब ऐसे डिटेक्शन टूल्स (जैसे फेक कैचर) विकसित कर रहे हैं, जो हयूमन बॉडी के सूक्ष्म जैविक संकेतों (जैसे ब्लड फ्लो) के आधार पर असली और नकली का अंतर साफ कर सकते हैं। वहीं, 'डिजिटल वॉटरमार्किंग' जैसे प्रयोग भविष्य में कंटेंट की प्रामाणिकता को प्रमाणित करने के लिए एक डिजिटल पासपोर्ट का काम करेंगे।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

न्यूज ब्रीफ

### आंबेडकर जयंती कार्यक्रम में शामिल होंगे सीएम योगी

अमृत विचार, लखनऊ: आगामी आंबेडकर जयंती के अवसर पर पूरे प्रदेश में व्यापक आयोजन की तैयारी की जा रही है। राजधानी लखनऊ स्थित डॉ. अंबेडकर महासभा परिसर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। महासभा ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि 14 अप्रैल को अपराह्न 2 बजे से कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक सहित कई मंत्री और गणमान्य लोग शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल को पूरा प्रदेश 'आंबेडकरमय' नजर आएगा, जहां विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से बाबा साहब के विचारों को याद किया जाएगा।

### तीन आईपीएस अफसरों के तबादले

अमृत विचार, लखनऊ: शासन ने शनिवार देर शाम को तीन आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिये। जारी आदेश के अनुसार, देवरिया के एसपी संजीव सुमन को पुलिस मुख्यालय से संबद्ध किया गया है। वहीं, 32वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ की सेनानायक प्राची सिंह को एसपी अंबेडकरनगर और अंबेडकरनगर में तैनात अभिजीत आर शंकर को देवरिया का एसपी बनाया गया है।

### ज्योतिबा फूले जयंती पर मायावती ने दी श्रद्धांजलि

अमृत विचार, लखनऊ: बसपा प्रमुख मायावती ने महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती के अवसर पर उन्हें देश में सामाजिक परिवर्तन का पितामह बताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज में अति-पिछड़े वर्ग में जन्मे फूले ने समाज सुधार और शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक योगदान दिया। बसपा प्रमुख ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर अपने संदेश में विशेष रूप से सावित्रीबाई फूले और ज्योतिबा फुले की जोड़ी को नारी शिक्षा और सशक्तिकरण का प्रणेता बताया। उन्होंने कहा कि फुले के विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

### ज्योतिबा फुले का योगदान अविस्मरणीय: केशव

अमृत विचार, लखनऊ: उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समाज सुधारक एवं शिक्षाविद महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर उनके स्मृति चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। साथ ही कहा कि उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों, भेदभाव और असमानताओं के विरुद्ध आजीवन संघर्ष किया। विशेष रूप से स्त्री शिक्षा और समाज के वंचित एवं कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए उनका योगदान अतुलनीय है। राजधानी स्थित सरकारी आवास पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले के विचार एवं कार्य आज भी समाज को सही दिशा प्रदान करते हैं।

### प्रदेश में 'समाज भवन' की उठाई मांग

अमृत विचार, लखनऊ: रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के प्रदेश अध्यक्ष पवन गुप्ता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर दलित समाज से जुड़े मुद्दे उठाए हैं। पत्र में कहा कि डॉ. आंबेडकर समेत महापुरुषों की प्रतिमा स्थापना में प्रशासनिक प्रक्रियाएं जटिल हैं, जिससे अनावश्यक देरी होती है। इसे सरल बनाने की मांग की गई है। उन्होंने महाराष्ट्र की तर्ज पर प्रदेश में 'समाज भवन' निर्माण की आवश्यकता बताई गई है, ताकि दलित और अति-दलित समाज को सामाजिक व शैक्षणिक गतिविधियों के लिए स्थान मिल सके। पार्टी ने सरकार से अपेक्षा जताई है कि इन मुद्दों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा।

## घर-घर पहुंचेगी बिजली टीम सात दिन चलेगा विशेष अभियान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


- स्मार्ट मीटर की शिकायतों के त्वरित निस्तारण को बड़ा कदम

अमृत विचार: प्रदेश में स्मार्ट बिजली मीटर को लेकर बढ़ती शिकायतों के बीच योगी सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद यूपी पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड ने उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए 7 दिन का विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया है।

इस अभियान के तहत विद्युत विभाग के अधिकारी घर-घर जाकर उपभोक्ताओं से सीधे संवाद करेंगे और उनकी शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करेंगे। स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं, बिलिंग विवाद और कनेक्शन संबंधी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा। यूपीपीसीएल के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने शक्ति भवन में उच्चस्तरीय बैठक कर सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि स्मार्ट मीटर से जुड़ी शिकायतों का रोजाना निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि डिस्कॉम स्तर पर कंट्रोल रूम और मॉनिटरिंग सेल सक्रिय रहकर लगातार समीक्षा करें। अभियान के तहत प्रत्येक अधिकारी को 10 से 20 या उससे अधिक उपभोक्ताओं की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।



लखनऊ छावनी स्थित स्मृतिका युद्ध स्मारक में लेजर लाइट शो का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री योगी व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।



## स्मृतिका युद्ध स्मारक में लेजर-लाइट शो की शुरुआत

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ छावनी स्थित स्मृतिका युद्ध स्मारक में शनिवार को अत्याधुनिक लेजर, लाइट और साउंड शो की शुरुआत हुई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संयुक्त रूप से इसका उद्घाटन किया। करीब 30 मिनट का यह हिंदी मल्टीमीडिया शो आधुनिक प्रोजेक्शन, साउंड और लाइटिंग तकनीक के जरिए भारतीय सेना के इतिहास, उसकी प्रमुख सैन्य उपलब्धियों और राष्ट्र निर्माण में योगदान को जीवंत रूप में प्रस्तुत करता है। इसमें 1947-48, 1962, 1965 और 1971 के युद्धों के साथ 'ऑपरेशन मेघदूत' और 'ऑपरेशन विजय' जैसी अहम सैन्य कार्रवाइयों को प्रमुखता से दिखाया गया है।

# प्रदेश में भाजपा संगठन व मंत्रिमंडल विस्तार की उल्टी गिनती शुरू

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने मुख्यमंत्री योगी से की मुलाकात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पार्टी स्तर पर लगातार बैठकों और दौरों का सिलसिला शुरू
- आज विनोद तावड़े का लखनऊ दौरा, फिर दिल्ली में भी बैठकों की तैयारी



अमृत विचार: प्रदेश में भाजपा संगठन और संभावित मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर मंथन तेज हो गया है। पार्टी स्तर पर लगातार बैठकों और दौरों का सिलसिला शुरू हो गया है, जिससे आने वाले दिनों में बड़े फैसलों के संकेत मिल रहे हैं।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी शनिवार शाम करीब 4 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करेंगे। इस बैठक में संगठन और सरकार के बीच समन्वय, साथ ही संभावित फेरबदल पर चर्चा होने की संभावना है। वहीं भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े रविवार को लखनऊ दौरे पर आएंगे। अपने दौरे के दौरान वे प्रदेश नेतृत्व के साथ अलग-अलग बैठकें करेंगे। इसमें संगठन महामंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और मुख्यमंत्री के साथ विस्तार से चर्चा की संभावना है।

सूत्रों के अनुसार, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी इसके बाद दिल्ली भी जाएंगे, जहां केंद्रीय नेतृत्व के साथ मुलाकात कर संगठन की नई टीम और मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर अंतिम रूप देने पर बातचीत हो सकती है। राजनीतिक हलकों में इसे संगठनात्मक बदलाव और सरकार में संभावित विस्तार की तैयारी के रूप में देखा जा रहा है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए संगठन और सरकार दोनों स्तर पर सामाजिक व क्षेत्रीय संतुलन साधने की रणनीति तैयार की जा रही है। मंत्रिमंडल विस्तार में एक ब्राह्मण और एक अनुसूचित जाति के चेहरे को शामिल किए जाने की संभावना है, जबकि संगठन में ओबीसी और दलित वर्ग के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने पर जोर रहेगा।

पिछले महीने 2802 सभासदों के मनोनयन के बाद अब पार्टी कार्यकर्ताओं को और साधने की तैयारी में है। निगम, आयोग और बोर्डों में नियुक्तियों के जरिए कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर चुनावी मोड में लाने की रणनीति पर काम हो रहा है। इसके साथ ही प्रदेश संगठन की नई टीम के गठन पर भी तेजी से काम चल रहा है। करीब 45 सदस्यीय टीम, छह क्षेत्रीय अध्यक्ष और युवा मोर्चा अध्यक्ष के चयन में जातीय, क्षेत्रीय और महिला प्रतिनिधित्व का संतुलन साधा जाएगा। राजनीतिक हलकों में इसे चुनाव से पहले भाजपा के बड़े संगठनात्मक और राजनीतिक पुनर्गठन के रूप में देखा जा रहा है।

**मंत्रिमंडल में संभावित बदलाव**

- एक ब्राह्मण और एक अनुसूचित जाति का चेहरा शामिल होने के संकेत
- नए चेहरों से क्षेत्रीय व जातीय संतुलन साधने की तैयारी
- पुराने मंत्रियों में सीमित फेरबदल की संभावना

**संगठन में नया क्या**

- 45 सदस्यीय नई प्रदेश टीम का गठन
- छह क्षेत्रीय अध्यक्षों की नियुक्ति
- युवा मोर्चा अध्यक्ष के चयन पर मंथन
- महिला और ओबीसी प्रतिनिधित्व बढ़ाने पर जोर

## एसएनए-स्पर्श प्रणाली में नई बिलिंग प्रक्रिया मई से होगी लागू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वित्त विभाग का शासनादेश जारी फेल ट्रांजैक्शन का भुगतान 30 अप्रैल तक

अमृत विचार: प्रदेश सरकार ने एसएनए-स्पर्श प्रणाली के क्रियान्वयन को लेकर अहम निर्णय लिया है। वित्त विभाग की ओर से जारी शासनादेश के अनुसार वर्तमान व्यवस्था को 30 अप्रैल 2026 तक यथावत रखा जाएगा, जबकि पहली मई 2026 से नई संशोधित प्रणाली लागू कर दी जाएगी।

अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि एसएनए-स्पर्श मॉड्यूल में संशोधन का कार्य अंतिम चरण में है। ऐसे में नई व्यवस्था लागू होने तक मौजूदा प्रक्रिया जारी रखी जाएगी। शासनादेश के अनुसार, एक मई से बिल प्रस्तुत करने की प्रक्रिया में बड़ा बदलाव होगा। अब कार्यान्वयन एजेंसियों द्वारा तैयार किए गए बिल पहले जनपदीय स्तर के एडमिन के माध्यम से कोषागार भेजे जाएंगे, जहां से उन्हें साइबर ट्रेजरी को अग्रसारित किया जाएगा। बिलों का समेकन भी साइबर ट्रेजरी स्तर पर किया जाएगा।

सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिन मामलों में भुगतान फेल हुआ है, उनका निस्तारण 30 अप्रैल 2026 तक किया जा सकता है। इसके लिए वर्तमान प्रणाली को जारी रखना आवश्यक माना गया है।

एक मई के बाद शेष राशि को नए मॉड्यूल के तहत पुनः आवंटित कर भुगतान की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। सरकार का मानना है कि नई व्यवस्था लागू होने से भुगतान प्रणाली अधिक पारदर्शी, व्यवस्थित और तकनीकी रूप से सुदृढ़ होगी, जिससे लाभार्थियों तक धनराशि समय पर पहुंच सकेगी।

## पीएम-एसवाईएस में कई जिलों ने बनाया रिकॉर्ड

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को पेंशन जैसी सामाजिक सुरक्षा देने वाली प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना (पीएम-एसवाईएस) में प्रदेश में तेज प्रगति दर्ज की जा रही है। विशेष अभियान और वार्षिक प्रदर्शन के चलते योजना की पहुंच तेजी से बढ़ी है और कई जिलों ने रिकॉर्ड नामांकन कर नए मानक स्थापित किए हैं।

15 जनवरी से 15 मार्च 2026 तक चले विशेष अभियान में फिरोजाबाद ने 349 नामांकन के साथ पहला स्थान हासिल किया। गाजियाबाद (262) और बस्ती (238) भी अग्रणी जिलों में रहे। इसके अलावा बांदा, बरेली, अंबेडकर नगर, हापुड़ और बिजनौर ने भी उल्लेखनीय भागीदारी निभाई। वहीं वित्तीय वर्ष 2025-26 के समग्र प्रदर्शन में हरदोई 929 नामांकन के साथ पहले स्थान पर रहा। आजमगढ़ (597) और गाजियाबाद (547) ने भी निरंतर बेहतर प्रदर्शन करते हुए खुद को मॉडल जिलों के रूप में स्थापित किया। प्रतापगढ़, बलिया, मेरठ और वाराणसी की सक्रियता भी उल्लेखनीय रही।

## राष्ट्र निर्माण में भूमिका निभाएं युवा: राज्यपाल

अमृत विचार, लखनऊ: राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने कहा कि युवा केवल रोजगार तक सीमित न रहें, बल्कि नवाचार, शोध और सृजनात्मक कार्यों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए तकनीक और नवाचार को बढ़ावा देने पर बल दिया। राज्यपाल शनिवार को प्रो.राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) यूनिवर्सिटी, प्रयागराज में नवनिर्मित शैक्षिक सुविधाओं का लोकार्पण करने के बाद छात्र व शिक्षकों को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और नैतिक मूल्यों के महत्व पर जोर दिया।

## पाल समाज की बेटी के साथ हुई घटना में सपा के लोगों की भूमिका : पूजा पाल

अमृत विचार, लखनऊ : सपा की बागी विधायक पूजा पाल ने समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए प्रदेश में कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए हैं। वहीं, योगी सरकार की तारीफ की। उन्होंने सपा पर आरोप लगाया कि कौशांबी में पाल समाज की एक बेटी के साथ हुई घटना में सपा से जुड़े तत्वों की भूमिका सामने आई है। कौशांबी विधायक ने कहा कि जैसे-जैसे 2027 का विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे सपा समर्थित गुंडों का आतंक बढ़ता जा रहा है। आरोप लगाया कि प्रदेश में सपा समर्थक अपराधियों द्वारा लोगों को धमकाया जा रहा है और खासकर ओबीसी समाज को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि ऐसे तत्वों का संरक्षण दिया जा रहा है। यह स्थिति चिंताजनक है। पूजा पाल ने कहा कि उप्र. का सौभाग्य है कि राज्य में मजबूत नेतृत्व वाली सरकार है, जिससे ऐसे तत्वों पर नियंत्रण संभव हो पा रहा है। उन्होंने दो टूक कहा कि वह पहले भी ऐसे लोगों के सामने नहीं झुकीं और आगे भी नहीं झुकेंगी।

## प्रदेश में एसआईआर के आंकड़े अस्पष्ट : माकपा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के उ.प्र. राज्य सचिव मंडल ने राज्य चुनाव आयोग द्वारा जारी एसआईआर आंकड़ों पर असंतोष जताते हुए उन्हें अधूरा और भ्रमित करने वाला बताया है। कहा गया कि आयोग ने यह स्पष्ट नहीं किया कि 2003 की मतदाता सूची से मिलान न होने वाले करीब 1.4 करोड़ और तार्किक विसंगतियों के आधार पर चिन्हित 2.22 करोड़ मतदाताओं को दिए गए नोटिस के बाद कितने नाम काटे गए।

सचिव मंडल के अनुसार 6 जनवरी 2026 को प्रकाशित ड्राफ्ट मतदाता सूची में कुल 12,55,56,025 मतदाता थे, जबकि अंतिम सूची में 13,36,84,972 मतदाता दर्शाए गए हैं। इस दौरान 84,28,667 नए मतदाताओं की वृद्धि बताई गई, जिससे कुल संख्या 13,39,84,972 होनी चाहिए। ऐसे में सवाल उठता है कि नोटिस पाने वालों में से कितने नाम हटाए गए, इसका स्पष्ट विवरण क्यों नहीं दिया गया। पार्टी ने मांग की है कि एसआईआर से पहले और अंतिम सूची के बीच हटाए गए मतदाताओं की वास्तविक संख्या सार्वजनिक की जाए।

## महिला आरक्षण का फैसला ऐतिहासिक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश सरकार में मंत्री बेबी रानी मौर्य ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 को देश के लोकतांत्रिक इतिहास का ऐतिहासिक और युगांतरकारी निर्णय बताया है। शनिवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि यह कानून महिलाओं को केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि नीति निर्माण की प्रक्रिया में सशक्त भागीदार बनाएगा।

भाजपा के राज्य मुख्यालय मे पत्रकारों से बातचीत में मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लाया गया यह कानून देश की करोड़ों महिलाओं के सम्मान और अधिकारों का प्रतीक है। संसद और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण से लोकतंत्र अधिक समावेशी और प्रभावी बनेगा। उन्होंने बताया कि वैश्विक अनुभव बताते हैं कि महिला नेतृत्व से शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण जैसे क्षेत्रों में बेहतर परिणाम मिलते हैं।



भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों से संवाद करतीं मंत्री बेबी रानी मौर्य। अमृत विचार

- मंत्री बेबी रानी मौर्य ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को सराहा

उन्होंने पिछले दस वर्षों में महिला सशक्तिकरण के लिए किए गए प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि उज्ज्वला, स्वच्छ भारत और जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं ने महिलाओं के जीवन स्तर में व्यापक सुधार किया है।

## खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में बढ़ा निवेशकों का रुझान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 13 प्रस्तावों को राज्य स्तरीय समिति को भेजने की संस्तुति

अमृत विचार: प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र तेजी से निवेश और रोजगार का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि यह सेक्टर किसानों की आय बढ़ाने, उद्यमिता को प्रोत्साहित करने और युवाओं को रोजगार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उप्र. फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री पॉलिसी -2023 के तहत दी जा रही सुविधाओं और अनुदानों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक उद्यम स्थापित हो सकें। अपर मुख्य सचिव बीएल मीना की अध्यक्षता में आयोजित अप्रेजल समिति की बैठक में 15 प्रस्तावों पर विचार किया गया, जिनमें से 13 को राज्य स्तरीय समिति के समक्ष अनुमोदन के लिए संस्तुति दी गई। स्वीकृति हेतु प्रस्तावित इकाइयों में स्टार्च, पास्ता-नूडल्स, पोल्ट्री फीड, डेयरी उत्पाद, बेकरी, मॉरिंग, तिलहन-दाल प्रसंस्करण और सोलर पावर प्लांट जैसी परियोजनाएं शामिल हैं। समिति ने निर्देश दिए कि कच्चे माल की आपूर्ति स्थानीय किसानों से सुनिश्चित की जाए।

स्मृति जीवंत

ज्योतिबा फुले की 200वीं जयंती पर कांग्रेस का प्रदेश स्तरीय अधिवक्ता सम्मेलन आयोजित

# संविधान के आदर्शों को कुचला जा रहा : मनु सिंघवी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि आज हम ऐसे दौर से गुजर रहे हैं, जहां संविधान और बाबा साहब के आदर्शों को केवल नजरअंदाज ही नहीं किया जा रहा, बल्कि उन आदर्शों को कुचला जा रहा। उन्होंने कहा कि संविधान कोई प्रशासनिक मार्गदर्शिका नहीं, यह लोकतंत्र का स्पंदित (धड़कता हुआ) हृदय है।

कांग्रेस नेता मनु सिंघवी शनिवार को इंदिरागांधी प्रतिष्ठान में आयोजित ज्योतिबा फुले की 200 वीं जयंती पर आयोजित प्रदेश स्तरीय अधिवक्ता सम्मेलन में बोल रहे थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने कहा कि हमारा संविधान करोड़ों वंचितों की आशाओं का घोषणा पत्र है, अब जांच एजेंसियां प्रतिशोध का प्रवर्तक बन गई हैं, कुछ अपवादों को छोड़कर जब न्यायपालिका को गर्जना चाहिए, तब अक्सर फुसफुसाती नजर आती है, शक्ति का संतुलन एक अथाह खाई में झुक गया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने फुले के विचारों, समाज सुधार के कार्यों एवं समाज में भेदभाव और छुआछूत को लेकर उनके द्वारा किए गए सामाजिक जागरण और शिक्षा को लेकर विशेष तौर से उनके प्रयासों को याद किया।



## मुजफ्फरनगर में कल 200 कंपनियां देंगी 25 हजार से अधिक नौकरियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- रोजगार के 'महाकुंभ' का उद्घाटन करेंगे मुख्यमंत्री योगी
- केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी करेंगे अध्यक्षता



अमृत विचार: प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में प्रदेश सरकार एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। 13 अप्रैल को मुजफ्फरनगर के नुमाइश ग्राउंड में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे।

इस रोजगार मेले की अध्यक्षता केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी करेंगे, जबकि राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का आयोजन उप्र. स्किल डवलपमेंट मिशन के तत्वावधान में किया जा रहा है। मेले में 200 से अधिक कंपनियां हिस्सा लेंगी, जो विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। इस दौरान 25 हजार से अधिक पदों पर भर्ती की जाएगी। रोजगार मेले में ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, मैन्युफैक्चरिंग, आईटी-आईटीईएस, बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज, पर्यटन, हॉस्पिटैलिटी, लॉजिस्टिक्स, हेल्थकेयर और परिधान उद्योग से जुड़ी कंपनियां शामिल होंगी। प्रमुख कंपनियों में टाटा मोटर्स, पेटीएम, जेबीएम ग्रुप, जेपिटो और एल एंड टी फाइनेंस शामिल हैं। अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 45 वर्ष निर्धारित की गई है। मेले के दौरान चयनित अभ्यर्थियों को मौके पर ही ऑफर लेटर, लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) और जॉइनिंग लेटर भी प्रदान किए जाएंगे।

**बिजली कंपनियां ने किया एचईआरसी का रुख**

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा की बिजली वितरण कंपनियों ने ईंधन अधिभार की वसूली से जुड़े नियमों में राहत देने की मांग करते हुए हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी) का रुख किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अमृत विचार
बरेली, रविवार, 12 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2595, राज श्री 1980, फ़ॉर्चून कि. 2715, रविन्द्रा 2540, फॉर्चुन 13kg 2395, जय जवान 2125, सचिन 2320, सूरज 2125, अवसर 2100, उजाला 2130, गृहणी 13 kg 2160, क्लासिक (kg) 2500, मोर 2330, चक्र टिन 2565, ब्लू 2410, आशीर्वाद मस्टर्ड 2480, स्वास्तिक 2550
**किराना**–निजामाबाद हल्दी 16000–18000, जीरा 25500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 14000–18000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 800–1150
**चावल–( प्रति कु0 )**–डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7000, शरबती कच्ची 6250, शर्बती स्टीम 6450, मंसूरी 4300, महबूब सेला 4850, गौरी रॉयल 9800, राजभोग 7450, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 10900, हरी पत्ति नेचुरल 9900, गौरी स्पेशल 9400, गौरी प्रीमियम 10900, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4350,लाडली 4300
**दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11500–13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7450–9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10300–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 12800
**चीनी**– पीलीभीत 4300, बहेड़ी 4280, रोज़ा 4280

## बरेली सर्राफा

**दाम प्रति 10 ग्राम**– सोना पक्के आभूषण 152300,सोना गिन्नी 148300, चांदी( पक्की) 2425 (अनुमानित )

## बिजनेस ब्रीफ


### मारुति 2031 तक चार नए ईवी पेश करेगी

**हैदराबाद।** देश की प्रमुख कार विनिर्माता मारुति सुजुकी वर्ष 2031 तक चार नए इलेक्ट्रिक वाहन पेश करेगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र में एक अहम उपलब्धि हासिल करते हुए आयोजित एक कार्यक्रम में एक ही दिन में ई–विटारा की 108 इकाइयां ग्राहकों को सौंपी।

# अब डीजल पर 55.5, एटीएफ पर 42 रुपये प्रति लीटर निर्यात शुल्क

## अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू कीमतों के अंतर का अनुचित लाभ उठाने से रोकना उद्देश्य

**नई दिल्ली, एजेंसी**



सरकार ने शनिवार को डीजल के निर्यात शुल्क या अप्रत्याशित लाभ कर को बढ़ाकर 55.5 रुपये प्रति लीटर कर दिया है। विमान ईंधन (एटीएफ) के लिए यह दर अब 42 रुपये प्रति लीटर होगी। वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि शुल्क में यह बढ़ोतरी तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

इससे पहले 26 मार्च को सरकार ने डीजल पर 21.50 रुपये प्रति लीटर और एटीएफ पर 29.5 रुपये प्रति लीटर का निर्यात शुल्क लगाया था। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच घरेलू बाजार में ईंधन की उपलब्धता बढ़ाने के लिए ये शुल्क लगाए गए थे। इन शुल्कों का उद्देश्य निर्यातकों को अंतरराष्ट्रीय और घरेलू कीमतों के अंतर का अनुचित लाभ उठाने से रोकना है, क्योंकि युद्ध शुरू होने के बाद से वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आया है।

**निर्यातकों पर पिछली बार 26 मार्च को डीजल पर 21.50 रुपये और एटीएफ पर 29.5 रुपये प्रति लीटर निर्यात शुल्क लगाया था**

उल्लेखनीय है कि 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान के खिलाफ सैन्य हमले शुरू करने के बाद तेहरान की ओर से व्यापक जवाबी कार्रवाई की गई थी।

हालांकि, आठ अप्रैल को ईरान, अमेरिका और इजरायल दो सप्ताह के संघर्ष विराम पर सहमत हुए, जिससे पूरे पश्चिम एशिया और वैश्विक ऊर्जा बाजार में पैदा हुआ व्यवधान फिलहाल थमा है। पेट्रोल पर निर्यात शुल्क इस समय शून्य बना हुआ है।

## दिल्ली में 'डिलीवरी' बेड़े में पेट्रोल-डीजल वाहनों पर लगेगी रोक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी में ऐप आधारित सामान तथा भोजन आपूर्ति एवं यात्रा की सुविधा मुहैया कराने वाली कंपनियों (एग्रीगेटर) के इस वर्ष से अपने बेड़े में पेट्रोल और डीजल से चलने वाले वाहन शामिल करने पर रोक लगेगी जबकि 2027 से केवल इलेक्ट्रिक ऑटो–रिक्शा को ही नए पंजीकरण की अनुमति दी जाएगी। यह मंशा दिल्ली सरकार द्वारा जारी ईवी नीति के मसौदे में व्यक्त की गई है।

दिल्ली इलेक्ट्रिक वाहन नीति 2026–2030 के मसौदे में प्रस्ताव किया गया कि इस वर्ष एक जनवरी से एग्रीगेटर और डिलीवरी सेवा प्रदाताओं द्वारा संचालित दोपहिया वाहनों और हल्के मालवाहक वाहनों के मौजूदा बेड़े में पूरी तरह से पेट्रोल या डीजल पर चलने वाले किसी भी पारंपरिक आंतरिक दहन इंजन (आईसीई) वाहन को शामिल नहीं किया जाएगा। हालांकि, एग्रीगेटर को बेड़े में बीएस–6 उत्सर्जन मानक वाले दोपहिया वाहनों को शामिल करने की अनुमति 31 दिसंबर, 2026 तक होगी, जिसके बाद उन्हें अपने बेड़े को पूरी तरह से इलेक्ट्रिक वाहनों से बदलना अनिवार्य होगा। इस नीति में ऑटो–रिक्शा सहित यात्री इलेक्ट्रिक तीन पहिया वाहनों के लिए प्रोत्साहन राशि का भी प्रस्ताव किया गया है। इसमें कहा गया कि नई नीति की अधिसूचना की तारीख से पहले वर्ष में 50,000 रुपये, दूसरे वर्ष में 40,000 रुपये और तीसरे वर्ष में 30,000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी, ताकि इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने को बढ़ावा दिया जा सके। यह प्रोत्साहन राशि पुराने सीएनजी ऑटो–रिक्शा को बदलने के साथ–साथ दिल्ली में पंजीकृत नए ऑटो–रिक्शा पर भी लागू होगी।

## पश्चिम एशिया संकट के बीच आपूर्ति श्रृंखला बनाये रखने पर जोर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सऊदी अरब के वाणिज्य मंत्री माजिद बिन अब्दुल्ला अल कासबी के साथ वर्चुअल माध्यम से बात की। इस दौरान उन्होंने पश्चिम एशिया संकट के बीच आपूर्ति श्रृंखला बनाये रखने की जरूरत पर बल दिया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि दोनों पक्षों ने संघर्ष के कारण क्षेत्रीय आपूर्ति श्रृंखलाओं पर दबाव को स्वीकार किया और व्यापार में सुचारू प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए मिलकर प्रयास करते हुए जल्द सुधार की आवश्यकता पर बल दिया।

**केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने सऊदी अरब के वाणिज्य मंत्री से की बात**

श्री गोयल ने सऊदी अरब और खाड़ी क्षेत्र में निर्यात को समर्थन देने के लिए भारत द्वारा उठाये गये कदमों का उल्लेख किया।

दोनों मंत्रियों ने द्विपक्षीय व्यापार को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी और भारत-जीसीसी मुक्त व्यापार समझौता वार्ता में शीघ्र प्रगति की आशा व्यक्त की। श्री गोयल ने उम्मीद जतायी कि हाल ही में घोषित युद्धविराम से क्षेत्र में स्थायी शांति और सुरक्षा का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने हालिया संघर्ष के दौरान सऊदी अरब पर हुए हमलों की निंदा की और भारतीय समुदाय की सुरक्षा के लिए वहां की सरकार के प्रयासों की प्रशंसा की। इस बैठक में भारत-सऊदी अरब आर्थिक साझेदारी को और अधिक मजबूत करने की साझा प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया। इससे पहले श्री गोयल ने खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के महासचिव और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), कुवैत तथा बहरीन के अपने समकक्षों के साथ भी वर्चुअल माध्यम से अलग-अलग बात की थी। इन सभी बैठकों में उन्होंने पश्चिम एशिया में जल्द स्थायी शांति बहाली की कामना की, आपूर्ति श्रृंखला संबंधी बाधाओं को दूर करने में सहयोग का आश्वासन दिया गया।

## बढ़ता जा रहा है अमीर और गरीब देशों के बीच का अंतर

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**




- **वाशिंगटन में आईएमएफ और विश्व बैंक की बैठकों से ठीक पहले जारी की गई रिपोर्ट**
- **ईरान युद्ध से विश्व अर्थव्यवस्था के भविष्य पर छाए अनिश्चितता के गहरे बादल**

अमीर-गरीब देशों के बीच बढ़ती खाई को कम करने के लिए वैश्विक वित्तीय संस्थानों में बड़े सुधार समेत जिन ऐतिहासिक फैसलों पर पिछले साल सहमति बनी थी, उनके पूरा नहीं होने से जहां समृद्ध राष्ट्र और मजबूत होते जा रहे हैं। वहीं गरीब देश विकास की दौड़ में पीछे छूटते जा रहे हैं। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में दी गई है।

स्पेन के सेविले में पिछले साल जून में अपनाए गए खाके का आकलन करती यह रिपोर्ट अगले हफ्ते वाशिंगटन में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की अहम बैठकों से ठीक पहले जारी की गई है। पिछले साल जून में अपनाई गई इस रूपरेखा का उद्देश्य अमीर-गरीब देशों के बीच की खाई को पाटना और 2030 तक संयुक्त राष्ट्र के विकास लक्ष्यों को हासिल करना है।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रबंध निदेशक क्रिस्टलिना जॉर्जीवा ने कहा कि वैश्विक विकास को गति देने की पूरी तैयारी थी, लेकिन ईरान युद्ध के कारण अब विश्व अर्थव्यवस्था के भविष्य पर अनिश्चितता के गहरे बादल छा गए हैं। वहीं, संयुक्त राष्ट्र में आर्थिक और सामाजिक मामलों के अवर महासचिव ली जुनहुआ ने चेताया कि बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव विकासशील देशों की चुनौतियों को और गंभीर बना रहे हैं, जिससे उनके लिए वित्तीय संसाधन जुटाना पहले से कहीं अधिक कठिन होता जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए यह समय बेहद जोखिमभरा बनता जा रहा है, क्योंकि भू-राजनीतिक हित अब तेजी से आर्थिक संबंधों और वित्तीय नीतियों की दिशा तय करने लगे हैं।

रिपोर्ट में यह भी रेखांकित किया गया है कि बढ़ती व्यापारिक बाधाएं और एक के बाद एक आ रही जलवायु संबंधी आपदाएं भी इस बढ़ती खाई को और चौड़ा कर रही हैं। पिछले वर्ष सेविले में आयोजित सम्मेलन में अमेरिका को छोड़कर कई देशों के नेताओं ने सर्वसम्मति से सेविले प्रतिबद्धता को अपनाया था, जिसका उद्देश्य विकास के लिए हर साल मौजूद चार हजार अरब डॉलर की वित्तीय कमी को पाटना था।

# परीक्षण के लिए एक साल में तैयार होगा वंदे भारत स्लीपर का प्रारूप

**नयी दिल्ली, एजेंसी**




रेलवे बोर्ड के चेयरमैन और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सतीश कुमार ने शुक्रवार को कहा कि रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) के नेतृत्व वाले संयुक्त उपक्रम द्वारा बनाई जा रही वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का प्रारूप एक वर्ष के भीतर परीक्षण के लिए तैयार हो जाएगा।

आरवीएनएल के 21वें स्थापना दिवस समारोह में अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वंदे भारत स्लीपर कंपनी की प्रमुख परियोजनाओं में से एक है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि इसका प्रारूप एक वर्ष के भीतर परीक्षण के लिए पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके बाद कंपनी को 120 ट्रेन की आपूर्ति करनी होगी। हालांकि सतीश कुमार ने कोई निश्चित समय नहीं बताया, लेकिन आरवीएनएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सलीम अहमद ने हाल ही में कहा था कि यह प्रारूप जून 2026 में पेश किया जा सकता है।

**आरवीएनएल के 21वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए सीईओ सतीश कुमार ने दी जानकारी**

अधिकारियों के अनुसार, काम तेज गति से जारी है, लेकिन जून 2026 तक परीक्षण संभव नहीं लग रहा है और इसमें अगले वर्ष तक देरी हो सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 17 जनवरी को देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की जोड़ी को कामाख्या और हावड़ा के बीच हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। अन्य वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों के संचालन को लेकर कई तरह की अटकलें हैं, लेकिन इस संबंध में रेल मंत्रालय ने अभी तक कोई स्पष्ट घोषणा नहीं की है।

## स्टार्टअप की दुनिया

### ज्यादा संघर्ष लेकिन अपार सफलता




यह शब्द सुनने में जितनी ग्लैमरस लगता है, असल में यह उससे कहीं ज्यादा चुनौतीपूर्ण और रणनीतिक होता है। एक स्टार्टअप सिर्फ एक नया बिजनेस नहीं है, बल्कि यह एक अनोखे आइडिया के साथ तेजी से स्केल करने की कोशिश है। एक बिजनेस और स्टार्ट अप में कई बुनियादी अंतर होते हैं। मसलन, बिजनेस का मुख्य उद्देश्य कम या मध्यम जोखिम के साथ लाभ कमाना होता है जबकि स्टार्टअप उच्च जोखिम के साथ तेजी से विकास पर केंद्रित होता है और वैश्विक स्तर पर विस्तार की क्षमता रखता है।

### शुरुआत की बड़ी चुनौतियां

- आइडिया नहीं समस्या खोजें, क्योंकि ज्यादातर लोग ऐसा प्रोडक्ट बनाने के कारण फेल होते हैं जिसकी किसी को जरूरत नहीं होती।
- शुरू में करोड़ों खर्च कर परफेक्ट प्रोडक्ट बनाने की कोशिश गलती है, अपने आइडिया का बेसिक मॉडल बनाएं और उसे टेस्ट करें।
- आपको ऐसे पार्टनर्स चाहिए जिनकी स्किल्स आपसे अलग हों। अगर आप तकनीकी काम में अच्छे हैं तो पार्टनर सेल्स में माहिर हो।
- स्टार्टअप की दुनिया में कैश इज किंग कहा जाता है। हिसाब रखें कि आपके पास कितना पैसा है और वह कितने महीनों तक चलेगा।

### यूनिकॉर्न और डेकाकॉर्न

- यूनिकॉर्न उस स्टार्टअप को कहते हैं जिसकी वैल्यूएशन 1 बिलियन डॉलर यानी लगभग 8,300 करोड़ रुपये पहुंच जाती है।
- दिलचस्प तथ्य यह है कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है और यहां 100 से ज्यादा यूनिकॉर्न्स हैं।
- डेकाकॉर्न उस स्टार्टअप को कहते हैं जिसकी वैल्यू 10 बिलियन डॉलर से ऊपर होती है, स्विगी इसी श्रेणी का स्टार्टअप है।

- **भारत में 1 बिलियन डॉलर से ज्यादा वैल्यू वाली 125 कंपनी**

### क्या होते हैं रास्ते

- बूटस्ट्रैप्ड : जब फाउंडर अपने खुद के पैसे या मुनाफे से बिजनेस बढ़ाता है।
- फंडेड : जब बाहरी इन्वेस्टर्स पैसा लगाते हैं ताकि कंपनी तेजी से बढ़ सके।

### क्यों फेल होते हैं स्टार्टअप

- आंकड़े बताते हैं कि 90% स्टार्टअप पहले 5 सालों में बंद हो जाते हैं।
- इनमें से 42% ऐसा प्रोडक्ट बनाया जिसकी बाजार में मांग नहीं थी।
- लगभग 29% स्टार्टअप फंड खत्म हो जाने की वजह से बंद हो गए।
- फाउंडर्स में तालमेल की कमी और गलत टीम का चुनाव भी कारण।

### भारत में स्टार्ट अप

- भारत में अब 2,00,000 से ज्यादा मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स हैं। यह 2016 में शुरुआत के बाद एक बहुत बड़ी छलांग है।
- अब स्टार्टअप सिर्फ बेंगलुरु–दिल्ली तक सीमित नहीं हैं। 50% स्टार्टअप्स दूसरे व तीसरे दर्जे के शहरों से निकल रहे हैं।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# भाजपा यूसीसी लागू करेगी, बंगाल में बंगालियों को अल्पसंख्यक नहीं बनने देगी

## प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-समाप्त की जाएगी तुष्टीकरण की राजनीति

**जंगीपुर (प. बंगाल), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में घुसपैठ के मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने शनिवार को एक जनसभा के दौरान तुष्टीकरण की राजनीति को समाप्त करने के लिए समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने का वादा किया। साथ ही कहा कि भाजपा बंगालियों को राज्य में अल्पसंख्यक नहीं बनने देगी।



पश्चिम बंगाल के जंगीपुर में जनसभा में अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी।

मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले के जंगीपुर में एक रैली को संबोधित करते हुए, मोदी ने आगामी विधानसभा चुनावों को पश्चिम बंगाल की पहचान और भविष्य की रक्षा की लड़ाई के रूप में पेश किया, जबकि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तुष्टीकरण की राजनीति करने और घुसपैठियों के समर्थन का आरोप लगाया।

मोदी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा पार्टी का घोषणापत्र जारी करने के एक दिन बाद कहा कि देश की सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है। भाजपा का संकल्प है कि पश्चिम बंगाल में तुष्टीकरण की राजनीति को हमेशा के लिए समाप्त करने के वास्ते यूसीसी लागू किया जाये। मोदी ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस ने अपना पुराना नारा मां-माटी-मानुष त्याग दिया है और अब सत्ता बरकरार रखने के लिए घुसपैठियों और वोट बैंक की राजनीति पर निर्भर है। पश्चिम बंगाल अब तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति बर्दाश्त नहीं करेगा। हम बंगालियों को राज्य में अल्पसंख्यक नहीं बनने देंगे।

मोदी ने कहा कि यह चुनाव पश्चिम बंगाल की पहचान को बचाने के लिए है। मोदी ने कहा कि बंगाल का इतिहास गवाह है कि जब वह बदलाव का संकल्प लेता है, तो दुनिया की कोई भी ताकत उसे रोक नहीं सकती। जिसने भी बंगाल को चुनौती दी, उसका अहंकार चकनाचूर हो गया, अंग्रेजों से लेकर कांग्रेस और वामपंथियों तक... अब तृणमूल कांग्रेस की बारी है। मोदी ने आरोप लगाया कि सत्ता में आने के बाद तृणमूल कांग्रेस वाममोर्चा की कार्बन कॉपी बन गई है।

## पश्चिम बंगाल से तृणमूल का सिंडिकेट राज खत्म करेंगे : अमित शाह

**ओंडा/छतना (पश्चिम बंगाल), एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि यदि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पश्चिम बंगाल में सत्ता में आती है, तो वह तृणमूल कांग्रेस के सिंडिकेट राज को समाप्त कर देगी। शाह ने यह भी कहा कि राज्य में महिलाओं पर अत्याचार करने वालों को न्याय के कठघरे में लाया जाएगा। बांकुड़ा जिले के छतना में भाजपा की रैली को संबोधित करते हुए शाह ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सहानुभूति बटोरने के लिए खुद को पीड़ित के रूप में पेश कर रही हैं। शाह ने कहा कि ममता बनर्जी पीड़ित कार्ड खेलती हैं। कभी–कभी वह सहानुभूति पाने के लिए अपने पैर या सिर पर पट्टी बांध लेती हैं। ममता दीदी, इस चुनाव में आप चाहे अपने पैर, सिर या हाथ पर पट्टी बांध लें, बंगाल की जनता आपको वोट नहीं देगी। आरोप लगाया कि बंगाल में गुंडे और घुसपैठिए राज करते हैं। बांकुड़ा जिले के ओंडा में एक चुनावी रैली में शाह ने आलू किसानों को आश्वासन दिया कि उनकी उपज को देशभर में भेजा जाएगा, ताकि उन्हें उचित मूल्य मिल सके।

## तमिलनाडु: चुनाव के लिए मैदान में उतरे 4,023 उम्मीदवार

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में 23 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों में कुल 4,023 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। उम्मीदवारों की संख्या तय होने के साथ ही 234 सदस्यों वाली विधानसभा को चुनने के लिए होने वाले इन बेहद रोमांचक चुनावों की बिसात साफ तौर पर बिछ गई है, जिसमें कई पार्टियों के बीच कड़ा मुकाबला नजर आ रहा है। सीटों के बंटवारे, निर्वाचन क्षेत्रों की पहचान, उम्मीदवारों के नाम तय करने, नामांकन दाखिल करने, उनकी जांच और नाम वापस लेने की चुनाव–पूर्व प्रक्रिया समाप्त हो गई, अब एक जोरदार चौतरफा मुकाबले के लिए मंच तैयार है। इसे बुद्धिमत्ता की लड़ाई और चुनावी मैदान में बिना किसी रोक–टोक के होने वाला मुकाबला' कहा जा रहा है। राज्य में 09अप्रैल को नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख खत्म हो गयी है।

## फर्जी वोट डाला, गिरफ्तार

**पुडुचेरी, एजेंसी।** पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों के लिए 9 अप्रैल को हुए मतदान के दौरान मन्नादिपेट निर्वाचन क्षेत्र में फर्जी वोट डालने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। वह व्यक्ति जवाहरलाल नेहरू सामुदायिक केंद्र स्थित मतदान केंद्र पर अपना वोट डालने आया था।

# भाजपा ने भवानीपुर में मेरी उम्मीदवारी रद्द कराने की कोशिश की: ममता बनर्जी

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उनके खिलाफ दो झूठे मामले दर्ज कराने की कोशिश कर निर्वाचन आयोग की मदद से दक्षिण कोलकाता की भवानीपुर सीट से उनकी उम्मीदवारी रद्द कराने का प्रयास किया लेकिन तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और आम लोगों ने उसकी यह कोशिश विफल कर दी।



कोशियारी में चुनावी रैली को संबाधित करतीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी।

बनर्जी ने पश्चिम मेदिनीपुर जिले के केशियारी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए भाजपा पर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाता सूची से 90 लाख मतदाताओं के नाम जबरन हटवाने का आरोप भी लगाया। बनर्जी के सामने अपनी भवानीपुर सीट बरकरार रखने के लिए विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी की चुनौती है। बनर्जी ने अधिक ब्योरा दिए बिना कहा कि भाजपा ने निर्वाचन आयोग की मदद से मेरे खिलाफ झूठे मामले दर्ज कराने की कोशिश कर भवानीपुर से मेरी उम्मीदवारी रद्द कराने का प्रयास किया लेकिन हमने उसकी साजिश नाकाम कर दी। उन्होंने कहा कि भाजपा में लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव लड़ने और जीतने का साहस नहीं है, इसलिए वह फर्जी तरीकों से जबरन वोट कब्जाने की साजिश रच रही है।

## महिला सशक्तीकरण और बाल कल्याण, मेरे दिल के करीब : स्टालिन

**चेन्नई, एजेंसी**

द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने कहा है कि उनकी सरकार द्वारा शुरू की गई कई कल्याणकारी पहलों में से दो योजना (महिलाओं को मासिक राशि प्रदान करने से जुड़ी योजना और 'मुख्यमंत्री नाश्ता योजना) उनके दिल के बेहद करीब हैं।



मुख्यमंत्री ने एक साक्षात्कार में बताया कि जहां महिला सशक्तीकरण योजना, जिसे देश के अन्य राज्यों में भी अपनाया जा रहा है, इतिहास में एक बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम के रूप में दर्ज होगी। उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाने के उद्देश्य से शुरू की गई नाश्ता योजना के अनगिनत लाभ हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या वे अपनी सरकार द्वारा लागू किए जा रहे कई कल्याणकारी कार्यक्रमों में से उन योजनाओं का नाम बता सकते हैं जिनसे उन्हें अपार संतुष्टि मिली है। इसके जवाब में उन्होंने कहा–द्रविड़ मॉडल शासन में हमने जितनी भी योजनाएं लागू की हैं, वे सभी बहुत महत्वपूर्ण पहल हैं। हालांकि, मैं यह कहना चाहूंगा कि हमने कई योजनाएं लागू की हैं, लेकिन उनमें से दो योजनाएं मेरे दिल के बेहद करीब हैं। ये दो योजनाए हैं कलैगनार मगलिर उरिमाई थोगाई योजनाऔर मुख्यमंत्री नाश्ता योजना। कहा–कलैगनार मगलिर उरिमाई थोगाई योजना' के तहत परिवार की महिला मुखिया को प्रति माह 1,000 रुपये दिए जाते हैं। आज यह भारत में सबसे सफल ढंग से लागू की गई योजना है। उन्होंने कहा–जिन्होंने तब इसकी आलोचना की थी, वही लोग आज अपनी–अपनी पार्टियों द्वारा शासित राज्यों में इस योजना को लागू कर रहे हैं। अब हम इस राशि को बढ़ाकर 2,000 रुपये करने जा रहे हैं।

यह योजना इतिहास में एक बहुत ही महत्वपूर्ण योजना के रूप में दर्ज होगी। उन्होंने कहा–हमने स्कूलों में नाश्ता कार्यक्रम शुरू किया ताकि कोई भी बच्चा भूखा स्कूल न जाए। बाद में, हमने इसे सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों तक विस्तारित किया। हम अगली सरकार में इसे कक्षा आठ तक विस्तारित करेंगे।

**महात्मा फूले को नमन**



संसद परिसर में महात्मा ज्योतिबा फुले के 20वें जन्मदिन समारोह के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी आदि ने उन्हें नमन किया।

# सुलह की प्रक्रिया आधुनिक न्याय प्रणाली का अभिन्न अंग

- मध्यस्थता सम्मेलन में बोलीं न्यायमूर्ति नागरत्ना

**नई दिल्ली, एजेंसी**



उच्चतम न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना ने शनिवार को कहा कि मध्यस्थता और सुलह आधुनिक और उत्तरदायी न्याय प्रणाली के अभिन्न अंग हैं और इन्हें केवल पारंपरिक मुकदमा प्रक्रिया के विकल्प के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।

न्यायमूर्ति नागरत्ना ने दिल्ली में भारतीय मध्यस्थता परिषद द्वारा 'वैश्वीकरण के युग में मध्यस्थता' विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए तेजी से जटिल और वैश्वीकृत अर्थव्यवस्था में वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर) तंत्र के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि विवाद केवल कानूनी प्रश्न ही नहीं होते, बल्कि सामाजिक, व्यावसायिक और आपसी संबंधों से जुड़े प्रश्न भी होते हैं, जिनके समाधान के लिए अदालती फैसले की बजाय स्वैच्छिक समाधान की आवश्यकता हो सकती है। इसलिए, मध्यस्थता और सुलह केवल मुकदमेबाजी के विकल्प नहीं हैं, बल्कि एक आधुनिक और उत्तरदायी न्याय प्रणाली के अभिन्न अंग हैं। शीर्ष अदालत की न्यायाधीश ने कहा कि विवाद समाधान के पारंपरिक तरीके से मध्यस्थता और सुलह जैसे विवाद समाधान तंत्रों की ओर एक स्पष्ट बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि तटस्थ मंच, प्रक्रियात्मक लचीलापन, गोपनीयता और पक्षकारों की स्वायत्तता जैसे फायदों के कारण सीमा पार वाणिज्यिक विवादों को सुलझाने के लिए मध्यस्थता सबसे पसंदीदा विधि के रूप में उभरी है।

न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि इसके फायदे, जैसे कि तटस्थ मंच, प्रक्रियात्मक लचीलापन, गोपनीयता, पक्षकारों की स्वायत्तता और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों के तहत निर्णयों की प्रवर्तनीयता ने इसे वैश्विक वाणिज्य में पक्षकारों के लिए अपरिहार्य बना दिया है। उन्होंने कहा कि न्यूयॉर्क संधि द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता की प्रभावशीलता को मजबूती मिली है, जिसने मध्यस्थता निर्णयों को 170 से अधिक न्यायक्षेत्रों में मान्यता देने और लागू करने की अनुमति दी है। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने अपने संबोधन में द्विपक्षीय निवेश संधियों के तहत निवेश मध्यस्थता का भी उल्लेख किया।

### मामलों के लंबित रहने के लिए केवल न्यायाधीशों को दोष न दें

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने शनिवार को कहा कि भारत में लंबित मामलों की बढ़ती संख्या के लिए केवल न्यायाधीशों को ही जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। न्याय में देरी अक्सर वकीलों की बहस और कानूनी प्रक्रिया के तरीके से प्रभावित होती है। न्यायमूर्ति अमानुल्लाह ने कहा कि न्यायाधीश और मामले के निपटारे की दर के बीच कोई सीधा संबंध नहीं है। यह वकीलों पर निर्भर करता है कि वे कितनी देर तक बहस करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था में देरी के लिए वकीलों और कानूनी पेशे से जुड़े लोगों को भी आत्ममंथन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि लंबी-लंबी बहसें करना और बार-बार तारीख लेना जैसी आदतें मामलों के निपटारे में देरी का कारण बनती हैं, इसलिए इन पर विचार कर सुधार करना जरूरी है। न्यायमूर्ति अमानुल्लाह वैश्वीकरण के युग में मध्यस्थता विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### सिंगापुर में भारतीय मूल के व्यक्ति को जेल

**सिंगापुर।** सिंगापुर में भारतीय मूल के एक व्यक्ति को अपने ग्राहकों के बैंक दस्तावेजों में जालसाजी करने के आरोप में सात सप्ताह की जेल की सजा सुनाई गई। आरोपी ऐसा इसलिए कर रहा था ताकि वह उन्हें जो बीमा पॉलिसियां बेच रहा था, वे प्रभावी हो सकें। विजेंद्रन तानापाल (38) ने यहां एक बैंक में संपत्ति नियोजन प्रबंधक के रूप में काम करते हुए दो जापानी ग्राहकों से जुड़े जालसाजी के दो आरोपों में संलिप्तता की बात स्वीकार की। तानापाल को बृहस्पतिवार को सजा सुनाते समय उसके अन्य जापानी ग्राहकों से जुड़े ऐसे कई अन्य आरोपों पर भी विचार किया गया।

### पांच दिनी यात्रा पर चीन जाएंगे स्पेन के पीएम

**बीजिंग।** स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज़ चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग के निमंत्रण पर शनिवार से पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर यहां आयेंगे। अपनी यात्रा के दौरान सांचेज़ चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, प्रधानमंत्री ली और राष्ट्रीय जन कांग्रेस की स्थायी समिति के अध्यक्ष झाओ लेजी से मुलाकात करेंगे। सांचेज की बीजिंग की यह चौथी आधिकारिक यात्रा है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि चीन प्रधानमंत्री सांचेज़ की यात्रा के माध्यम से स्पेन के साथ रणनीतिक विश्वास को गहरा करने, सहयोग तेज करने, द्विपक्षीय संबंधों को उन्नत करने को तैयार है।

### लेबनान में तीन दिन में 357 लोगों की मौत

**बेरूत।** लेबनान में पिछले तीन दिनों के दौरान इज़राइली हमलों में 357 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 1,223 अन्य घायल हुए हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि हमलों से व्यापक जनहानि हुई है और मृतकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को ईरान के खिलाफ दो सप्ताह का विराम घोषित किया था। ईरान द्वारा प्रस्तुत 10 सूत्रीय प्रस्ताव, जिसे ट्रंप ने वार्ता के लिए कारगर आधार बताया है।

### इराक में निजार अमीदी चुने गए राष्ट्रपति

**बगदाद।** इराक की संसद ने शनिवार को देश की दो प्रमुख कुर्द पार्टियों में से एक के राजनीतिक अधिकारी निजार अमीदी को राष्ट्रपति के रूप में चुना। यह चुनाव पांच महीने पहले हुए संसदीय चुनाव के बाद हुआ है, जिसमें किसी भी पार्टी को निर्णायक बहुमत नहीं मिला था। उनका चुनाव ऐसे समय में हुआ है जब इराक अमेरिका-इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए युद्ध के दुष्परिणामों से जूझ रहा है। इराक में ईरान समर्थित लड़ाकों ने अमेरिकी ठिकानों और राजनयिक सुविधाओं, महत्वपूर्ण ऊर्जा अवसंरचनाओं पर हमले किए। वहीं, अमेरिका-इजराइल ने ईरान समर्थित लड़ाकों पर हवाई हमले किए।

# भारत-अमेरिका परमाणु ऊर्जा और एलपीजी निर्यात में सहयोग बढ़ाएंगे

## विदेश सचिव विक्रम मिसरी की अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट से की बातचीत

**वाशिंगटन, एजेंसी**

भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट के साथ अपनी बैठक में परमाणु ऊर्जा और कोयला गैसीकरण (ठोस कोयले को रासायनिक प्रक्रिया के जरिए गैस में बदलना) व एलपीजी निर्यात जैसे नए क्षेत्रों में ऊर्जा सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की।

अमेरिका में भारतीय दूतावास ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि मिसरी और राइट के बीच हुई चर्चा का मुख्य विषय ऊर्जा सुरक्षा को आगे बढ़ाना, द्विपक्षीय ऊर्जा व्यापार को गहरा करना और भारत-अमेरिका ऊर्जा साझेदारी को मजबूत करने के नए रास्ते तलाशनाथा।

बैठक में मौजूद भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने कहा कि अमेरिका, असैन्य परमाणु सहयोग के साथ-साथ कोयला गैसीकरण और अमेरिकी एलपीजी निर्यात जैसे क्षेत्रों में भारत के साथ सहयोग के लिए तैयार है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि शुक्रवार को ऊर्जा मंत्री राइट और विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ अमेरिका-भारत ऊर्जा सहयोग के भविष्य पर चर्चा करना अच्छा रहा। भारत द्वारा शांति विधेयक पारित किए जाने के बाद हम असैन्य परमाणु क्षेत्र के साथ-साथ कोयला गैसीकरण और अमेरिकी एलपीजी निर्यात जैसे क्षेत्रों में सहयोग के लिए तैयार हैं। सस्टेनेबल हार्नेसिंग एंड एडवांसमेंट ऑफ न्यूक्लियर एनर्जी एक्ट' (शांति अधिनियम) को भारत के असैन्य परमाणु क्षेत्र में सबसे बड़ा सुधार माना जा रहा है। यह कानून गत दिसंबर से लागू हुआ, जिसने इस क्षेत्र को निजी भागीदारी के लिए खोल दिया है। इसके साथ ही 1962 का परमाणु ऊर्जा अधिनियम और 2010 का परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम निरस्त कर दिए गए। शुक्रवार देर रात गोर ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मार-ए-लागो स्थित रिसॉर्ट में मिसरी की मेजबानी की।



### वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों से की मुलाकात

मिसरी मंगलवार देर रात तीन दिवसीय यात्रा पर अमेरिका पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने रक्षा, वाणिज्य और विदेश विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की। मिसरी ने बृहस्पतिवार को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से भी मुलाकात की। इस दौरान भारतीय वायुसेना के प्रमुख ए पी सिंह भी अमेरिका यात्रा पर थे और वह बुधवार को कोलोराडो स्प्रिंग्स स्थित पीटरसन स्पेस फोर्स बेस गए। भारतीय वायुसेना ने एक्सपर कहा कि उन्होंने ग्रेगरी एम गिलोट (अमेरिकी उत्तरी कमान के कमांडर) के साथ अभियान संबंधी जटिल पहलुओं पर सार्थक विचार-विमर्श किया, जो बढ़ती साझेदारी की मजबूती को दर्शाता है। गोर ने अमेरिकी उप रक्षा मंत्री स्टीव फाइनबर्ग और सेना सचिव डैन ड्रिस्कॉल के साथ भी चर्चा की।

### पश्चिम एशिया संकट के बीच फ्रांस, जर्मनी की यात्रा पर जाएंगे मिसरी

**नई दिल्ली।** विदेश सचिव विक्रम मिसरी ऊर्जा, व्यापार और रक्षा से जुड़ी उच्च स्तरीय वार्ताओं के लिए रविवार से पेरिस और बर्लिन की तीन दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। यह यात्रा पश्चिम एशिया में जारी संकट की पृष्ठभूमि में हो रही है। ये ऐसे क्षेत्र हैं जो वर्तमान में बदलते और जटिल होते भू-राजनीतिक परिदृश्य के बीच और अधिक महत्वपूर्ण हो गए हैं। फ्रांस और जर्मनी की यह यात्रा उनकी अमेरिका यात्रा के बाद हो रही है, जहां उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के अलावा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की थी। पश्चिम एशिया संकट और उसका ऊर्जा सुरक्षा पर प्रभाव पेरिस और बर्लिन में होने वाली वार्ताओं में प्रमुख मुद्दा रहेगा। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि पेरिस में विदेश सचिव फ्रांस के विदेश मंत्रालय के महासचिव मार्टिन ब्रिएंस के साथ भारत-फ्रांस विदेश कार्यालय परामर्श की सह-अध्यक्षता करेंगे। उसने बताया कि दोनों नेता रक्षा, असैन्य परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष, साइबर और डिजिटल क्षेत्र, कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

## आतंकी संगठन से संबंध के संदेह में युवक गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** दिल्ली पुलिस ने एक आतंकवादी संगठन से संबंध होने के संदेह में भुवनेश्वर निवासी 22 वर्षीय एक युवक को गिरफ्तार किया है। शनिवार को आधिकारिक बयान में कहा गया कि आरोपी की पहचान गंगा नगर के यूनिट-6 क्षेत्र निवासी शेख इमरान के रूप में हुई है। इसमें बताया गया कि ओडिशा और दिल्ली पुलिस की संयुक्त टीम ने युवक को राष्ट्रविरोधी गतिविधियों संबंधी आरोप में शुक्रवार को गिरफ्तार किया। राष्ट्रीय राजधानी में दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ द्वारा एक सप्ताह पहले कुछ युवकों को पकड़े जाने और उनके सोशल मीडिया पोस्ट का विश्लेषण किए जाने के बाद इमरान पुलिस की जांच के दायरे में आया।

युवकों से पूछताछ और उनके सोशल मीडिया पोस्ट के विश्लेषण के आधार पर ओडिशा संपर्क का पता चला, जिसके बाद शेख इमरान को पकड़ा गया। पूछताछ में पता चला कि बेरोजगार युवक इमरान कट्टरपंथी समूह का सक्रिय सदस्य है। इमरान सोशल मीडिया पर एक ग्रुप के संपर्क में आया था जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा के विरुद्ध हानिकारक कट्टर धार्मिक सामग्री साझा की जा रही थी। उसे भुवनेश्वर के उपमंडलीय न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया जहां से उसे राष्ट्रीय राजधानी ले जाने के लिए ट्रांजिट रिमांड पर लिया गया।

## भारतीय-अमेरिकी वैज्ञानिक की चंद्र मिशन में बड़ी भूमिका

- नासा में सर्वोच्च रैंक वाले सिविल सेवक हैं अमित क्षत्रिय

**वाशिंगटन, एजेंसी**



ह्यूस्टन में बचपन में रॉकेट प्रक्षेपण देखकर प्रेरित होने वाले और बाद में राष्ट्रीय वैमानिकी एवं अंतरिक्ष प्रशासन (नासा) में अभियानों की कमान संभालने वाले भारतीय-अमेरिकी वैज्ञानिक अमित क्षत्रिय ने उस अंतरिक्ष एजेंसी में अहम भूमिका निभाई है, जो अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर उतारने के मिशन पर काम कर रही है।

विस्कॉन्सिन में जन्मे क्षत्रिय नासा के सह प्रशासन के रूप में एजेंसी में सर्वोच्च रैंक वाले सिविल सेवक हैं और प्रशासक जैरेड इसाकमैन के वरिष्ठ सलाहकार के रूप में कार्यरत हैं। क्षत्रिय एजेंसी के 10 केंद्र निदेशकों के साथ-साथ वाशिंगटन स्थित नासा मुख्यालय में मिशन निदेशालयों के सह प्रशासकों का नेतृत्व करते हैं। वह एजेंसी के मुख्य संचालन अधिकारी की भूमिका भी निभाते हैं। क्षत्रिय के माता-पिता भारतीय मूल के हैं। क्षत्रिय ने कैलिफोर्निया के पासाडेना स्थित 'कैलिफोर्निया इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी' से गणित में बीएससी और ऑस्टिन स्थित टेक्सास विश्वविद्यालय से गणित में स्नातोकत्तर की डिग्री हासिल की है। उनका जन्म विस्कॉन्सिन के ब्रुकफील्ड में हुआ था, लेकिन वह टेक्सास के ह्यूस्टन के उपनगर केटी को अपना गृह नगर मानते हैं। अंतरिक्ष के प्रति क्षत्रिय की रुचि तब जगी, जब उन्होंने ह्यूस्टन में अंतरिक्ष प्रक्षेपण देखे। ह्यूस्टन में जॉनसन अंतरिक्ष केंद्र में नासा का मिशन नियंत्रण केंद्र स्थित है।

पढ़ाई पूरी करने के बाद तेल एवं गैस उद्योग और चिकित्सा क्षेत्र में कुछ समय काम करने के बाद वह 2003 में 'यूनाइटेड स्पेस अलायंस' से जुड़े। क्षत्रिय सॉफ्टवेयर इंजीनियर, रोबोटिक्स इंजीनियर और अंतरिक्ष यान ऑपरेटर के रूप में काम कर चुके हैं। उन्होंने मुख्य रूप से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के रोबोटिक संयोजन पर ध्यान केंद्रित किया। वह 2014 से 2017 तक अंतरिक्ष स्टेशन के उड़ान निदेशक रहे और 2017 से 2021 तक वह आईएसएस यान कार्यालय के उप प्रबंधक और फिर कार्यवाहक प्रबंधक बने।

# वायुसेना प्रमुख ने कीअमेरिकी समकक्ष से रक्षा संबंधों पर बात

- दोनों देशों की साझा रक्षा प्राथमिकताओं पर की चर्चा

**वाशिंगटन, एजेंसी**

भारतीय वायु सेना के अध्यक्ष एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने भारत-अमेरिका रक्षा संबंधों को प्रगाढ़ करने की साझा प्राथमिकताओं पर अमेरिकी समकक्ष चीफ ऑफ स्टाफ जनरल केन विल्सबैक के साथ यहां चर्चा की। सिंह का आठ अप्रैल को यहां जॉइंट बेस एनाकोस्टिया-बोलिंग में पूरे सैन्य सम्मान के साथ स्वागत किया गया।

भारतीय वायुसेनाध्यक्ष ने अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान पेंटागन में वायु सेना मामलों के मंत्री ट्रॉय मींक और विल्सबैक से मुलाकात की। अधिकारियों ने बताया कि वाशिंगटन में अपनी व्यस्तताओं के अलावा, सिंह ने कोलोराडो में पीटरसन स्पेस फोर्स बेस का दौरा किया, जहां उन्हें उत्तरी अमेरिका के लिए हवाई आक्रमण चेतावनी प्रणाली, हवाई क्षेत्र नियंत्रण और समुद्री चेतावनी के द्विपक्षीय उत्तरी



अमेरिकी हवाई रक्षा कमान मिशन पर केंद्रित जानकारी दी गई।

अमेरिकी वायु सेना के अनुसार, भारतीय वायु सेना प्रमुख ने नेवादा स्थित नेलिस वायु सेना अड्डे का भी दौरा किया। सिंह को अमेरिकी वायु सेना युद्ध केंद्र में संबंधित जानकारी दी गई और एफ-15ईएक्स ईगल-2 की उड़ान से परिचित कराया गया। सिंह ने कहा कि ऐसे अवसर हमारी संयुक्त अंतरसंचालनीयता को विकसित करने और वायु सेनाओं के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

## वांछित गैंगस्टर को थाईलैंड से वापस ले आई सीबीआई

**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में गंभीर आपराधिक मामलों में वांछित कुख्यात गैंगस्टर साहिल चौहान को थाईलैंड से सफलतापूर्वक प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया है। चौहान के खिलाफ इंटरपोल का रेड नोटिस जारी था। सीबीआई के अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि एजेंसी ने इंटरपोल के माध्यम से पता लगाया कि चौहान बैंकॉक में है और शुक्रवार को उसे इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर वापस लाया गया, जहां पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। सीबीआई ने कहा कि विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के सहयोग से सीबीआई ने 10 अप्रैल को वांछित भगोड़े साहिल चौहान को थाईलैंड से वापस लाने में कामयाबी हासिल की है। चौहान हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती और अवैध आग्नेयास्त्रों के इस्तेमाल से जुड़े कई आपराधिक मामलों में आरोपी था।

# लद्दाख को मिली आधार के रिकॉर्ड में अलग पहचान

**लेह, एजेंसी**

- रिकॉर्ड से जम्मू-कश्मीर को हटाकर किया गया लद्दाख

जम्मू कश्मीर के पूर्ववर्ती राज्य से 2019 में पृथक केंद्र शासित प्रदेश के तौर पर सृजन के लगभग सात साल बाद लद्दाख ने आखिरकार आधार रिकॉर्ड में अपनी एक अलग पहचान हासिल कर ली है। आधार में जम्मू कश्मीर को हटाकर लद्दाख कर दिया गया है।

लोक भवन के प्रवक्ता ने बताया कि जनता की लंबे समय से चली आ रही इस मांग को लद्दाख के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना के हस्तक्षेप के बाद पूरा किया गया। लद्दाख को 2019 में केंद्र शासित प्रदेश के रूप में गठित किए जाने के बावजूद यहां के लोगों के आधार कार्ड के 'राज्य' वाले हिस्से में पहले के जम्मू कश्मीर राज्य का नाम ही दर्ज रहा - जिससे व्यापक परेशानी हुई और विभिन्न पक्षों से शिकायतें मिलीं। प्रवक्ता ने बताया कि उपराज्यपाल ने इस मामले के लंबे समय से लंबित रहने का संज्ञान लिया और केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन को इस मुद्दे को जल्द से जल्द हल करने का निर्देश दिया। इसके बाद प्रशासन ने इस मामले को भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के समक्ष उठाया।

उन्होंने बताया कि लंबे समय से प्रतीक्षित सुधार को अब सफलतापूर्वक लागू कर दिया गया है, जिससे यह सुनिश्चित हो गया है कि आधार कार्ड में लद्दाख की विशिष्ट क्षेत्रीय पहचान का सही प्रतिनिधित्व हो। उपराज्यपाल ने कहा कि इस बदलाव से प्रक्रियात्मक बाधाओं को दूर करके और सेवाओं तक निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करके लद्दाख के निवासियों को काफी लाभ होगा।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज आपको कार्यक्षेत्र में सहयोग प्राप्त होगा। योजनाएं धीरे-धीरे सफल होती दिखेंगी। आवश्यक व्यय पर नियंत्रण रखें।

**वृष** — आज का दिन आपके लिए अनुकूल प्रभाव रखता है। धन प्राप्ति के योग हैं। सामाजिक कार्यों में भागीदारी से सम्मान मिलेगा।

**मिथुन** — आज आपका संवाद कौशल प्रभावशाली रहेगा। संचार और बातचीत से लाभ होगा। कोई पुराना निवेश लाभदायक सिद्ध हो सकता है।

**कर्क** — आज मन में भावनात्मक स्थिरता बनाए रखें। खर्चों को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है। किसी निर्णय के प्रति दुविधा हो सकती है।

**सिंह** — आज आपकी मेहनत का परिणाम मिलेगा। वरिष्ठों से सहायता मिलने की संभावना है। किसी नए प्रोजेक्ट में भाग लेने के योग हैं।

**कन्या** — आज अनुशासन और योजनाबद्ध कार्यों का लाभ मिलेगा। वित्तीय मामलों में आपको सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**तुला** — आज आपको संचार कौशल से लाभ होगा। साझेदारी या समूह कार्यों में आपके विचारों को सराहा जाएगा। संबंधों में संतुलन बना रहेगा।

**वृश्चिक** — आज आपकी इच्छाशक्ति और लक्ष्य-प्राप्ति की क्षमता मजबूत रहेगी। पुरानी नकारात्मक स्थितियों से छुटकारा मिलेगा।

**धनु** — आज का दिन आपके लिए प्रगतिशील रहेगा। कार्यक्षेत्र में सम्मान और सहयोग मिलेगा। मन में उत्साह बना रहेगा।


**मकर** — आज आप अपने कर्तव्यों के प्रति गंभीरता व अनुशासन दिखाएंगे। कार्य सिद्धि के संकेत हैं। सामाजिक सम्मान में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — आज आपके विचार अभिनव और रचनात्मक रहेंगे। प्रतियोगिता या परीक्षा से जुड़े कार्यों में लाभ मिलेगा। धनलाभ के संकेत हैं।

**मीन** — आज आपको शुभ समाचार मिलेगा। व्यापार में नई शुरुआत करने के अच्छी संभावना बन रही है। स्वास्थ्य में सुधार के संकेत हैं।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 12 अप्रैल, रविवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, दशमी 13 अप्रैल 01.16 तक तत्पश्चात एकादशी।

**दिशाशूल**-पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**-श्रवण 15 .14 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

### सुडोकू - 116 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 4 | 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 8 |
| 5 | 2 | 9 | 8 | 4 | 1 | 3 | 7 | 6 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 5 | 1 | 3 | 7 | 2 | 6 | 8 | 9 |
| 9 | 3 | 8 | 1 | 5 | 6 | 2 | 4 | 7 |
| 2 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 | 1 | 3 | 5 |
| 6 | 7 | 2 | 9 | 3 | 4 | 8 | 5 | 1 |
| 1 | 4 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 9 | 2 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 |

### सुडोकू -117

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
|  | 8 |  | 2 | 6 |  | 4 |  |  |
| 9 |  |  |  |  |  | 5 |  |  |
|  |  |  | 4 |  |  |  | 1 | 7 |
|  | 3 |  |  |  | 8 |  |  | 4 |
|  |  | 6 |  |  |  | 7 |  |  |
| 1 |  |  | 7 |  |  |  | 9 |  |
|  | 4 |  |  |  | 3 |  |  | 8 |
|  |  | 2 |  |  | 4 |  |  | 6 |
|  |  | 5 |  | 7 |  |  | 4 |  |

## निदान


**पार्किंसंस रोगियों के इलाज में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के चिकित्सा विशेषज्ञों की सलाह**

# डीबीएस रेफरल में देरी से सीमित हो जाते हैं उपचार के नतीजे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के विशेषज्ञों ने कहा है कि स्पष्ट नैदानिक दिशा-निर्देशों के बावजूद, भारत में पार्किंसंस रोग के कई रोगियों को डीप ब्रेन स्टिमुलेशन (डीबीएस) के लिए बहुत देर से रेफर किया जाता है, जिससे इस प्रक्रिया के संभावित लाभ सीमित हो जाते हैं।

डीबीएस पार्किंसंस की बीमारी के इलाज के लिए एक सुस्थापित शल्य चिकित्सा पद्धति है। इसकी सिफारिश सावधानीपूर्वक चयनित उन रोगियों के लिए की जाती है जो लेवोडोपा, जो इस बीमारी के प्रबंधन के लिए सबसे प्रभावी दवा है, के प्रति खराब प्रतिक्रिया देते हैं। अनुकूलित चिकित्सा उपचार के बावजूद उतार-चढ़ाव और डिस्किनेसिया जैसी अक्षम करने वाली मोटर जटिलताएं विकसित होती हैं और साथ ही अप्रत्याशित ऑन-ऑफ अवधि संबंधी विकार पैदा होते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक ऑन अवधि वह समय है जब दवा से पार्किंसंस के लक्षण अच्छी तरह से नियंत्रित होते हैं, जबकि ऑफ अवधि वह समय है जब दवा का असर खत्म हो जाता है और लक्षण (जैसे अकड़न, कंपन और सुस्ती) फिर से प्रकट हो जाते हैं। दिल्ली स्थित एम्स में न्यूरोसर्जरी और गामा नाइफ विभाग के अध्यक्ष डॉ. पी. शरत चंद्र ने विश्व पार्किंसंस दिवस पर बताया कि डीबीएस से दवा की खुराक कम हो जाती है और डिस्किनेसिया (दवा के कारण शरीर में होने वाली असामान्य हरकतें), मतिभ्रम, मतली और निम्न रक्तचाप जैसी जटिलताओं से बचाव होता है। इससे कई दवाओं की खुराक कम करने में भी मदद मिलती है। उन्होंने कहा लेकिन वास्तविकता यह है कि रेफरल करने की परिपाटी असंगत बनी हुई है।



### मरीजों को बीमारी के लक्षण विकसित होने के पूर्व करें रेफर

डॉ. शरत चंद्र ने कहा कि भारत में कई मरीजों को बीमारी के लक्षण विकसित होने के बाद रेफर किया जाता है, खासतौर पर जब चलने में अकड़न और शारीरिक अस्थिरता जैसे अक्षीय लक्षण पहले ही प्रकट हो चुके होते हैं, जो कि डीबीएस के प्रति खराब प्रतिक्रिया देने वाले लक्षण माने जाते हैं। इस देरी का एक प्रमुख कारण डीबीएस को अंतिम उपाय चिकित्सा के रूप में व्यापक रूप से देखा जाना है, न कि एक ऐसे हस्तक्षेप के रूप में जिसे मोटर संबंधी जटिलताएं शुरू होने के दौरान लेकिन अपरिवर्तनीय दिव्यांगता होने से पहले शुरू करना सबसे अच्छा होता है।

## बांग्लादेश में खसरे से अब तक 145 बच्चों की गई जान

**सिलहट।** बांग्लादेश में खसरे के बढ़ते प्रकोप के बीच पिछले 24 घंटों के भीतर ढाका और सिलहट में दो और बच्चों की मौत हो गई है, जिससे हताहतों की संख्या में और वृद्धि हुई है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के आंकड़ों के अनुसार, 15 मार्च से अब तक खसरे जैसे लक्षणों के कारण कुल 145 बच्चों की मौत हो चुकी है। इनमें से 24 मौतों की पुष्टि आधिकारिक तौर पर खसरे से होने के रूप में हुई है। पिछले 24 घंटों के दौरान अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या में भारी उछाल देखा गया है।



"तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी महज एक नंबर है और वह किसी भी क्रम पर उतरने के लिये तैयार हैं। मैं पिछले साल पांचवें छठे नंबर पर बल्लेबाजी कर रहा था। आखिर में तो लक्ष्य मैच जीतना होता है। प्रबंधन ने मुझ पर भरोसा करके ऊपर भेजा है।
-ध्रुव जुरेल


# स्टेडियम

बरेली, रविवार, 12 अप्रैल 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


## IPL 2026
### आज के मुकाबले

लखनऊ सुपर जाएंट्स
बनाम
गुजरात टाइटंस
समय - दोपहर 3:30 बजे

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
बनाम
मुंबई इंडियंस
समय - शाम 7:30 बजे

# संजू सैमसन के शतकीय प्रहार से चेन्नई का घर पर हुआ श्रीगणेश

## आईपीएल-2026 : दिल्ली कैपिटल्स को 23 रनों से हराया, जैमी ने झटके 4 विकेट

चेन्नई, एजेंसी

संजू सैमसन की नाबाद शतकीय पारी के बाद जैमी ओवरटन की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में शनिवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को 23 रन से हराकर मौजूदा सत्र में पहली जीत का स्वाद चखा।

आईपीएल के मौजूदा सत्र में अपनी निराशाजनक शुरुआत को पीछे छोड़ते हुए सैमसन ने 56 गेंदों की नाबाद पारी में 15 चौकों और चार छक्कों की मदद से 115 रन बनाए। उन्हें दूसरे छोर से आयुष महात्रे का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने रिटायर आउट होने से पहले 36 गेंदों में तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से 59 रन बनाए। सैमसन के आईपीएल करियर का यह चौथा शतक और सुपरकिंग्स के लिए पहला शतक है। सुपरकिंग्स ने दो विकेट पर 212 रन बनाने के बाद कैपिटल्स को आखिरी गेंद पर 189 रन पर ऑल आउट कर दिया और अपने घरेलू मैदान पर लगातार छह हार के बाद जीत दर्ज की।

चार मैचों में पहली जीत से सुपरकिंग्स की टीम अंक तालिका में नौवें स्थान पर पहुंच गई, जबकि दिल्ली कैपिटल्स चार मैचों में दूसरी हार के बाद चौथे स्थान पर है। कैपिटल्स के लिए ट्रिस्टन स्टब्स ने 38 गेंदों में चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 60 रन की पारी खेली। पथुम निसंका ने 41 रन का योगदान दिया, लेकिन यह टीम के लिए काफी साबित नहीं हुआ। ओवरटन ने बल्लेबाजों के लिए आसान परिस्थितियों में चार ओवर में महज 18 रन देकर चार विकेट लिए। उन्हें अंशुल कंबोज का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने चार ओवर में 35 रन देकर तीन विकेट लिए। मैच में दोनों टीमों के क्षेत्ररक्षण ने बड़ा अंतर पैदा किया। कैपिटल्स ने जहां कैच पकड़ने और रन आउट करने के कुछ आसान मौके गंवाए, वहीं सुपरकिंग्स के क्षेत्ररक्षकों ने शानदार कैच लपके। लक्ष्य का पीछा करते हुए निसंका और लोकेश राहुल (18) ने दिल्ली कैपिटल्स को तेज शुरुआत दिलाई। निसंका ने दूसरे ओवर में खलील अहमद के खिलाफ एक छक्का और दो चौके लगाए, तो वहीं राहुल ने अकील हुसैन की लगातार गेंदों पर चौका और छक्का जड़कर आक्रामक तेवर दिखाए। राहुल ने अगले ओवर में कंबोज का स्वागत चौके से किया, जबकि निसंका ने ओवर का अंत लगातार गेंदों पर चौके और छक्के से किया, जिससे टीम ने चार ओवर के अंदर ही 50 रन पूरे कर लिए। खलील ने राहुल को चलता कर मौजूदा सत्र का अपना पहला विकेट झटका, तो वहीं कंबोज ने छठे ओवर में निसंका को आसान जीवनदान मिलने के बाद अगली गेंद पर चलता कर टीम को नुकसान से बचा लिया।

मौजूदा सत्र का पहला मैच खेल रहे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह की पहली गेंद पर ही सरफराज खान ने पॉइंट पर शानदार कैच लपककर अक्षर पटेल (1) को चलता किया, तो वहीं ओवरटन ने शानदार लय में चल रहे समीर रिजवी (6) को डेवाल्ड ब्रेविस के हाथों कैच कराया। इस विकेट के साथ ही दिल्ली का स्कोर बिना किसी नुकसान के 61 रन से चार विकेट पर 76 रन हो गया। अनुभवी डेविड मिलर (17) और ट्रिस्टन स्टब्स क्रीज पर थे। स्टब्स ने गुरजपनीत, तो वहीं मिलर ने नूर अहमद पर छक्का लगाकर 11वें ओवर में टीम के रनों का सैकड़ा पूरा किया। स्टब्स ने खलील के खिलाफ अपना दूसरा छक्का जड़ा।



जीत का जश्न मनाते चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाड़ी। एजेंसी

### चेन्नई सुपरकिंग्स

**212/2** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| संजू सैमसन नाबाद | 115 |
| रुतुराज का निसंका बो अक्षर | 15 |
| आयुष महात्रे रिटायर्ड आउट | 59 |
| शिवम दुबे नाबाद | 20 |

**अतिरिक्त :** 03, **गेंदबाजी :** नबी 2-0-17-0, मुकेश 4-0-37-0, अक्षर 4-0-39-1, नटराजन 4-0-54-0, एनगिड़ी 4-0-41-0, कुलदीप 2-0-24-0

### दिल्ली कैपिटल्स

**189/10** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| पथुम निसंका का ब्रेविस बो कंबोज | 41 |
| लोकेश राहुल का ओवरटन बो खलील | 18 |
| समीर रिजवी का बेविस बो ओवरटन | 06 |
| अक्षर पटेल का सरफराज बो गुरजपनीत | 01 |
| डेविड मिलर बो ओवरटन | 17 |
| ट्रिस्टन स्टब्स का नूर बो ओवरटन | 60 |
| आशुतोष शर्मा का कंबोज बो नूर | 19 |
| औकिब नबी का हुसैन बो ओवरटन | 04 |
| कुलदीप यादव का ब्रेविस बो कंबोज | 04 |
| लुंगी एनगिडी का गुरजपनीत बो कंबोज | 03 |
| टी नटराजन नाबाद | 01 |

**अतिरिक्त :** 15, **गेंदबाजी :** अकील हुसैन 2-0-20-0, खलील 3-0-40-1, कंबोज 4-0-35-3, गुरजपनीत 4-0-39-1, ओवरटन 4-0-18-4, नूर 3-0-36-1

**115** रनों की शतकीय पारी संजू सैमसन ने 56 गेंदों पर खेली, जिसमें 15 चौके और 4 छक्के शामिल हैं। ये आईपीएल-2026 का पहला शतक है

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान रॉयल्स | 4 | 4 | 0 | 0 | 8 | 2.055 |
| 2. | पंजाब किंग्स | 4 | 3 | 0 | 1 | 7 | 0.720 |
| 3. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | 1.231 |
| 4. | दिल्ली कैपिटल्स | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | 0.322 |
| 5. | लखनऊ सुपर जाइंटस | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | -0.359 |
| 6. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 4 | 1 | 3 | 0 | 2 | -0.024 |
| 7. | गुजरात टाइटंस | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | -0.270 |
| 8. | मुंबई इंडियंस | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | -0.715 |
| 9. | चेन्नई सुपर किंग्स | 4 | 1 | 3 | 0 | 2 | -1.532 |
| 10. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 4 | 0 | 3 | 1 | 1 | -1.315 |

### ऑरेंज कैप



वैभव सूर्यवंशी
राजस्थान - 200 रन
हेनरिक क्लासेन
हैदराबाद- 184 रन
यशस्वी जायसवाल
राजस्थान-183 रन

### पर्पल कैप



रवि विश्नोई
राजस्थान- 9 विकेट
अंशुल कंबोज
चेन्नई - 8 विकेट
प्रसिद्ध कृष्णा
गुजरात - 6 विकेट

## वैभव सूर्यवंशी पंद्रह बरस की उम्र में काफी परिपक्व हैं : भुवनेश्वर

गुवाहाटी, एजेंसी : रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने कहा कि वैभव सूर्यवंशी की उम्र भले ही 15 साल हो लेकिन वह काफी परिपक्वता और स्पष्टता के साथ बल्लेबाजी करते हैं। सूर्यवंशी ने आरसीबी के खिलाफ 26 गेंद में 78 रन बनाकर राजस्थान रॉयल्स को छह विकेट से जीत दिलाई। भुवनेश्वर ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा जिस तरह से वह शॉट्स खेलता है, वह बाकायदा क्रिकेट शॉट होते हैं। 15 वर्ष की उम्र में वह काफी परिपक्व है। जिस तरह से वह बल्लेबाजी कर रहा है, हमें उसे इसका श्रेय देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि आरसीबी कभी भी पूरी तरह से दबाव में नहीं थी। उन्होंने कहा यह टी20 मैच है। वह युवा है और अच्छी बल्लेबाजी कर रहा है। वह परिपक्वता से बल्लेबाजी कर रहा है लेकिन हमें कभी भी यह नहीं लगा कि हम पर पूरी तरह से दबाव बन गया है।

### विराट कोहली का संदेश- प्रिय वैभव बेहतरीन प्रदर्शन

गुवाहाटी। एक युवा क्रिकेटर के लि, सुपरस्टार विराट कोहली से मिली प्रशंसा किसी वरदान से कम नहीं है और आईपीएल में एक और शानदार प्रदर्शन करने वाले वैभव सूर्यवंशी को यह मौका मिला। पंद्रह वर्ष के सूर्यवंशी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 26 गेंद में 78 रन बनाकर राजस्थान रॉयल्स को छह विकेट से जीत दिलाई। मैच के बाद कोहली ने वैभव की कैप पर हस्ताक्षर करके खास संदेश लिखा प्रिय वैभव, शानदार प्रदर्शन। इस पारी से सूर्यवंशी आरेंज कैप भी पहन चुके हैं।

## हाईलाइट

### निशानेबाज सैन्यम का विश्व कप में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** भारतीय निशानेबाज सैन्यम ने आईएसएसफ विश्व कप के एक चरण में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए स्पेन के ग्रेनाडा में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में पांचवां स्थान हासिल किया। जूनियर विश्व और एशियन चैंपियन रह चुकी सैन्यम ने फाइनल में 178.9 का स्कोर किया। एशियाई खेलों की मौजूदा चैंपियन पलक भी फाइनल में पहुंचीं और सातवें स्थान पर रहीं। 24 शॉट के फाइनल में 14वें शॉट के बाद 137.9 के स्कोर के साथ वह प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। चीन की शेन यियाओ ने 244.2 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। सैन्यम ने क्वालीफिकेशन दौर में 582 का स्कोर किया और 83 निशानेबाजों के बीच तीसरा स्थान हासिल किया।

### एशियाई युवा टेबल टेनिस में भारतीयों ने जीते 13 स्वर्ण पदक

**शिमला।** भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ियों ने शनिवार को यहां दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में अलग-अलग वर्ग में 13 स्वर्ण पदक जीतकर अपना क्षेत्रीय दबदबा साबित कर दिया। यह टूर्नामेंट एशियाई युवा चैंपियनशिप के लिए क्वालीफायर भी है। भारत के प्रियनुज भट्टाचार्य ने अंडर-19 लड़कों के एकल फाइनल में हमवतन पुनीत बिस्वास को 3-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। युगल में एमआर बालमुरुगन और मेहान सेंथिल ने पहले गेम में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बांग्लादेश के अबुल हसीब और नफीज इकबाल को हराकर खिताब अपने नाम किया। अंडर-15 लड़कों के वर्ग में आदित्य दास ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में हमवतन खिलाड़ी अक्षय किरिकारा को हराया।

### अभिमन्यु ने एशियन रेसलिंग में जीता स्वर्ण

**बिश्केक।** सीआईएसएफ सेंट्रल रेसलिंग टीम के हिसार, हरियाणा के 24 साल के रेसलर, हेड कांस्टेबल अभिमन्यु ने किर्गिस्तान के बिश्केक में एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप में 70 किग्रा फ्रीस्टाइल कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीतकर फोर्स और देश का नाम रोशन किया है। मैट पर ज़बरदस्त स्किल, पक्का इरादा और धैर्य दिखाते हुए, अभिमन्यु ने अपने विरोधियों को हराकर यह शानदार जीत हासिल की। वह अभी वर्ल्ड नंबर 3 पर हैं।

## अय्यर के धमाल से पंजाब जीता

मुल्लांपुर, एजेंसी

पंजाब किंग्स ने कप्तान श्रेयस अय्यर की 33 गेंद में 69 रन की नाबाद पारी से शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को छह विकेट से हराकर अपनी तीसरी जीत दर्ज की।

सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य (57 रन) और प्रभसिमरन सिंह (51 रन) की पारियों के बाद 'प्लेयर ऑफ द मैच' अय्यर ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए टीम को दबाव में नहीं आने दिया। उनकी पारी में पांच छक्के और इतने ही चौके जड़े थे। इससे टीम ने 18.5 ओवर में चार विकेट पर 223 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। सनराइजर्स हैदराबाद ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा (74 रन) के अर्धशतक और ट्रेविस हेड के साथ पहले विकेट के लिए 50 गेंद में 120 रन की साझेदारी से छह विकेट पर 219 रन का स्कोर खड़ा किया। सनराइजर्स हैदराबाद के बाएं हाथ के कलाई स्पिनर शिवांग कुमार ने पंजाब किंग्स के शुरूआती तीनों विकेट अपनी झोली में डाले लेकिन पंजाब किंग्स को जीत दर्ज करने से नहीं रोक सके। यह हैदराबाद की लगातार दूसरी हार है। प्रियांश (पांच चौके, पांच छक्क) और प्रभसिमरन (चार चौके, चार छक्के) ने मिलकर पावरप्ले में बिना विकेट गंवाए 93 रन जोड़े। सातवें ओवर में प्रियांश की पारी खत्म हुई। प्रियांश ने शिवांग की पहली ही गेंद पर डीप मिड विकेट के ऊपर से स्वीप शॉट लगाते हुए छक्का जड़ा, लेकिन जब उन्होंने लगातार दूसरी गेंद पर भी ऐसा ही करने की कोशिश की, तो गेंद सीधे क्षेत्ररक्षक के हाथों में समां गई। इस तरह दोनों के बीच 6.2 ओवर में पहले विकेट के लिए 99 रन की भागीदारी का अंत भी हुआ।



शॉट लगाते पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर। एजेंसी

### सनराइजर्स हैदराबाद

**219/6** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| अभिषेक शर्मा का अर्शदीप बो शशांक | 74 |
| ट्रेविस हेड का बार्टलेट बो शशांक | 38 |
| ईशान किशन का यानसेन बो अर्शदीप | 27 |
| हेनरिक क्लासेन का कोनोली बो बार्टलेट | 39 |
| अनिकेत वर्मा रन आउट | 18 |
| सलिल अरोड़ा का बार्टलेट बो अर्शदीप | 09 |
| नीतिश कुमार रेड्डी नाबाद | 00 |
| हर्ष दुबे नाबाद | 01 |

**अतिरिक्त :** 13, **गेंदबाजी :** अर्शदीप 4-0-50-2, बार्टलेट 4-0-42-1, यानसेन 4-0-40-0, विशाक 2-0-33-0, शशांक 3-0-20-2, चहल 3-0-33-0

### पंजाब किंग्स

**223/4** (18.5 ओवर)

| | |
|---|---|
| प्रियांश आर्य का रेड्डी बो शिवांग | 57 |
| प्रभसिमरन सिंह का क्लासेन बो शिवांग | 51 |
| कूपर कोनोली का वर्मा बो शिवांग | 11 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 69 |
| नेहाल वढेरा बो हर्ष दुबे | 14 |
| शशांक सिंह नाबाद | 16 |

**अतिरिक्त :** 05, **गेंदबाजी :** हर्ष दुबे 4-0-38-1, उनादकट 3-0-40-0, मलिंगा 3-0-46-0, हर्षल पटेल 2-0-39-0, शिवांग कुमार 4-0-33-3, नीतिश कुमार रेड्डी 2-0-20-0, अभिषेक शर्मा 0.5-0-7-0

## लखनऊ सुपर जाएंट्स के लिए घरेलू रिकॉर्ड चिंता का विषय

- गुजरात के खिलाफ लय पाने की करेगा कोशिश
- मुकुल चौधरी की बल्लेबाजी पर रहेगी नजर

लखनऊ, एजेंसी

लखनऊ सुपर जाएंट्स को मुकुल चौधरी के रूप में एक नया स्टार मिल गया है, लेकिन आईपीएल में गुजरात टाइटंस के खिलाफ रविवार को होने वाले मुकाबले से पहले उसके लिए घरेलू मैदान पर खराब रिकॉर्ड बड़ी चिंता का विषय बना हुआ है।

एलएसजी और गुजरात टाइटंस ने अपने पिछले दोनों मैच जीते हैं, जिससे उनका मनोबल बढ़ा होगा। गुजरात ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ एक रन की रोमांचक जीत दर्ज की थी जिससे उसने अपना खाता भी खोला। एलएसजी ने सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ उनके मैदानों पर प्रभावशाली जीत दर्ज की। हालांकि एलएसजी एकाना में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया है। उसे अगर इसे अपना मजबूत गढ़ बनाना है तो खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

### अपने गढ़ में आरसीबी के खिलाफ जीत की राह पर लौटने उतरेगी मुंबई



मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या (बाएं) और कोच महेला जयवर्धने।

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग में अपने अभियान की धीमी शुरुआत के बाद मुंबई इंडियंस रविवार को वानखेड़े स्टेडियम पर गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से खेलेगी तो उसका लक्ष्य अपने गढ़ में जीत की राह पर लौटने का होगा। तेरह सत्र में पहली बार मुंबई ने आईपीएल में जीत के साथ शुरूआत करते हुए दो सप्ताह पहले यहां कोलकाता नाइट राइडर्स को छह विकेट से हराया। पांच बार की चैम्पियन टीम हालांकि उसके बाद लय कायम नहीं रख सके और दूसरे मैदान पर दोनों मैच बड़े अंतर से हारने के बाद अब खराब रन रेट (माइनस 0.715) के साथ आठवें स्थान पर है।

## अंकिता की हार से भारत की विश्व ग्रुप प्लेऑफ की उम्मीदें खत्म

**बिली जीन किंग कप**

नई दिल्ली, एजेंसी

अंकिता रैना की शनिवार को यहां दक्षिण कोरिया की डेयोन बैक के हाथों सीधे सेटों में हार के साथ ही भारत की बिली जीन किंग कप (बीजेकेसी) टेनिस टूर्नामेंट के विश्व ग्रुप के प्लेऑफ में जगह बनाने की उम्मीदें खत्म हो गई।

भारतीय टीम दिन की शुरुआत में तालिका में चौथे स्थान पर थी और उसे शीर्ष दो में जगह बनाने के लिए कोरिया पर 3-0 से जीत की जरूरत थी। कप्तान विशाल उप्पल ने इस महत्वपूर्ण मुकाबले की शुरुआत के लिए सबसे अनुभवी खिलाड़ी अंकिता को चुना, लेकिन डेयोन बैक ने यह मुकाबला जीत कर भारत की उम्मीद पर पानी फेर दिया। विश्व में 581वीं रैंकिंग की खिलाड़ी 33 वर्षीय अंकिता ने 343वीं रैंकिंग वाली कोरियाई खिलाड़ी के खिलाफ पहला सेट आसानी से गंवा दिया लेकिन दूसरे सेट में उन्होंने कड़ी चुनौती पेश की। आखिर में हालांकि उन्हें एक घंटे 55 मिनट तक चले मैच में 1-6, 5-7 से हार का सामना करना पड़ा। अंकिता ने इस टूर्नामेंट में इससे पहले कोई एकल मैच नहीं खेला था। वह केवल युगल में ही प्रतिस्पर्धा कर रही थीं। भारत अब शेष दो मैच जीतने का प्रयास करेगा।



दक्षिण कोरिया की डेयोन बैक को बधाई देतीं भारत की अंकिता रैना। एजेंसी

**बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप**

विश्व नंबर एक व गत चैंपियन कुनलावत वितिदसर्न को तीन गेमों में दी शिकस्त

## एक और उलटफेर के सहारे आयुष शेट्टी फाइनल में

निंगबो (चीन), एजेंसी

भारतीय बैडमिंटन इतिहास की नई सनसनी आयुष शेट्टी ने यहां बैंक ऑफ निंगबो बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप में शनिवार को इतिहास दोहराया, जब वह मौजूदा चैम्पियन व विश्व नंबर एक थाई स्टार कुनलावुत वितिदसार्न को भी स्तब्ध करते हुए पुरुष एकल फाइनल में जा पहुंचे।

**दिनेश खन्ना के बाद फाइनल तक पहुंचने वाले पहले भारतीय :** बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग में 25वें नंबर के शटलर आयुष यहां पुरुष एकल फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे और 1965 के बाद पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। 1965 में दिनेश खन्ना यहां खिताब जीतने वाले पहले भारतीय शटलर बने थे। खन्ना ने बाद में 1969 में कांस्य पदक जीता। उनके अलावा सुरेश गोयल (1965), प्रकाश पादुकोण (1976), पुलेला गोपीचंद (2000), अनूप श्रीधर (2007) व एचएस प्रणय (2018) भी इस चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीत चुके हैं।

**पहला गेम गंवाने के बाद शेट्टी की असाधारण वापसी :** मेंगलुरु में जन्मे 20 वर्षीय शेट्टी ने निंगबो ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर के कोर्ट नंबर एक पर पहला गेम गंवाने के बाद असाधारण वापसी की और एक घंटा 15 मिनट की कश्मकश के बाद पेरिस ओलम्पिक 2024 के रजत पदक विजेता वितिदसार्न को 10-21, 21-19, 21-17 से हरा दिया। आयुष ने बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप में भारतीय शटलरों के पोडियम पर पहुंचने का इंतजार भी खत्म कर दिया। इससे पहले अंतिम मेडल 2023 में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल टीम ने जीता था।

**आयुष की अब दूसरी सीड शी यू की से होगी खिताबी टक्कर :** मौजूदा अमेरिकी ओपन सुपर 300 चैम्पियन आयुष की अब रविवार को दूसरी सीड चीनी दिग्गज शी यू की से खिताबी टक्कर होगी, जिन्होंने चतुर्थ वरीय चीनी ताइपे के चोउ तिएन चेन को 21-9, 21-3 से शिकस्त दी।



### भारत के पूर्व मुख्य कोच विमल कुमार ने की तारीफ

भारत के पूर्व मुख्य कोच और सेंटर फार बैडमिंटन एक्सीलेंस के डायरेक्टर विमल कुमार ने भारतीय शटलर के पदर्शन का जिक्र करते हुए बताया आयुष ने हालात को अच्छे से संभाला। ऐसा लगा कि अपने अटैकिंग स्टाइल से वह कुनलावुत पर हावी हो गए और इसका उन्होंने समझदारी से फयदा उठाया।

**सिंधु व लक्ष्य सहित अन्य भारतीयों ने किया निराश :** हालांकि टूर्नामेंट में उतरने अन्य भारतीय शटलरों ने निराश किया। दो बार की ओलम्पिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु दूसरे राउंड में हार गईं जबकि मौजूदा समय देश के शीर्षस्थ पुरुष शटलर लक्ष्य सेन पहले ही राउंड में बाहर हो गए।